वैशाख कृष्ण पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-245, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान 16
पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज 15

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
4/- प्रतिदिन
फोन: 0512- 2548300

### आंवला के आलमपुर जाफराबाद में बोले प्रधानमंत्री, कहा- सपा को टिकट देने के लिए परिवार से बाहर कोई नहीं मिला

# ओबीसी का हक छीनना चाहते हैं दो शहजादे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ओबीसी बाहुल्य आंवला लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस ओबीसी से जुड़े मुद्दों पर ही रहा। आलमपुर जाफराबाद में बृहस्पतिवार को उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में दो शहजादे की जोड़ी ओबीसी का हक छीनना चाहती है। दोनों की दोस्ती तुष्टीकरण की राजनीति की वजह से है। वे भाषणों में तो ओबीसी को हक देने की बात कहते हैं लेकिन पिछले दरवाजे से उनका हक दूसरों को देना चाहते हैं। सपा पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया।

आंवला और बदायूं लोकसभा क्षेत्र की संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टीकरण के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। कांग्रेस का खतरनाक पंजा आपका हक छीनने वाला है।

कांग्रेस का इरादा ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण छीनकर उसका हिस्सा अपनी खास पसंद की वोट बैंक को देने का है। ओबीसी का यह हक को छीनकर उसे वोट बैंक की राजनीति को मजबूत करने के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कांग्रेस के इस इरादे पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध ली है। प्रधानमंत्री ने कहा, याद करिए उत्तर प्रदेश में 2012 में हुए विधानसभा चुनाव के पहले यूपीए सरकार ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम किया था। उस समय वे सफल नहीं हुए, लेकिन अब फिर मिलकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने में जुट गए हैं। बोले, मैं ओबीसी का आरक्षण कांग्रेस को छीनने नहीं दूंगा।

सपा पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि सपा को अपने परिवार के बाहर कोई ऐसा यादव नहीं मिला, जिसे वह टिकट दे सके। प्रधानमंत्री के साथ मंच पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सांसद संतोष गंगवार, बदायूं की सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य, आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप, बदायूं के प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य, मंत्री धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



आलमपुर जाफराबाद स्थित सैनिक पड़ाव मैदान में जनसभा को समबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंवला लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं लोकसभा प्रत्याशी दुग्विजय शाक्य की जिताने की अपील।

### कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि कल से नया नारा आया है, कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस की नजर देश की जनता की संपत्ति पर है। वह संपत्ति की जांच कराएगी। उसने घोषणा की है कि अगर किसी ने चार कमरे का मकान बनाया और उसमें बेटा रह रहा है तो वह दो कमरे जब्त कर लेगी। गांव में किसी के पास 10 बीघा जमीन है तो पिता के न रहने पर पांच बीघा जमीन भी जब्त कर लेगी। उसी सपा के साथ मिलकर अब कांग्रेस महिलाओं के मंगलसूत्र छीनने की बात कह रही है।

### धर्मेंद्र का हौसला बढ़ाया, दुर्विजय के लिए मांगे वोट

प्रधानमंत्री ने संबोधन से पहले आंवला के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप से पूछा कि चुनाव कैसा चल रहा है। कौन- कौन से क्षेत्र हैं और बाकी जगह क्या समीकरण हैं। इसके बाद पीठ थपथपाकर उनकी हौसला अफजाई की और फिर भीड़ देखकर बोले, इस बार आपकी हैट्रिक है। संबोधन के दौरान लोगों से भी प्रधानमंत्री ने कहा कि आंवला से प्रत्याशी हमारे पुराने साथी धर्मेंद्र कश्यप और बदायूं से दुर्विजय शाक्य को आपका दिया वोट मोदी को ही जाएगा।

### योगी राज में नए अवसरों की धरती बन रहा यूपी

प्रधानमंत्री ने योगी आदित्यनाथ की भी प्रशंसा की। कहा, योगी और उनकी टीम जो मेहनत कर रही है, उससे यूपी की पहचान नए अवसरों की धरती के तौर पर बन रही है। योगी के नेतृत्व मे यूपी का भाग्य बदल रहा है। यूपी का सांसद होने के नाते उनके लिए यह गर्व की बात है। आंवला में नैनो यूरिया की फैक्ट्री है। ऐसे अनेक कारखाने उत्तर प्रदेश में लग रहे हैं। पहले जनता के हक का पैसा भ्रष्टाचारी लूट लेते थे लेकिन अब बरेली और बदायूं में विकास हो रहा है।

### दूसरे चरण का मतदान आज

# राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर


मणिपुर के जिरीबाम जिले में मतदान के लिए पोलिंग पार्टी नावों से मतदान केंद्र जाते हुए।

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** आम चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान कराने के लिये सभी आवश्यक तैयारी कर ली गयी हैं। इस दौरान कई दिग्गजों की साख दांव पर होगी। दूसरे चरण में इन सीटों के 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर कुल पंजीकृत 15.88 करोड़ से अधिक मतदाता 1206 प्रत्याशियों के चुनावी भविष्य का निर्णय करेंगे। मतदान सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा और शाम छह बजे समाप्त हो जायेगा। इसके लिये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को मतदान केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहुंचा दिया गया है। इस चरण में जिन उम्मीदवारों का भविष्य ईवीएम मशीनों में दर्ज होना है उनमें कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राजीव चंद्र शेखर, पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी शामिल हैं।

### उत्तर प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर आज पड़ेंगे वोट

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए सभी क्षेत्रों में पोलिंग पार्टियां पहुंच गईं हैं। मतदाताओं को गर्मी व लू से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। इस चरण में कुल 1,67,77,198 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव मैदान में कुल 91 प्रत्याशी हैं, जिसमें 10 महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। सकुशल मतदान कराने के लिए पुलिस सहित विभिन्न बलों के एक लाख से अधिक सुरक्षा कर्मियों को लगाया गया है।

## एक नजर

### भारतीय की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**सिंगापुर :** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक व्यक्ति की हत्या के मामले में यहां की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को चीनी मूल के एक सिंगापुरी नागरिक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 12 बेंत मारने की सजा सुनाई। चीनी मूल के नागरिक ने 2019 में एक नाइटक्लब के बाहर झगड़े के दौरान भारतीय मूल के नागरिक की हत्या कर दी थी। टेलीविजन समाचार चैनल न्यूज एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने मौत की सजा की मांग नहीं की। सिंगापुर में हत्या के अपराध की सजा फांसी या आजीवन कारावास है। यह घटना दो जुलाई 2019 को ऑर्चर्ड रोड के होटल और पर्यटकों के गढ़ क्षेत्र में नॉटी गर्ल क्लब के बाहर हुई।

### बारामूला में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक घायल

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस (कश्मीर क्षेत्र) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सोपोर जिला पुलिस के क्षेत्र में चेक मोहल्ला नौपोरा में मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के दौरान मुठभेड़ स्थल के पास एक नागरिक घायल हो गया। फारूक अहमद नाम के नागरिक को अस्पताल ले जाया गया है और अभियान अभी जारी है।

### सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में ढेर किए दो माओवादी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के बौध जिले में बृहस्पतिवार तड़के सुरक्षाबलों के साथ हुई एक मुठभेड़ में कम से कम दो माओवादी मारे गए। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अभियान) देव दत्त सिंह ने कहा कि माओवादियों और ओडिशा के विशिष्ट विशेष अभियान समूह (एसओजी) के जवानों के बीच कांतामल पुलिस थाने की सीमा क्षेत्र के तहत पारहेल आरक्षित वन क्षेत्र में गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा अभियान स्थल से दो माओवादियों के शव, हथियार, हथगोले और अन्य सामान बरामद किया गया है।

### धर्मार्थ न्यास को पंजीकरण आवेदन 30 जून तक बढ़ा

**नई दिल्ली :** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को धर्मार्थ और धार्मिक न्यासों के लिए कर अधिकारियों के पास पंजीकरण आवेदन जमा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ा दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों के लिए फॉर्म 10ए, फॉर्म 10एबी दाखिल करने की नियत तारीख को पहले भी कई बार बढ़ाया था। इसका आखिरी बार विस्तार 30 सितंबर, 2023 तक किया गया था। सीबीडीटी ने कहा कि ये फॉर्म जमा करने की तारीख को आगे बढ़ाने के अनुरोध पर विचार करते हुए और करदाताओं को वास्तविक परेशानियों से बचाने के लिए सीबीडीटी ने 10ए/फॉर्म 10एबी फॉर्म दाखिल करने की नियत तारीख 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है।

# कांग्रेस घुसपैठियों को देना चाहती है आमजन की संपत्तियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के संसाधनों को लगभग 60-65 वर्षों तक लूटा। अब उसकी नीयत आम जनता की संपत्ति पर लगी हुई है। इस कारण अब वह विरासत टैक्स की बात कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मुताबिक, यूपीए सरकार के दौरान देश व आम जनता के प्रति कांग्रेस की जो मानसिकता थी, वह कल एक बार फिर उजागर हुई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में भी कहीं न कहीं यह सब इशारे थे। सैम पित्रोदा ने कल जो बात कही है, 2011, 12, 13 में तत्कालीन मंत्री पी. चिदंबरम के द्वारा भी इन सब चीजों की बार-बार वकालत की जाती थी। योगी ने कहा कि एक तरफ यह टैक्स लादकर आम जनता को तबाह करेंगे। उनकी संपत्तियों को जबरन कब्जे में लेंगे, फिर घुसपैठिए को देंगे, जिनका भारत से कोई संबंध नहीं है। सैम पित्रोदा ने कांग्रेस के प्रयास की उसी मंशा को उजागर किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने आमजन से अपील की कि, कांग्रेस व इंडी गठबंधन के लोगों के मंसूबों को खारिज करने के लिए लोकतांत्रिक अधिकार का सही प्रयोग करें।


- विरासत टैक्स को लेकर मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस की मंशा पर सवाल खड़े किए

### वीवीपैट पर सुप्रीम फैसला आज

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से पडे. मतों के साथ वीवीपैट की पर्चियों की गिनती 100 फीसदी तक बढ़ाने की याचिका पर शुक्रवार को अपना फैसला सुनाएगा। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण मतदान के दौरान अपना फैसला सुनाएगी। पीठ ने 24 अप्रैल को उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं - प्रशांत भूषण, संतोष पॉल, संजय हेगड़े और अन्य की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# 5वें चरण के लिए आज से शुरू होंगे नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**20 मई को होगा मतदान**
- लखनऊ समेत आसपास के जिले शामिल
- लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट पर भी होगा नामांकन

**अमृत विचार :** 5वें चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू होंगे। इसके साथ ही लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी नामांकन होंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों के लिए मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा में चुनाव होना है। इस चरण की 14 लोकसभा सीटों में 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुलतानपुर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, ललितपुर, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच व बलरामपुर सहित 21 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 3 मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 4 मई को की जायेगी। 6 मई को नाम वापसी की अंतिम तारीख निर्धारित है। उन्होंने बताया कि इस चरण में 2.70 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.43 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं।

इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17128 मतदान केन्द्र व 28688 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार लखनऊ पूर्व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 4.59 लाख मतदाता हैं, जिसमें 2.40 लाख पुरुष मतदाता व 2.19 लाख महिला मतदाता हैं।

# जेईई मेंस में 56 छात्रों को 100 एनटीए स्कोर

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने बुधवार को इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए हुई जेईई-मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिसमें 56 परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। ऐसा करने वाले परीक्षार्थियों में सबसे अधिक तेलंगाना से हैं। एनटीए ने कहा कि परीक्षा में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल को लेकर 39 परीक्षार्थियों के जेईई-मुख्य परीक्षा देने पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया है। 10 लाख से अधिक परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी।

तेलंगाना के सर्वाधिक 15, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के सात-सात और दिल्ली के छह परीक्षार्थियों ने पूरा 100 एनटीए स्कोर हासिल किया। परीक्षा का पहला संस्करण जनवरी-फरवरी में जबकि दूसरा संस्करण अप्रैल में आयोजित किया गया था। जेईई-मुख्य परीक्षा एक और दो के परिणामों के आधार पर, परीक्षार्थियों को जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में बैठने के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता है। जेईई-एडवांस्ड 23 प्रमुख आईआईटी में प्रवेश के लिए होने वाली परीक्षा है।

### जज के पुत्र ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ :** हजरतगंज के बटलर पैलेस कॉलोनी निवासी एनआईए कोर्ट के विशेष जज के पुत्र अजितेश ने बुधवार देर रात आवास के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। एडीसीपी मध्य मनीषा ने बताया कि मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। अभी आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं है। परिजन ने लिखित में कोई कार्रवाई न करने की बात कही। मूलरूप से देवरिया के रहने वाले एडीजे विवेकानंद शरण त्रिपाठी पिछले वर्ष नवंबर माह से लखनऊ में सेवारत हैं। बताया जा रहा है कि बुधवार रात जेईई मेन्स 2024 का परीक्षा परिणाम आया था। नौकरानी सुषमा का कहना है कि अजितेश ने भी इस बार जेईई मेन्स की परीक्षा दी थी। माना जा रहा है कि परिणाम से निराश होकर अजितेश कमरे में गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। परिजन काफी देर तक दरवाजा खटखटाते रहे। जवाब नहीं मिलने पर परिजन दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो देखा अजितेश पंखे से पर्दे के फंदे से लटका मिला। आनन-फानन परिजन उसे नीचे उतारकर सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कन्नौज से अखिलेश ने भरा पर्चा


जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल को नामांकन पत्र सौंपते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कन्नौज कलेक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल कर दिया। उन्होंने कहा कि पहले चरण के मतदान से ही भाजपा की हार का सिलसिला शुरू हो गया है, इसलिए भाजपा के बड़े नेताओं की भाषा बदल गई है। अपनी कमियां छिपाने के लिए सरकार तरह-तरह के बहाने कर रही है।

उन्होंने कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला समाजवादियों ने रखी थी। भाजपा सरकार ने केवल नकारात्मकता और नफरत की राजनीति की है जिसे अब जनता जान चुकी है। गुरुवार को उन्होंने दोपहर 12 बजे राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे व अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर रिटर्निंग अफसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल के समक्ष नामांकन किया।

# मोदी, राहुल के विरुद्ध शिकायतों पर चुनाव आयोग ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी :** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक वक्तव्यों के जरिये आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन किये जाने के खिलाफ विभिन्न शिकायतों पर दोनों पार्टियों को गुरुवार को नोटिस जारी किया। चुनाव आयोग ने मोदी की विभिन्न चुनाव रैलियों में उनकी कुछ टिप्पणियों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से दर्ज कराई गयी शिकायतों पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष से अपने पार्टी के स्टार प्रचारकों को आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के प्रति सजग रहने की हिदायत देते हुये उनसे नोटिस का 29 तारीख तक जवाब मांगा है।

आयोग ने राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की शिकायतों पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस भेज कर उनसे भी 29 तारीख तक नोटिस का जवाब मांगा है।

# ग्राम निधि से खर्च किए करोड़ों, अब होगी जांच

- पंचायत चुनाव में प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने पर हुए थे नियुक्त, डीएम को जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों द्वारा ग्राम निधि से खर्च किए गए करोड़ों रुपये में फर्जी भुगतान की आशंका है। गोरखपुर के संजय मिश्रा की शिकायत पर सभी जिलों में जांच की जाएगी। दरअसल, दिसंबर में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था और चुनाव देर से हुए थे। इस बीच छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ प्रशासक नियुक्त हुए थे। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से कार्यों का भुगतान किया। 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए और 25 मई से शपथ ग्रहण कराई गई। इस 20 दिन के अंतराल में कुल 650 करोड़ रुपये का भुगतान ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर करना पाया गया। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने बताया कि सभी जिलाधिकारी को जांच के लिए लिखा है।

### सर्वाधिक खर्च पर चिह्नित हुईं थी टॉपटेन पंचायतें

पंचायत चुनाव के बाद सर्वाधिक धनराशि खर्च करने की बात सामने आई थी। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से सबसे ज्यादा धनराशि 25 लाख तक खर्च करने वाली जिलों की टॉपटेन ग्राम पंचायत चिह्नित कर जांच के लिए भेजी गईं थीं। जिलों पर जांच कराई थी।

### इन जिलों में सर्वाधिक भुगतान

बिजनौर 26 .66 करोड़, बहराइच 20 .74, जौनपुर 20 .30, बांदा 18 .99, सीतापुर 18 .25, कुशीनगर 18 .12, मुज्जफर नगर 14 .62, बुलंदशहर 17 .54, फतेहरपुर 17 .21, बाराबंकी 13 .80, आजमगढ़ 13 .38, प्रतापगढ़ 13, सहारनपुर 13 .59, बलिया 12 .69, जालौन 12 .29, प्रयागराज 12 .20, फिरोजाबाद 11 .86, झांसी 11 .67, मथुरा 11 .64, आगरा 11 .33, अयोध्या 11 .24, हरदोई 10 .97, लखीमपुर खीरी 10 .63, कासगंज 10, पीलीभीत 9, मुरादाबाद 8 .95, बदायूं 8 .76, अमेठी 8 .42, गोंडा 6 .64, गोरखपुर 5 .94, लखनऊ 5 .34, कानपुर नगर 5 .21, बरेली 3 .84, शाहजहांपुर 3 .66 करोड़ रुपये (रिपोर्ट के अनुसार)

### कांग्रेस ने हरियाणा की आठ लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार किये घोषित

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने हरियाणा से लोकसभा की आठ सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की गुरुवार देर रात घोषणा की। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में सभी उम्मीदवारों के नाम तय किए गए हैं। पार्टी ने अंबाला सुरक्षित से वरुण चौधरी, सिरसा सुरक्षित से कुमारी शैलजा, हिसार से जयप्रकाश, करनाल से दिव्यांशु बुद्धिराजा, सोनीपत से सतपाल ब्रह्मचारी, भिवानी महेंद्रगढ़ से राव धन सिंह, रोहतक से दीपेंद्र सिंह हुड्डा और फरीदाबाद से महेंद्र प्रताप को टिकट दिया गया है।

**नई पहल** प्रधान न्यायाधीश ने डिजिटलीकरण की दिशा में उठाया महत्वपूर्ण कदम

# व्हाट्सएप के जरिये मुकदमों की जानकारी देगा न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने डिजिटलीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए बृहस्पतिवार को घोषणा की कि उच्चतम न्यायालय व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से अधिवक्ताओं को वाद सूची और मामलों को दाखिल करने व सूचीबद्ध करने से संबंधित जानकारी साझा करेगा। इसका बहुत प्रभावशाली असर होगा और इस कदम से कागज व पृथ्वी को बचाने में भी मदद मिलेगी।

प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ ने याचिकाओं से उत्पन्न एक जटिल कानूनी सवाल पर सुनवाई शुरू करने से पहले न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने व्हाट्सएप को न्यायालय की सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) सेवाओं से जोड़ने की यह घोषणा की। याचिकाओं से यह सवाल निकलकर सामने आया कि क्या निजी संपत्तियों को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है, जो राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) का एक हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा उच्चतम न्यायालय की मौजूदगी के 75वें वर्ष में हमने एक छोटी सी योजना की शुरुआत की है। व्हाट्सएप हमारी रोजाना की जिंदगी में शामिल हो चुका है और इसने एक शक्तिशाली संचार सुविधा की भूमिका ले ली है। न्याय तक पहुंच के अधिकार को मजबूत बनाने और न्याय तंत्र में पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए उच्चतम न्यायालय अपनी आईटी सेवाओं को व्हाट्सएप के साथ जोड़ने की घोषणा करता है।' सीजेआई ने कहा इस पहल के अंतर्गत 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' और शीर्ष अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने वाले वादियों को मुकदमे को ऑनलाइन दाखिल करने, वाद सूची, आदेश और निर्णयों के संबंध में ऑटोमेटेड संदेश प्राप्त होंगे।



### अधिकारिक व्हाट्सएप नंबर किया सांझा

प्रधान न्यायाधीश ने शीर्ष अदालत का आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8767687676 साझा किया और कहा कि इस पर कोई संदेश और कॉल प्राप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि यह हमारी कामकाजी आदतों में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा और कागज के साथ ही हमारी पृथ्वी को बचाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के लिए सात हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

कानपुर। रायपुरवा थानाक्षेत्र में तलुआ मंडी के रहने वाले 40 वर्षीय अशोक कुमार प्राइवेट नौकरी करता था। अशोक के छोटे भाई विजय ने बताया कि वह रात में डयूटी करके घर लौट रहे थे, इसी दौरान कोपरगंज वाली रोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे हैलट पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### दो फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

कानपुर। चमनगंज पुलिस ने बलवा और अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे में फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चमनगंज थाने के तकिया पार्क चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार मिश्रा ने बताया कि सगे भाई रहमान और इमरान निवासी मोहम्मद अली पार्क गिरफ्तार किया गया है, वह काफी समय से फरार थे।

### दो मंजिल से गिरकर सीढ़ियों से घिसटे, मौत

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में पटेल नगर निवासी 50 वर्षीय राजबहादुर सिंह बुधवार सुबह 10 .30 बजे कृष्णापुरम स्थित मनोज इंटरनेशनल में बिजली का काम कर रहे थे, तभी वह दो मंजिला से गिरकर सीधे सीढ़ी से घिसटते हुए नीचे चले गए। सहकर्मी अमन अग्रवाल उन्हें लेकर निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां साढ़े चार बजे मौत हो गई। घटना के बाद बेटे सत्यम ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### दो नाबालिगों को सकुशल बरामद किया

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र में ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से कुछ ही घंटों में पुलिस ने दो नाबालिगों को सकुशल बरामद कर लिया। आईपीएस अमोल मुरकुट और मंडी चौकी प्रभारी की सूझबूझ से कुछ घंटों में 11वर्षीय और 12 वर्षीय निवासी जुगराजपुर को स्टेशन से बरामद करके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### पनकी में छात्रा का मोबाइल लूटा, रिपोर्ट दर्ज

कानपुर। पनकी थानाक्षेत्र के स्वराजनगर की रहने वाली अंशिता खरे ने पुलिस को बताया कि 25 अप्रैल को वह सुबह 9 .18 पर विश्वविद्यालय जा रही थी। तकरीबन 09 .20 पर तिकोनिया पार्क स्वराजनगर के पास पहुंची थी कि तभी दो डिस्कवर बाइक सवारों ने मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज की है। आसपास के कैमरों के फुटेज निकलवाए जा रहे हैं।

# मैनहोल सफाई में हादसा हुआ तो अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

## नगर आयुक्त ने कहा, नालों-चैंबरों की सफाई करने वाले मजदूरों को दें सेफ्टी किट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मैनहोल, छोटे-बड़े नालों, चैंबर की मैनुअली सफाई में यदि सफाई कर्मचारियों की जान गई तो अधिकारी जिम्मेदार होंगे। नगर आयुक्त ने गुरुवार को आदेश जारी कर कहा है कि मैनुअल सफाई के दौरान मैनुअल स्कैन्जर्स की एसओपी का पूरी तरह से पालन किया जाये। ऐसा न करने और यदि दुर्घटना होती है तो संबंधित अधिकारी व जिम्मेदार अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिये तैयार रहें।

रावतपुर विनायकपुर में एक निजी मैनहोल में गिरकर एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने आदेश जारी कर कहा कि कई बार मजदूरों को बिना सेफ्टी किट के ही नाला-मैनहोल सफाई कार्य में उतार दिया जाता है। जहरीली गैस के संपर्क में आने से मजदूरों की जान तक चली जाती है। मजदूरों को ऑक्सीजन मॉस्क, गम बूट्स, वॉटर प्रूफ दस्ताने और वाटर प्रूफ वर्दी उपलब्ध करवाना जरूरी है। बिना सुरक्षा उपकरण के सफाई कर्मचारियों को मैनहोल में उतारना अपराध है। अगर ऐसा पाया गया तो अधिकारियों पर कार्रवाई होगी।

## निजी मैनहोल बनाने वालों की जांच होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। घरों के सामने प्राइवेट मैनहोल बनवाने वालों पर कार्रवाई होगी। रावतपुर के विनायकपुर बंबा रोड पर प्राइवेट मैनहोल में गिरकर युवक की मौत के बाद गुरुवार को महापौर प्रमिला पांडेय मौके पर पहुंची और प्राइवेट मैनहोल खुला देख गुस्सा गईं। उन्होंने कहा कि मकान मालिक की जिम्मेदारी है, कार्रवाई की जाएगी।

रावतपुर में खुले मैनहोल में गिरकर युवक की मौत की खबर का संज्ञान लेकर महापौर जलकल महाप्रबन्धक आनन्द कुमार त्रिपाठी के साथ विनायकपुर बंबा रोड पहुंची। अधिकारियों को प्राइवेट मैनहोल बनाने वालों के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई के लिये निर्देश दिया।



रावतपुर में घटनास्थल का निरीक्षण करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

- महापौर ने मकान मालिक पर कार्रवाई के दिए निर्देश

कहाकि शहर में जितने भी मैनहोल खुले हैं उनको जल्द से जल्द बंद कराया जाए।

**शहर में 5045 मैनहोल चैंबर**

जलकल के मुताबिक शहर में 5045 मैनहोल चैंबर हैं। इसमें से 498 सीवर मैनहोल पर ढक्कन नहीं लगे हैं। इनसे हादसों का खतरा है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर हत्या का प्रयास

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र में एक युवती ने युवक पर घर में अकेला पाकर छेड़खानी करने और विरोध करने पर गला दबाकर हत्या करने का प्रयास के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चकेरी निवासी युवती ने पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल की दोपहर को वह घर पर अकेली थी। तभी इलाके का युवक अमित घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर उसे मारापीटा और गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा

कानपुर। पनकी पुलिस ने मारपीट और शांतिभंग के फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पनकी इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया कि रईस आलम उर्फ भूरा निवासी पनकी पड़ाव और सुंदरलाल निवासी रतनपुर को वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## सीएसए कैंपस में टहल रहे बच्चों से मारपीट की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवाबगंज थानाक्षेत्र का मामला, 28 पर रिपोर्ट

अमृत विचार। नवाबगंज थानाक्षेत्र में सीएसए कैंपस में टहलने गए बच्चों ने सीएसए हॉस्टल के युवकों पर गालीगलौज कर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने 28 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की।

काकादेव थानाक्षेत्र के गीता नगर की रहने वाली महिला विनीता गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 24 अप्रैल की शाम करीब 6:30 बजे बेटी हर्षिता गुप्ता अपने नाबालिग भाइयों अरुणेश और पीयूष तथा आराध्या के साथ सीएसए कैंपस में टहल रही थी तभी वहां कैंपस के अंदर दो-तीन लड़कों ने आकर बच्चों को गाली देने शुरू कर दिया। अरुणेश व पीयूष को पीटने लगे। सीएसए हॉस्टल से 20-25 लोगों को बुलाकर गाली गलौज और मारपीट की। वह मौके पर पहुंची तो उनके साथ भी गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि 28 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## जान से मारने का प्रयास और घर पर किया पथराव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता थाना क्षेत्र का मामला रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। नौबस्ता थानाक्षेत्र में घर का सामान लेकर लौट रहे युवक पर दो भाइयों ने परिजनों संग मिलकर नुकीले हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित घर में घुसा तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। पीड़ित ने नौबस्ता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

संजय नगर निवासी विश्वास सिंह ने बताया कि बीते 20 अप्रैल की रात करीब 10 बजे दुकान से घर सामान लेकर लौट रहा था। तभी मोहल्ले में रहने वाले दो भाई कन्हैया साहू व पिंटू रोक कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर अपनी मां कमलेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने नुकीले हथियार से उनके गले में वार कर दिया। विश्वास घर में घुसा तो आरोपियों ने घर पर पथराव कर दिया। नौबस्ता पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद आरोपियों ने 22 अप्रैल की रात घर आकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। घटना से एक सप्ताह पूर्व आरोपियों ने उसे रोक कर एक लाख रुपये की मांग की थी, मना करने पर मोबाइल छीन लिया था। काफी मिन्नतों के बाद मोबाइल वापस किया था। इस संबंध में नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# इन्क्लेव योजना में फिर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नगर निगम इन्क्लेव आवासीय योजना की ग्रीन एरिया-1 और रेनहार्वेस्टिंग वाटर पिट की जमीन पर फिर से दबंग कब्जा करने की तैयारी में हैं। पिछले दिनों कब्जे को खाली कराकर नगर निगम की ओर से जमीन पर लगाए गए शाईन बोर्ड को दबंगों ने हटा दिया है। इसके साथ ही योजना के आवंटियों और समिति के लोगों को आराजक तत्व धमकियां भी दे रहे हैं। जिसकी शिकायत समिति ने एक बार फिर से नगर निगम को की है।




नगर निगम की ओर से लगाया गया यह बोर्ड हटा दिया गया है। अमृत विचार

नगर निगम ने योजना की 1.618 हेक्टेयर जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग को छह अप्रैल को धराशायी कर दिया था। लेकिन मलबा नहीं उठवाया गया और न ही बाउंड्री वाल कराई गई। अब वहां पर एक बार फिर से कब्जेदार सक्रिय हो गये हैं। इन्क्लेव आवासीय योजना समिति के पदाधिकारियों ने इस संबंध में नगर निगम कार्यालय को फोन कर जानकारी दी है कि कब्जेदार दोबारा कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। इसे रुकवाया जाए।

## गली में कब्जे का विरोध किया तो छेड़छाड़, पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बादशाहीनाका थानाक्षेत्र में एक महिला ने क्षेत्र के दबंग पर सरकारी गली कब्जा करने का आरोप लगाया। महिला का आरोप था कि उसने मामले की शिकायत की तो रंजिश में आरोपी ने उनके साथ छेड़छाड़, मारपीट और गालीगलौज की। बताया कि व व्यापार करती हैं। आरोप था कि पुलिस से शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद मुख्यमंत्री से लेकर डीजीपी तक शिकायत करनी पड़ी तब मामला दर्ज हुआ।

जनरलगंज निवासिनी महिला ने पुलिस को बताया कि वह व्यापार करती हैं, और कपड़ा कमेटी की सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि दुकान के पास रहने वाले विष्णु दीक्षित ने सरकारी गली में कब्जा कर रखा है। पूर्व में इसकी शिकायत् की गई थीं। जिसकी रंजिश के चलते 12 अप्रैल की शाम विष्णु दीक्षित ने उनके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करते हुए गालीगलौज और मारपीट की थी। जिससे उन्हें चोटें आई थी। थाना पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 13 अप्रैल को उर्सला अस्पताल में मेडिकल कराया। उन्होंने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, राज्य महिला आयोग और डीजीपी से की। डीसीपी पूर्वी के आदेश पर मामला दर्ज किया गया। बादशाहीनाका थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि विष्णु दीक्षित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# युवती के सुसाइड में दोषी को सात साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एडीजे आठ की कोर्ट ने सुनाया फैसला
- छेड़खानी, धमकी से तंग आकर लगाई थी फांसी

अमृत विचार। आए दिन छेड़खानी से तंग आकर युवती के आत्महत्या करने के मामले में एडीजे आठ की कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनाई।



सचेंडी थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि 27 जुलाई 2015 को उनकी 18 वर्षीय बहन शाम को घर से बाहर गई थी। इस दौरान गांव निवासी अनूप ने बहन के साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने परिजनों को बताया। विरोध करने पर आरोपी ने परिजनों संग लाठी-डंडे से पीड़ित परिवार के घर आकर गालीगलौज करके जान से मारने की धमकी दी। जिससे आहत बहन ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। परिजनों ने अनूप व उसके परिजनों के खिलाफ सचेंडी थाने में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एडीजीसी अरविंद ढिमरी ने बताया कि एडीजे आठ राम अवतार प्रसाद की कोर्ट में मामला चल रहा था। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अनूप को दोषी मानते हुए सात साल कैद की सजा व 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

## छत से घुसे चोरों ने पार की नकदी

कानपुर। बर्रा विश्व बैंक आई ब्लॉक में चोरों ने होलसेल जर्दा कारोबारी की दुकान में घुस कर 1.25 लाख रुपये की नकदी पार कर दी। सीसीटीवी कैमरे ढक दिए।

जरौली फेस वन संजय सैनी ने बताया कि बर्रा विश्व बैंक आई ब्लॉक में उनकी संजय जर्दा एंड कान्फेक्शनरी के नाम से होलसेल की दुकान है। बुधवार देर रात बगल में खाली पड़े प्लॉट से चोर दुकान की छत पर चढ़ कर जाल के सहारे दुकान में घुसे। इसके बाद कुंडा तोड़ कर गोलक में रखे करीब 1.25 लाख रुपये पार कर दिए। चोर कैमरे में कैद हो गए। जानकारी बर्रा चौकी प्रभारी दीपक गिरी को दी तो उन्होंने थाने आकर शिकायत करने की बात कही। थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# घर और आस-पास पानी जमा न हो

**मलेरिया से बचाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विश्व मलेरिया दिवस की वर्ष 2024 की थीम “अधिक न्याय संगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना” है। मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है। घर के अंदर और बाहर पानी का जमाव न होने दें। मलेरिया होने पर रोगी को ठंड देकर नियमित अंतराल पर बुखार आना, सिरदर्द, उल्टी, पेट में दर्द, रक्त अल्पता, मांसपेशियों में दर्द, अत्यधिक पसीना आना आदि लक्षण नजर आते हैं। यह जानकारी जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप प्रधानाचार्य डॉ.ऋचा गिरी ने दी।




मेडिकल कॉलेज में मौजूद डॉ.आरपी मिश्रा, डॉ.एसके बर्मन समेत अन्य अतिथि।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एमबीबीएस पैरा पी-टू छात्रों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमे मलेरिया के लक्षण, इलाज और बचाव के लिए जागरूक किया। संचारी रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष कोई भी व्यक्ति मलेरिया पॉजिटिव नहीं मिला। डॉ.एसके बर्मन ने बताया कि घर के बाहर और अंदर एकत्रित पानी की साफ-सफाई और मच्छरों से बचाव करें। डॉ. समरजीत कौर ने कहा कि इलाज के दौरान स्वस्थ भोजन लें, शरीर में पानी की कमी न होने दें, प्रोटीन युक्त आहार लें। सहायक मलेरिया अधिकारी यूपी सिंह ने बताया कि संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए जिले में ईडीपीटी (अर्ली डायग्नोस प्रॉम्प्ट ट्रीटमेंट) की खास रणनीति काम कर रही है। डॉ.तनु मिधा, डॉ.सुरेश चंद्रा समेत आदि डॉक्टर व एमबीबीएस छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

**जानकारी** हैलट के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में कार्यशाला का आयोजन

# सर्वाइकल कैंसर की जांच का प्रशिक्षण दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। देश में सर्वाइकल कैंसर 18.3 प्रतिशित की दर के साथ तीसरा सबसे आम कैंसर बन गया है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज स्त्री प्रसूति रोग विभाग में एसिटिक एसिड व लूगोल्स आयोडिन से जांच की विधि बताई गई।

मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में गुरुवार को कॉलेज ऑफ नर्सिंग और स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने संयुक्त रूप से सर्वाइकल कैंसर पर कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में 50 स्टाफ नर्स को स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष व कैंसर ओपीडी प्रभारी प्रो. नीना गुप्ता और एसोसिएट प्रोफेसर व कैंसर ओपीडी की सह प्रभारी डॉ. पाविका लाल ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षकों ने स्टाफ नर्सों को एसिटिक एसिड (वीआईए) और लूगोल्स आयोडिन (वीआईएलआई) का प्रशिक्षण दिया। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बताया कि सीमित संसाधनों में स्वास्थ्य केंद्रों पर यह टेस्ट आसानी से किया जा सकता है। विभागाध्यक्ष प्रो.नीना गुप्ता ने बताया कि एसिटिक एसिड और लूगोल्स आयोडिन लगाकर सीधे बच्चेदानी के मुहाने (सर्विक्स) की जांच की जाती है। जांच में प्री कैंसर के हिस्से को पहचाना जाता है। स्थिति आसमान्य होने पर होने पर उनको रेफर किया जाता है। इस दौरान कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ.करेश प्रसाद, डॉ.नमिता बत्रा, पैथोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ.महेंद्र सिंह ,डॉ.सुमन लता वर्मा ,डॉ.चयनिका काला, डॉ. लुबना खान, डॉ. सीमा द्विवेदी ,डॉ.रेनू गुप्ता, डॉ. शैली अग्रवाल, डॉ. वंदना शर्मा सहित सभी संकाय सदस्य भी उपस्थित थे।



जानकारी देते सीएमओ डॉ. आलोक रंजन। साथ में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की प्रो. नीना गुप्ता व प्रो. पाविका लाल आदि। अमृत विचार

**पांच हजार मरीजों की हो चुकी जांच**

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में वर्ष 2022 से महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर की जांच की जा रही है। यहां पर अब तक करीब पांच हजार महिलाओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। विभाग में डिजिटल कोल्पोस्कोपी मशीन है, जिससे सर्वाइकल कैंसर की पहचान तुरंत की जा सकेगी।

## अधिवक्ता के खाते से उड़ाए 3.15 लाख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्वरूप नगर थानाक्षेत्र का मामला

अमृत विचार। साइबर फ्रॉड ने एक अधिवक्ता के बैंक की और निजी जानकारी लेने के बाद उनके खाते से 3.15 लाख रुपये उड़ा दिए। मोबाइल पर खाते से रुपये कटने का मैसेज आया तो उन्हें जानकारी हुई। पीड़ित ने अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है।

दबौली निवासी अधिवक्ता महेंद्र नाथ शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनका पंजाब नेशनल बैंक स्वरूप नगर शाखा में 31 वर्ष पुराना खाता है। 21 दिसंबर 2023 को वह एफडी कराने के लिए बैंक गए थे तो उनके मोबाइल पर बैंक के ही एक कर्मचारी ने पीएनबी एप लोड करके गोल्ड बांड जारी कर दिया था। उसके बाद उनसे संबंधित जानकारी उसने अपने फोन पर व्हाट्सअप के माध्यम से ट्रान्सफर कर ली थी। इसके बाद 30 मार्च 2024 को क्लोजिंग के बाद उनके खाते से 3,15,000 ट्रांसफर होने का एसएमएस दो अप्रैल को प्राप्त हुआ। जबकि उन्होंने न तो किसी कोई ओटीपी बताया और न ही किसी प्रकार का लिंक खोला। इसके बाद उन्होंने मामले की सूचना तीन अप्रैल को साइबर सेल रेलबाजार में दी और बैंककर्मी पर मिलीभगत का आरोप लगाया। बैंक मैनेजर से भी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने स्वरूप नगर थाने में तहरीर दी। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**तलाश गुमशुदा**

नाम–रोली, उम्र–29 वर्ष, कद– 5 फुट 6 इंच लगभग, रंग–गोरा, अन्तिम लोकेशन – लगभग 02बजे 24/04/24 को सदरपुर पुलिया, निवासी –पीरपुर, इब्राहिमाबाद, स्वास्थ्य– मानसिक बीमार, मेंहदी कलर सलवार सूट वर्तमान पहनावा, सम्पर्क करें – 9140765789, ग्राम – पीरपुर इब्राहिमाबाद विकास खंड–हरख, बाराबंकी

किसी भी व्यक्ति को बिटिया दिखाई दे तुरंत मदद कर सम्पर्क कर सूचित करने की कृपा करें।

**तलाश गुमशुदा**

1. नाम पता गुमशुदा– श्रीमती शालिनी (उम्र 30 वर्ष)
2. पिता का नाम– शिवलाल, पति का नाम– रिंकू उर्फ कौशल किशोर, जाति– गौड़, 3. पता– ग्राम चमनगंज (कुन्दनगंज) मजरे करनपुर थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली
हाल पता– ग्राम रायगढ़ थाना खीरो जनपद रायबरेली
4. सूचनाकर्ता – श्री राकेश कुमार पुत्र शिवलाल, निवासी– ग्राम रायगढ थाना खीरो जनपद रायबरेली, मो0नं0– 9325452819
हलिया एवं पहनावा – रंग–गोरा, आंख, नाक, कान कद औसत, लम्बाई करीब–05 फिट 4 इंच, पहनावां–साड़ी हरा रंग, ब्लाउज हरा रंग और पैरो में काली जूती पहने हुए है।



निवेदन है कि उक्त गुमशुदा महिला के बारे में जिस किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त हो तो कृपया नीचे दिये नम्बरो पर सम्पर्क करने की कृपा करें।
(हरिश्चन्द्र यादव) उपनिरीक्षक
थाना बछरावां रायबरेली
मो0नं0-6389302657
प्रभारी निरीक्षक थाना बछरावां रायबरेली
मो0नं0- 9454404126

**सूचना**

सूचित हो कि मैं इबने हसन पुत्र नूरूल हसन, निवासी–7/1/226, मोहल्ला– वजीरगंज शहर फैजाबाद, पोस्ट– सिटी, थाना– कोतवाली नगर जिला अयोध्या मेरे समस्त दस्तावेजीय साक्ष्यों पर मेरा नाम IBNE HASAN इस स्पेलिंग के अनुसार अंकित है किन्तु मेरे पूर्व पासपोर्ट पर मेरा नाम IBNEY HASAN इस इस्पेलिंग के साथ अंकित हो गया था जो त्रुटिपूर्ण है मेरा नाम IBNE HASAN इस इस्पेलिंग के साथ अंकित है को ही स्वीकार किया जाये क्योंकी इस इस्पेलिंग के अनुसार मैं जाना व पहचाना जा रहा हूँ। भविष्य में भी मुझे इसी नाम और स्पेलिंग से जाना पहचाना जाए।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहित कुमार पुत्र कृष्णदेव, माता सुमन देवी,निवासी ग्राम–चरदहा पोस्ट– शिवदहा ,पयागपुर जनपद– बहराइच का यूपी बोर्ड का हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रणाम पत्र वर्ष 2022 वास्तव में गायब हो गया है, जिसका रोल नंबर 1222346442 है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपने (माइनर) पुत्र का नाम ABDUL AHAD से बदलकर ABDUL AHAD KHAN कर दिया है। अब भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0 WASIM AHMAD KHAN, नि0–प्लाट नं0 361, फ्लैट नं0– 501, बिलडिथा डायमंड, लखनऊ माडर्न पब्लिक स्कूल इंसाफ नगर सेक्टर–10 इंदिरा नगर, लखनऊ


Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919

**आज का मौसम**

दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 41.2° | 19.4 |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 35 | सूर्यास्त 06 : 38 |

### जेईई में बेहतर परसेंटाइल लाने वाले छात्रों ने टेस्ट को बताया सफलता की कुंजी

# मेधावियों ने टेस्ट दिए ज्यादा से ज्यादा, जेईई में हुआ फायदा

कानपुर। जेईई मेंस 2024 सेशन 2 का रिजल्ट जारी हो गया। बेहतर परसेंटाइल लाने वाले मेधावियों ने तैयारी के दौरान मॉक टेस्ट को सबसे बड़ी कुंजी बताया है। कहा कि ज्यादा से ज्यादा मॉक टेस्ट देना उनके लिए लाभकारी रहा है। युवाओं ने मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी को भी सफलता के लिए जरूरी बताया है। जेईई मेन में शहर से लगभग 30 हजार युवा शामिल हुए थे। बेहतर परसेंटाइल लाने वाले ज्यादातर मेधावियों ने अब जेईई एडवांस की तैयारी में जुट जाने की भी बात कही है। मेधावियों की पहली पसंद आईआईटी बांबे उभर कर सामने आया है। इसके बाद दूसरे स्थान पर वे आईआईटी दिल्ली को अपना विकल्प मान रहे हैं। इसकी वजह मेधावियों ने पुराने संस्थानों में बेहतर अनुशासन के साथ पढ़ाई होना बताया है।



वर्कस्पेस कोचिंग के सफल मेधावी। अमृत विचार

### जॉब के बाद स्टार्टअप



■ आनंदपुरी निवासी आदर्श बंका के जेईई में 99.69 परसेंटाइल आए हैं। आदर्श ने बताया कि वे इंजीनियर बनने के बाद कुछ दिन जॉब करेंगे। इसके बाद वे अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करेंगे। जॉब वे सिर्फ अनुभव लेने के लिए ही करेंगे। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे अपना फोकस एडवांस के लिए सेट किए हैं। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए निर्बाध पढ़ाई किए जाने को सफलता का मंत्र बताया है। रिवीजन को उन्होंने सफलता की सबसे बड़ी कुंजी बताया हैं। रिवीजन को रोजाना अपनी पढ़ाई में शामिल करने से काफी लाभ मिलता है। उनके पिता अनूप कुमार बंका कारोबारी व मां दीपादेवी बंका गृहणी हैं।

### स्टार्टअप शुरू करने का है सपना



■ कल्याणपुर में नाना नानी के घर रहकर पढ़ाई करने वाले एकलव्य प्रताप सिंह ने जेईई मेन में 99.75 परसेंटाइल हासिल किए हैं। एकलव्य का सपना इंजीनियर बनने के बाद खुद का स्टार्टअप शुरू करना है। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप ही देश का भविष्य है। उन्हें नौकरी पर ज्यादा भरोसा नहीं है। मूल रूप से इटावा के रहने वाले एकलव्य शहर में अपने नाना के यहां पर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एग्जाम की तैयारी के लिए वह कॉपी में एक दिन पहले टारगेट को लिख लेते हैं। अगले दिन कॉपी में लिखे टारगेट को देखकर पूरा करने के उद्देश्य से पढ़ाई करते थे। जेईई की तैयारी के समय इन्होंने सोशल मीडिया को बंद कर दिया था। एक हफ्ते में तीन से चार बार मॉक टेस्ट देने से उनको यह सफलता मिली है। वे आईआईटी दिल्ली से सीएस ब्रांच से बीटेक करना चाहते हैं। इनके पिता राहुल तोमर कोचिंग टीचर, मां श्वेता चंदेल गवर्नमेंट टीचर और नाना सत्येंद्र सिंह चंदेल बैंक से रिटायर्ड हैं।

### ऑनलाइन में नहीं होती ठीक से तैयारी



■ उन्नाव के रहने वाले और शहर में तैयारी करने वाले तन्मय सत्यज द्विवेदी ने बताया कि ऑनलाइन कक्षाओं में बेहतर तैयारी नहीं हो पाती। यही वजह है कि वे अपने घर के बजाय कोचिंग कक्षाओं के पास ही रहकर तैयारी कर रहे हैं। उनके 99.6 परसेंटाइल इस सेशन में आए हैं। इसके लिए उन्होंने सभी मॉक टेस्ट दिए। पिछले सत्र में भी उन्होंने जेईई की तैयारी की थी लेकिन वह तैयारी ऑनलाइन कक्षाओं के जरिए की थी। तैयारी पूरी न होने पर ही उन्होंने इस बार कोचिंग पढ़कर परीक्षा देने की ठानी। कहा कि उनका यह निर्णय सही था। उनके पिता सत्यज द्विवेदी शिक्षक व मां पूनम द्विवेदी गृहणी हैं।

### सफलता के लिए शेड्यूल बनाना जरूरी



■ पीरोड के अरिहंत श्रीवास्तव ने जेईई मेन में फर्स्ट सेशन में 99.85 परसेंटाइल पाए हैं। सेकेंड सेशन के रिजल्ट में इनके 99.09 परसेंटाइल आए हैं। 2023 में 95.4 फीसदी अंकों के साथ डीपीएस आजाद नगर से 12वीं पास करने वाले अरिहंत ने बताया कि बीते साल एडवांस्ड में अच्छी रैंक न आने की वजह से उन्होंने इस साल कोशिश की है। शेड्यूल बनाकर पढ़ाई करनी चाहिए, इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। शेड्यूल बनाने से कोर्स भी पूरा हो जाता है। वह टॉप आईआईटी से सीएस ब्रांच से बीटेक करना चाहते है। उनकी मां पूजा श्रीवास्तव डीजी कॉलेज में शिक्षिका हैं।

### वर्कस्पेस के मेधावियों ने लहराया परचम

■ कानपुर। जेईई मेन्स में वर्कस्पेस, काकादेव कोचिंग के मेधावियों ने बाजी मारी। कोचिंग के निदेशक विवेक पाण्डेय ने बताया कि अमन श्रीवास्तव ने फिजिक्स में सौ परसेंटाइल हासिल किया है। ओवरऑल परसेंटाइल 99.94 रहा है। छात्र ने 117वीं रैंक हासिल की है। आर्यन सिंह 99.19 परसेन्टाइल, अंश त्रिपाठी 99.1 परसेन्टाइल के साथ टॉप स्कोर प्राप्त किया। संस्थान के लगभग सभी विद्यार्थियों ने जेईई एडवान्सड के लिए क्वालिफाई किया। संस्थान के 25 छात्र-छात्राओं ने 98 परसेन्टाइल से अधिक स्कोर किया है।



आकाश एजुकेशनल के सफल विद्यार्थी। अमृत विचार

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के 28 बच्चों ने मारी बाजी

■ कानपुर। परीक्षा में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के 28 मेधावियों ने बाजी मारी है। इन सभी 28 मेधावियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर हासिल किए हैं। इन मेधावियों में शिखर गुप्ता ने 99.94 परसेंटाइल, सत्यांश गुप्ता ने 99.93, अर्श चौहान ने 99.89, प्रखर गुप्ता ने 99.83, नवीन कुमार ने 99.83 और उत्कर्ष प्रताप सिंह ने 99.77 परसेंटाइल हासिल किए हैं। इसके साथ ही अन्य 22 छात्रों ने 99 परसेंटाइल व उससे अधिक स्कोर किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर डॉ. एचआर. राव ने बताया कि उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

### पढ़ाई के लिए निरंतरता है जरूरी



■ त्रिवेणी नगर निवासी विश्वम तिवारी ने बताया कि किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए गंभीरता बहुत जरूरी है। विश्वम तिवारी के जेईई में 99.73 परसेंटाइल आए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने रोजाना पढ़ाई को अपना लक्ष्य बनाया था। कहा कि यदि थोड़ा-थोड़ा भी निरंतर पढ़ा जाए तो प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम हासिल किया जा सकता है। इसलिए तैयारी के दौरान उन्होंने पूरा प्रयास किया कि उनकी पढ़ाई की निरंतरता लगातार बनी रहे। निरंतरता में एक दिन का भी गैप नहीं किया। उन्होंने बताया कि वे पढ़ाई पूरी करने के बाद अपना खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। उनके पिता आशीष तिवारी व मां अर्चना तिवारी दोनो ही शिक्षक हैं।

### पुराने पेपरों से मिली सहायता



■ बारादेवी निवासी अमन श्रीवास्तव ने परीक्षा के दौरान 99.94 परसेंटाइल स्कोर किया है। अमन ने बताया कि उन्होंने पुराने प्रश्न पत्रों को हल किया। जिससे काफी सहायता मिली। इससे आने वाले पेपर के पैटर्न का अंदाजा लग गया। इसके अलावा उन्हें हल करने से आत्मविश्वास भी बढ़ा। उन्होंने बताया कि अब उनका सपना आईआईटी कानपुर में पढ़ाई करने का है। फिलहाल वे एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। उनके पिता आदेश श्रीवास्तव सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं जबकि मां गृहणी हैं।

### टेस्ट से आता है आत्मविश्वास



■ राधिका अग्रवाल ने 99.97 परसेंटाइल हासिल किया है। स्वरूप नगर निवासी छात्रा राधिका ने बताया कि बेहतर परसेंटाइल के लिए उन्होंने सभी मॉक टेस्ट दिए हैं। मॉक टेस्ट देने से उन्हें परीक्षा का अभ्यास हुआ। समय, प्रश्न हल करने का तरीका, तैयारी के चरण के साथ ही उन्हें टेस्ट के अंक आने के बाद अन्य लोगों की तैयारी का भी पता लगा। टेस्ट से ही उन्हें अपनी पढ़ाई की रणनीति को बदलने की भी सीख मिली। इनके पिता विशाल अग्रवाल कारोबारी व मां रक्षा अग्रवाल गृहणी हैं।

### गाइडेंस के लिए कोचिंग



■ बिरहाना रोड निवासी कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि तैयारी कर रहे छात्रों के लिए कोचिंग की गाइडेंस जरूरी है। इसके बावजूद कोचिंग पर पूरी तरह से भरोसा नहीं करना चाहिए। अपनी खुद की भी तैयारी करनी बहुत जरूरी है। कृष्णा अग्रवाल के जेईई में 99.57 परसेंटाइल आए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्होंने कोचिंग के साथ अपना स्टडी मेटेरियल भी तैयार किया था। पिता अमित अग्रवाल कारोबारी व मां रचना गृहणी है। उन्होंने आईआईटी बांबे को पहली पसंद बताया है।

### 5 से 6 घंटे रोज की पढ़ाई



■ छात्र आदित्य कुकरेती ने जेईई मेन में 99.81 परसेंटाइल हासिल किए। हर्ष नगर निवासी आदित्य ने इसके लिए रोजाना 5 से 6 घंटे पढ़ाई करने को बड़ी वजह माना है। आदित्य का कहना है कि बीते साल भी एग्जाम दिया था लेकिन जेईई एडवांस्ड की रैंक से मनपसंद आईआईटी नहीं मिला, इसलिए एडमिशन नहीं लिया था। इस बार बीते सालों के एग्जाम के पेपर्स को साल्व करने से काफी मदद मिली है। अब मॉक टेस्ट और बीते साल के पेपर्स के जरिए एडवांस्ड की तैयारी कर रहे है। वे आईआईटी बांबे से एयरोस्पेस, सीएस या मैकेनिकल ब्रांच से बीटेक करके रिसर्च के क्षेत्र में जाना चाहते है।

## एक नजर

### परीक्षाएं 16 मई से

**कानपुर।** सीएसजेएमयू ने संबद्ध कॉलेजों में एनईपी इवेन सेमेस्टर और एनुअल मेन एग्जाम की एग्जाम लिस्ट जारी कर दी है। एनईपी इवेन सेमेस्टर के एग्जाम 16 मई से 11 जून तक चलेंगे। इसके अलावा मेन एनुअल एग्जाम 16 मई से 21 जून तक चलेंगे। स्कीम को वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

### आईपीआर के लिए एमओयू

**कानपुर।** सीएसजेएमयू और सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को इंटैलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स (आईपीआर) के लिए जेटी अटॉर्नी एलायंस से एमओयू किया गया। एमओयू का उद्देश्य विश्वविद्यालय और संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों और शोध छात्रों को पेटेंट कराने में सहयोग और जानकारी प्रदान करना है।

## ठगी गई महिलाओं ने चकेरी थाना घेरा

**धोखाधड़ी**

- घंटों चला हंगामा, पुलिस ने आरोपी को पकड़कर रकम कराई वापस
- 65 महिलाओं से नौकरी के नाम पर लिए गए थे 2100-2100 रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के विमानपुरी इलाके में खादी ग्रामोद्योग में नौकरी का झांसा देकर कई महिलाओं के साथ ठगी कर ली गई। कार्रवाई न होने से नाराज पीड़ित महिलाओं ने गुरुवार को चकेरी थाने का घेराव कर हंगामा काटा। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को थाने बुलाकर महिलाओं की रकम वापस कराई।

चकेरी के अलग-अलग इलाकों में रहने वाली सोनी त्रिवेदी, बीना, उर्मिला देवी, लतापुरी, शारदा द्विवेदी, गीता गौतम समेत अन्य महिलाओं ने आरोप लगाया था कि सनिगवां विमानपुरी में मई 2023 में खादी ग्रमोद्योग के तहत धागा बनाने का कारखाना खोला गया था। जिसके संचालक आर के पाल ने महिलाओं को ट्रेनिंग के बाद सात हजार रुपये वेतन, बोनस, बीमा, फंड आदि सरकारी नौकरी जैसी सुविधाएं मिलने का आश्वासन देकर नौकरी पर रखा था।

उनका आरोप है कि आरोपी ने 65 महिलाओं को नौकरी के नाम पर 2100-2100 रुपये लिए थे। ट्रेनिंग के बाद फरवरी 2024 में नौकरी पर रखने के दो माह बाद भी वेतन न देने पर महिलाओं ने तीन दिन पहले संचालक से वेतन की मांग की थी। जिस पर आरोपी ने धमकाकर अभद्रता की थी।

इसके बाद महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की थी। गुरुवार को आरोपी ने सभी की रकम वापस करने का आश्वासन दिया था। लेकिन गुरुवार दोपहर तक नहीं आया। इसपर महिलाओं ने थाने का घेराव कर दिया। थाने का गेट बंद कर हंगामा किया। फिर पुलिस संचालक को थाने लेकर आई और रुपये वापस कराए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रकम वापसी के बाद महिलाएं चली गईं।

## 117 कैमरे देखकर बरामद की बच्ची

**कानपुर।** गुजैनी पुलिस ने बुधवार को लापता हुई तीन साल की बच्ची को 117 कैमरे की फुटेज तलाशने के बाद 24 घंटे में बरामद कर लिया। गुजैनी से लापता बच्ची पनकी के पतारा गांव में मिली। मूलरूप से महाराजपुर निवासी अवधेश वर्मा गुजैनी पुल के नीचे बने एक मंदिर में पुजारी हैं। बुधवार शाम उनकी बेटी श्रेया लापता हो गई। सूचना पर गुजैनी पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए 117 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की देर रात तक फुटेज खंगाली। बच्ची पनकी नहर पट्टी की ओर पैदल जाती दिखाई दी, उसके आगे एक महिला नजर आई। पतारा गांव निवासी एक महिला के घर में बच्ची मिली।

## एंबुलेंस के लिए कराहती रही महिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्लेटफार्म पर स्ट्रेचर पर लेटी रही गर्भवती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे की एंबुलेंस सेवा केवल उनके डाक्टरों के लिए है, बीमार यात्रियों के लिए नहीं। मरीजों के लिए उर्सला, कांशीराम ट्रामा सेंटर से फोन करने पर एंबुलेंस आती है। गुरुवार को ऐसा ही हुआ। गर्भवती दर्द से कराहती रही और लोको अस्पताल की एंबुलेंस से उसे नहीं भेजा गया। कांशीराम ट्रामा सेंटर से आई एंबुलेंस गर्भवती को अस्पताल ले गई।

ट्रेन नंबर 12556 बिहार संपर्क क्रांति के एस-वन कोच में इमरान की पत्नी पूजा खातून सफर कर रहीं थीं। गर्भवती पूजा को रास्ते में दर्द होने लगा, इस पर कंट्रोल को सूचना दी गई। जब ट्रेन सेंट्रल के प्लेटफार्म आठ पर पहुंची तो मौजूद डॉक्टर ने पूजा का चेकअप किया। उसे उर्सला रेफर कर दिया। एंबुलेंस के लिए फोन किया गया। पूजा स्ट्रेचर पर पड़ीं काफी देर तक दर्द से कराहती रहीं। काफी देर बाद कांशीराम ट्रामा सेंटर से एंबुलेंस आई तब पूजा को लेकर अस्पताल गई। बता दें कि पूजा का चेकअप करने आईं डाक्टर शिवांगी लोको अस्पताल की एंबुलेंस में आईं थीं। इलाज के बाद काफी देर तक वह स्टेशन पर मौजूद रहीं। लेकिन किसी ने गर्भवती पूजा को उस एंबुलेंस से नहीं भेजा। डॉक्टर शिवांगी उसी एंबुलेंस से वापस अस्पताल चली गईं।

## बिकरू कांड: श्यामू को जमानत नहीं

- एंटी डकैती कोर्ट ने खारिज की आरोपी की अर्जी

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के मुख्य मामले के आरोपी श्यामू बाजपेई के जमानत प्रार्थना पत्र पर गुरुवार को बचाव पक्ष ने बहस कर आरोपी के निर्दोष होने के तर्क रखे। वहीं अभियोजन की ओर से बचाव पक्ष के तर्कों का विरोध करते हुए आरोपी की जमानत अर्जी को खारिज करने की मांग की गई। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी का जमानत प्रार्थनापत्र खारिज कर दिया है।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की हत्या कर दी थी। बाद में पुलिस ने विकास दुबे सहित छह बदमाशों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इस मामले में जेल में बंद आरोपी श्यामू बाजपेई की ओर से बचाव पक्ष ने एंटी डकैती कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। गुरुवार को बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सीपी शुक्ला ने बहस की। बचाव पक्ष की दलीलों का विरोध करते हुए अभियोजन ने अदालत को बताया कि घटना में आरोपी की संलिप्तता है। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि अदालत ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

**जेब ढीली** केस्को के एक लाख 25 हजार उपभोक्ताओं की सूची की करेगा जांच

## अब नगर निगम लगाएगा एक और टैक्स

- भवन और सम्पत्ति के विद्युत बिलों का करेगा मिलान, इसके लिए चलेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम शहरियों की जेब और ढीली करने जा रहा है। इसके लिए निगम केस्को के बिलों की मदद से व्यावसायिक कर लगाएगा। इसके लिये केस्को के एक लाख 25 हजार व्यावसायिक उपभोक्ताओं की सूची से गृहकर का मिलान करेगा। अगर उपभोक्ता व्यावसायिक बिजली का बिल दे रहा है तो उसे व्यावसायिक गृहकर भी देना होगा। गुरुवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने नगर निगम मुख्यालय सभागार में राजस्व वृद्धि के सम्बन्ध में बैठक कर यह निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।



नगर निगम के सभागार कक्ष में बैठक करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन।

नगर आयुक्त ने मुख्य रूप से जीआईएस सर्वे के अनुसार नई सम्पत्तियों पर लगाये गये सम्पत्ति कर के बिल और नोटिस के आधार पर प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली संबंधी कार्य में गतिशीलता एवं त्वरित कार्यवाही के लिये विशेष कैम्प का आयोजन करें। नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों से कहा कि वार्डवार लाइसेंस शुल्क वसूलने के लिये सम्पत्तियों का शत-प्रतिशत चिंह्नाकन करते हुए उनसे लाइसेंस शुल्क वसूलें। पिछले वित्तीय वर्षों में यदि भवन स्वामी द्वारा अपने गृहकर की अदायगी नहीं की गयी है तो इस सम्बन्ध में सभी जोनल अधिकारी विशेष अभियान चलाकर ऐसे भवन स्वामियों से बकाया सम्पत्ति कर की वसूली शतप्रतिशत करें। उन्होंने समस्त जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने जोन क्षेत्र के भवनों के नामान्तरण संबंधी कार्यवाही त्वरित रूप से की जाये। नगर आयुक्त ने यह भी कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय से वित्तीय वर्ष की गयी रजिस्ट्री की सूची ली जाये और नामांतरण की प्रक्रिया शुरू की जाये। नामांतरण के लटके मामलों को निपटाएं।

## इरफान गैंग के बदमाश की खोली हिस्ट्रीशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आगजनी मामले में जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी गैंग के पार्टनर और सदस्य हिस्ट्रीशीटर शौकत अली पहलवान की हिस्ट्रीशीट ग्वालटोली थाने में खोल दी गई है। पुलिस के अनुसार उस पर कई थानों में कई मामले दर्ज हैं।

जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट में बनी झोपड़ी में आग लगाने के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसका भाई रिजवान सोलंकी, ग्वालटोली के सूटरगंज निवासी शौकत अली पहलवान समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में सपा विधायक महराजगंज और बाकी आरोपी कानपुर जेल में बंद हैं। शौकत के खिलाफ आगजनी के अलावा आधार कार्ड में धोखाधड़ी, नई सड़क हिंसा, मारपीट, गैंगस्टर, लूट, हत्या का प्रयास, समेत नौ मामले दर्ज हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# दस स्थानों पर लगी आग, दौड़ती रहीं दमकलें

## लू के थपेड़ों से फैलती चली गई आग, शुक्र है कि कहीं कोई जनहानि नहीं हुई, हजारों का नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लू के थपेड़ों के बीच आग की घटनाएं रोजाना बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में 10 जगह आग लगी। फायर ब्रिगेड कर्मी आग बुझाने में सफल रहे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

**कूड़े में लगी आग, पास में खड़ा डंपर जला:** छावनी थानाक्षेत्र में माल रोड में एबी विद्यालय के पास कूड़े में आग लग गई। जिससे पास खड़ा कूड़ा उठाने वाला डंपर आग की चपेट में आ गया। छावनी थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। वहीं कन्या इंटर कॉलेज मॉल रोड पर लकड़ी के ढेर में भी आग लगी।



धू-धूकर जलता डंपर। अमृत विचार



बिजली घर के सामने लगी आग। अमृत विचार

### बुद्धा पार्क में लपटें

कल्याणपुर थानाक्षेत्र में इंदिरा नगर में स्थित बुद्धा पार्क में झाड़ियों में आग लगने से हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने मिनी कंट्रोल रूम में घटना की सूचना दी। दमकल ने आग बुझाई।

### ट्रांसपोर्ट नगर की झाड़ियों में लगी आग

पनकी थानाक्षेत्र में स्थित न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में झाड़ियों में आग लग गई। फजलगंज फायर स्टेशन से पहुंची दो दमकल की गाड़ियों ने आग को बुझा दिया। वहीं मंधना चौराहे के पास वैष्णो देवी मंदिर रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों में आग लग गई। फजलगंज से पहुंची दमकल ने आग बुझा दिया। सचेंडी थानाक्षेत्र में ग्राम कटरा भैसौर बिनौर के पास झाड़ियों में आग लग गई। मीरपुर से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया।

### महाराजपुर में गेहूं का भूसा जला

महाराजपुर थानाक्षेत्र के ग्राम डोमनपुर मे गेहूं के भूसे में आग की सूचना पर ग्रामीण दौड़ पड़े। पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुए। जाजमऊ फायर स्टेशन से दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया।

### ग्वालटोली में आग से हड़कंप

ग्वालटोली थानाक्षेत्र में गुरुवार रात एल्गिन मील में आग लगने से हड़कंप मच गया। कर्नलगंज फायर स्टेशन से दो यूनिट दमकल ने आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया।

### गुजैनी में पेड़ और दुकान धू-धूकर जली

गुजैनी थानाक्षेत्र में राम गोपाल चौराहा के पास एक पेड़ और दुकान में आग लगी। किदवई नगर फायर स्टेशन से एक दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# कानपुर की दुल्हन के मौसा और नानी की औरैया में मौत

**कानपुर।** औरैया के भीखेपुर गांव के पास बस और ट्राला की भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल हुए चकेरी के शिव कटरा निवासी चंद्रशेखर की दुल्हन बेटी सोनम वर्मा के 40 वर्षीय मौसा बलदेव और 60 वर्षीय नानी सुशीला की हैलट पहुंचने पर मौत हो गई।

हैलट पहुंचे लड़की के मामा गोपाल सिंह ने बताया कि शुक्लागंज निवासी सुशीला के पति की काफी साल पहले ही मौत हो चुकी है। नातिन की शादी के लिए सुशीला ने काफी अरमान सजा रखे थे। कई दिन पहले से ही वह नातिन के लिए कपड़े और देने के लिए उपहार की खरीदारी कर रहीं थीं। हैलट के इमरजेंसी रेड जोन में किनारे वाले बेड पर भर्ती अनवरगंज निवासी प्रिंयका के पति बलदेव की हादसे में मौत हो गई है। जबकि दोनों बच्चे अक्षत और आदित्य भी उसकी तरह घायल हैं। प्रियंका के पति बलदेव खरादी का काम करते थे। प्रियंका की हालत देख कर उसकी तीमारदारी में जुटे लोगों ने उसे पति की मौत की सूचना नहीं दी है। जबकि वह लोगों से पति के बारे में पूछ रही है, तो उसे दूसरे कमरे में इलाज चलने की बात कहकर सांत्वना दी जा रही है।

## सार-संक्षेप



फेयर की जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

### 28 को होगा ग्लोबल एजुकेशन फेयर

**कानपुर।** एईसी ओवरसीज 'ग्लोबल एजुकेशन फेयर' 28 अप्रैल को द लैंडमार्क टावर्स में आयोजित किया जाएगा। यह इवेंट छात्र व अभिभावकों के लिए निशुल्क है। कार्यक्रम में 50 से अधिक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों ओर 8 से अधिक शीर्ष वक्ता विदेश अध्ययन स्थलों जैसे यूके, कनाडा, अमेरिका, आयरलैंड, दुबई, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी शामिल होने आ रहे हैं। कार्यक्रम में विशेषज्ञ छात्रों को उनके विदेश में अध्ययन करने के लिए पूछे गए सभी सवालों का उत्तर देंगे। इसके अलावा शैक्षणिक संस्थानों के बारे में भी बताएंगे। यह जानकारी गुरुवार को एईसी ओवरसीज कानपुर की निदेशक अंजली अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विश्वविद्यालय और कोर्स चयन, एप्लीकेशन प्रक्रिया, वीज़ा सहायता, स्कॉलरशिप के अवसर और ऑन स्पॉट ऑफर लेटर के सभी पहलुओं पर एक्सपर्ट काउन्सलर परामर्श भी प्राप्त कर सकेंगे।

### जावा यज्दी शहर में लगाएगा मेगा सर्विस कैंप

**कानपुर।** जावा यज्दी बाइक नगर में अपना मेगा सर्विस कैंप लगाएगा। कैंप का आयोजन 26 से 27 अप्रैल तक नटराज एजेंसी सरकारी औद्योगिक क्षेत्र कालपी रोड फजलगंज में होगा। कैंप में 2019 व 2020 की जावा बाइकों की जांच और चुनिंदा कल-पुर्जों के बदलने की मुफ्त सुविधा होगी। इस मेगा सर्विस कैंप में मोटुल, एमरॉन और सिएट टायर्स सहित मूल उपकरण आपूर्तिकर्ता ग्राहकों की सहायता के लिए भाग लेंगे। जावा यज्दी बाइकों की जांच, मूल्यांकन के आधार पर वारंटी की पेशकश कर रही है। बाइक की बेहतरीन सर्विस और ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति जावा यज्दी प्रतिबद्ध है। ग्राहक इस शानदार मौके को न चूकें।

### बहन के प्रेमी ने ईंट पत्थरों से किया वार

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में युवक पर उसकी बहन के प्रेमी ने हमला कर दिया। युवक ने नौबस्ता थाने में हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया है। सिमरा गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी बड़ी बहन के प्रेम संबध इलाके में रहने वाले जावेद से थे। बुधवार को वह दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। तभी जावेद ने उसे रोक कर विवाद शुरू कर दिया। सिर पर ईंट मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। जावेद ने पांस साल पहले उसके बड़े भाई पर भी चापड़ से हमला किया था। नौबस्ता थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एचबीटीयू ने शुरू किए दो कोर्स

**कानपुर।** एचबीटीयू टीबीआई, प्रोफेसनल सेवाएं, और सक्सेस कॉरिडोर ने गुरुवार को दो प्रमाणपत्र कोर्स को लांच किया है। यह कोर्स व्यक्तित्व विकास और स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रमों की शुरुआत है। खास बात यह है कि यह कोर्स छात्र और पेशेवर दोनो ही कर सकते हैं। प्रमाणपत्र कार्यक्रमों के लिए प्रवेश 1 मई से शुरू होंगे संस्थान में हुए समारोह की शुरुआत कुलपति प्रो समशेर ने की। इस दौरान कुलपति ने छात्रों को पढ़ाई और प्रमाणपत्र कोर्स के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इसी तरह डॉ. राव विक्रम सिंह ने प्रतिभागियों पर उनकी प्रासंगिकता और प्रभाव पर जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. जहान सिंह ने खुशी और उत्कृष्टता की खोज पर एक विशेष व्याख्यान दिया। उधर गोपाल सुतवाला ने जीवन के सभी क्षेत्रों में व्यक्तित्व की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। समारोह में विकास गोयनका व डॉ. जे. भास्कर ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का समापन डॉ. स्मिता द्रोण की ओर से किया गया।

### कानपुर विद्या मंदिर में 27 से राष्ट्रीय संगोष्ठी

**कानपुर।** कानपुर विद्या मंदिर महिला महाविद्यालय, स्वरूप नगर में 27 व 28 अप्रैल को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम समाजशास्त्र विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है, जिसका विषय 'वाइब्रेंट इंडिया@ 2047% गेटवेय टू सोशल इकोनॉमी' है। यह जानकारी गुरुवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम विज ने दी। उन्होंने बताया कि इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश योगेन्द्र उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम, कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक मौजूद रहेंगे। पूनम विज ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य स्वतंत्र भारत के 2047 में सौ वर्ष पूर्ण होने पर भारत की सामाजिक और आर्थिक प्रगति और वैश्विक स्तर पर इसकी भूमिका पर चर्चा करना है।

### प्लॉट पर खड़ा ट्रैक्टर व अन्य सामान चोरी

**कानपुर।** बर्रा के रहने वाले अनंत सिंह ने पुलिस को बताया कि पनकी थानाक्षेत्र के पतरसा गांव में प्लॉट पर खड़ा ट्रैक्टर चोरों ने 21 अप्रैल की रात को चोरी कर लिया। चोर छह फर्मा, दो लोहे की घुड़िया, बिजली के चार तार बंडल भी साथ में ले गए। पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# वैश्विक हो रही है संस्कृत भाषा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रामकिशोर त्रिपाठी स्मृति सेवा समिति की ओर से गुरुवार को वेद पाठियों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। कक्षा छह से 12 तक के वेद पाठियों को इस दौरान संस्कृत भाषा का महत्व भी बताया गया। विश्वस्तर पर संस्कृत भाषा के जरिए मिलने वाले रोजगार से भी परिचित कराया गया। ऑनलाइन माध्यम से संस्कृत के विश्व के हर कोने तक पहुंचने की बात कही गई।



वेद पाठियों को बताया गया संस्कृत का महत्व। अमृत विचार

- रामकिशोर त्रिपाठी स्मृति सेवा समिति ने बांटी पाठ्य सामग्री

हिंद मजदूर सभा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रामकिशोर त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि पर स्कूली बच्चों को ऑनलाइन शिक्षा के बारे में भी बताया गया। पीरोड स्थित रामकृष्ण वेद विद्यालय में हुए आयोजन में कक्षा 6 से 12 तक के वैदिक छात्रों को रामकिशोर त्रिपाठी की पत्नी सुषमा त्रिपाठी, पुत्र आशीष त्रिपाठी व पुत्रवधू प्रगति त्रिपाठी ने सामग्रियों का वितरण किया। आचार्य रामावतार पाण्डेय की अध्यक्षता में हुए आयोजन में आचार्य चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, करन तिवारी व प्राचार्य राकेश मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।

आचार्य रामावतार पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक शब्द का उच्चारण शुद्ध और सार्थक होना चाहिए निरर्थक शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। आचार्य चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत भाषा हमारी मातृभाषा थी, अब इसका ह्रास हुआ है। हम संस्कृत - संस्कृति एवं संस्कारों को सम्मान देते रहें। विद्यालय के प्राचार्य आचार्य राकेश मिश्रा, चेन्नई से आए आचार्य करण त्रिपाठी , वागीश त्रिपाठी, नैमिष त्रिपाठी ,मनुज त्रिवेदी, सारा त्रिपाठी व प्रथमेश त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सात दिन तक सिखाएंगे ढोकरा मूर्तिकला

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स में गुरुवार को सात दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ढोकरा मूर्ति कला कार्यशाला का शानदार आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रो वीसी प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी ने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि ढोकरा मूर्तिकला हमारे देश की अत्यंत प्राचीन जनजातीय कला है, जिसका संरक्षण एवं संवर्धन आज की युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी है। इसे बचाने की जरूरत है। विषय विशेषज्ञ के रूप में बैतूल मध्य प्रदेश से ढोकरा मूर्तिकला के कुशल कलाकार संदीप साकरे , ममता सेगरे, उर्मिला धाड़से, ओम प्रकाश कंडालकड़े आए। इस मौके पर राज कुमार सिंह, जेबी यादव, डॉ.मिठाई लाल, प्रो. शुभम शिवा, डॉ. बृजेश स्वरूप कटियार आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में लद्दाख में बिताएं सात रातें व छह दिन

कार्यलय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आईआरसीटीसी ने हवाई यात्रा का टूर पैकेज लांच किया है। पैकेज में सात रातें व छह दिन शामिल हैं। लद्दाख में होटल में रुकने व घूमने की व्यवस्था होगी।

आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ की ओर से यह टूर 23 से 29 मई तक होगा। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि इस टूर पैकेज में यात्रियों को लखनऊ से लेह जाने व आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। खान-पान व ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था होगी। लेह में होटल में ठहरने की व्यवस्था के साथा अनेक सुविधाएं दी जाएंगी। मनोहारी नुब्रा वैली में कैंप में रात्रि विश्राम होगा। प्राकृतिक व मनोहारी दृश्यों से भरपूर स्थलों का भ्रमण होगा।

### रूम शेयर करने पर छूट

- एक व्यक्ति का पैकेज 60100 रुपये है। रूम शेयर करने पर दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज 55100, तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर प्रति व्यक्ति 54600 रुपये पैकेज है। माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज 53300 रुपये और बच्चे के लिए बिना पैकेज 48400 रुपये है।

### कैसे कराएं बुकिंग

- लद्दाख टूर की बुकिंग के लिए गोमतीनगर लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय व आईआरसीटीसी की बेवसाइट पर ऑनलाइन बुकिंग कराई जा सकती है। कानपुर के लिए बुकिंग का नंबर 8287930927 व 8287930930 है।

# पेयजल लाइन फटी तो रोका गया काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर सोटे बाबा मंदिर चौराहे पर पड़ रही नई सीवर लाइन का कार्य रुक गया है। गुरुवार को खोदाई के दौरान यहां एक नहीं दो मुसीबतें एक साथ सामने आ गईं। खोदाई में पेयजल लाइन फटने से फव्वारा फूट गया और इंटरनेट केबिल व अन्य भूमिगत लाइनों ने सीवर लाइन डालने का रास्ता बीच में ही रोक लिया। जलकल के अधिकारी घंटो मशक्कत करते रहे। कई कंपनियों को भी बुलाया गया लेकिन हल नहीं निकला। अब शनिवार तक स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

15 दिन पहले सोटे बाबा चौराहे पर नाला धंस गया था। पता चला नाले के स्लैब के वजन की वजह से नीचे से जा रही सीवर लाइन भी डैमेज हो गई। जलकल ने बुधवार को 4 लाख रुपये के बजट से 40 मीटर सीवर लाइन बदलने का काम शुरू किया था। देर रात तक 35 मीटर सीवर लाइन डल भी गई लेकिन इस दौरान कई कंपनियों की केबिल लाइनें खोदाई में सामने आ गईं। जिससे काम रुक गया।

# हैलट अस्पताल में बच्चे की फटी आंत का ऑपरेशन कर बचाई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तिर्वा मेडिकल कॉलेज में नहीं हो सका था ऑपरेशन

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में आंत फटने से बेहाल चार वर्षीय बच्चे की हैलट में तत्काल सर्जरी करके जान बचाई गई। परिजन पहले उसे लेकर तिर्वा मेडिकल कॉलेज गए थे, लेकिन वहां बाल रोग सर्जन नहीं होने पर बच्चे को हैलट अस्पताल लाए।



सुर्यांश।

कन्नौज निवासी राम प्रकाश के चार वर्षीय बेटे सुर्यांश को 18 अप्रैल को घर के बाहर एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। इससे पेट के साथ शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगी थी। तिर्वा मेडिकल कॉलेज में पता चला कि बच्चे की आंत फट गई है और उसमे छेद हो गए हैं। वहां से बच्चे को हैलट अस्पताल रेफर किया गया। 18 अप्रैल की रात करीब तीन बजे परिजन बच्चे को लेकर पहुंचे। हैलट इमरजेंसी में डॉ.आरके त्रिपाठी ने बच्चे को अपनी यूनिट में भर्ती किया। उन्होंने ईएमओ डॉ.आशीष श्रीवास्तव व उच्चाधिकारियों को जानकारी दी और तत्काल टीम के साथ मिलकर ऑपरेशन शुरू किया। राम प्रकाश की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर डॉक्टरों ने ईएमओ डॉ.आशीष श्रीवास्तव से सभी जांच फ्री कराईं और कुछ दवाएं अपने पास से खरीदीं। हैलट के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्चे की हालत स्थिर है। टीम में डॉ.शाकिब, डॉ.श्रेया, डॉ.गौरव व डॉ.कविता आदि शामिल थे।

# प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

**कानपुर।** आईआईटी के सेंटर फॉर एनर्जी रेगुलेशन एंड एनर्जी एनालिटिक्स लैब का ऊर्जा मंत्रालय के सचिव ने निरीक्षण कर तकनीक समझी। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने ऊर्जा संबंधी कई चुनौतियों के निदान पर भी चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में संयुक्त सचिव पीयूष सिंह, एमओपी के मुख्य अभियंता हेमन्त पांडे, नेत्रा के कार्यकारी निदेशक शाश्वतम मौजूद रहे। आईआईटी के समन्वयक प्रोफेसर अनूप सिंह ने क्षेत्रीय सुधारों, बाजार विकास सहित भारतीय बिजली क्षेत्र से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों के बारे में बताया।

# महिला की जलने से मौत, हत्या का आरोप

**कानपुर ।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र के अशोक नगर इलाके में दहेज की मांग न पूरी करने पर महिला को जलाकर मार डालने का आरोप लगाया गया है। मायके पक्ष के लोगों ने जलाकर मारने के बाद उन लोगों को सूचना देने का आरोप लगाया। लखनऊ से कानपुर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

लखनऊ के गोमती नगर विश्वास खंड निवासी सौरभ साहू ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन 35 वर्षीय प्रिया साहू का विवाह 17 नवंबर 2018 को अशोक नगर निवासी अमरजीत सिंह से किया था। अमरजीत मार्केटिंग रिप्रेंजेटेटिव हैं। अमरजीत के पिता और उसके परिजन शास्त्री नगर में रहते हैं। उसने आरोप लगाया कि अमरजीत नशे में उनकी बहन के साथ मारपीट करता था, अक्सर रुपये की मांग करता था। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह अमरजीत ने फोन कर जानकारी दी कि उनकी बहन की मौत हो गई है।

**आयोजन** सूरदास की पदावलियों से युवाओं को किया जाएगा जागरूक

# संस्कृति और इतिहास की जानकारी जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवाओं को देश की संस्कृति, सभ्यता और इतिहास के बारे में जानकारी होना बेहद जरूरी है। आज का युवा शिक्षा और रोजगार के लिए समाज व घर-परिवार से भाग रहा है और सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय है। युवा मोबाइल का इस्तेमाल करके भी भारतीय संस्कृति, सभ्यता व इतिहास की जानकारी हासिल कर सकता है। 20 वर्षों से शास्त्रीय नृत्य अकादमी नूपुर कलाश्रम युवाओं को जागरूक करने का काम कर रही है। यह जानकारी कथक नृत्यांगना वंदना देव रॉय ने दी।

नृत्य नाटिका सूर के श्याम की निर्देशिका वंदना देव रॉय ने बताया कि 28 अप्रैल को लाजपत भवन में शाम सात बजे से नृत्य नाटिका सूर के श्याम का भव्य मंचन नूपुर कलाश्रम व तिरंगा अगरबत्ती देश की खुशबू के की ओर से किया जा रहा है। यह नृत्य मंचन श्रीकृष्ण और महाकवि सूरदास की पदावालीयों पर आधारित है।




वंदना देव, पंडित नरेंद्र शर्मा और अन्य ने दी जानकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय सांस्कृति, सभ्यता और इतिहास के बारे में अवगत कराना है। तिरंगा अगरबत्ती के निर्देशक व नुपुर कलाश्रम के ट्रस्ट बॉडी मेम्बर पंडित नरेंद्र शर्मा ने कहा कि नई पीढ़ी जीवन शैली में इतना व्यस्त हो गई है कि वह देश के स्वर्णिम इतिहास की जानकारी से वंचित होती जा रही है। इस दौरान डॉ.देवाशीष देव रॉय, ज्ञानेंद्र विश्नोई समेत कई लोग मौजूद रहे।

### ये होंगे कार्यक्रम

संस्था के अध्यक्ष डॉ.देवाशीष देव रॉय ने कहा कि संस्था के 20 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम होंगे, जिसमें सेविंग वर्ल्ड सेविंग वाटर, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ, छंद काव्य समेत आदि कार्यक्रम शामिल हैं। ललित कलाओं के क्षेत्र से नुपुर कलाश्रम शहर के पांच संभ्रात व्यक्तियों को सम्मानित भी करेगी।

इंडियन बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) Indian Bank (A Govt. of India Undertaking) ई-नीलामी

इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, उत्तर प्रदेश - 210001

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (नियम 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/ प्रभारित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक (पूर्ववर्ती-इलाहाबाद बैंक) अंचल कार्यालय : तिंदवारी रोड, सेंट मैरी स्कूल के पास, बांदा, उ. प्र. - 210001 शाखा द्वारा लिया गया है, को '' जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित सम्बंधित ऋणियों एवं प्रत्याभूति दाताओं से बकाया धनराशि की वसूली हेतु दिनांक 31.05.2024 को बेचा जायेगा। विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :-

| क्र. सं. | ऋणी/शाखा का नाम | सम्पत्ति मालिक/ बन्धककर्ता का नाम | बैंक की दावा राशि | सम्पत्ति का विवरण | रिजर्व प्राइस धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी एवं बंधककर्ता:** मेसर्स नागेंद्र इंफ्रास्ट्रक्चर, **पता:** बघवा, कबरई, महोबा - 210421 **प्रोपराइटर एवं बंधककर्ता:** श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, **निवासी:** भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा | श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी, **निवासी:** भगत सिंह नगर, कबरई, महोबा | बकाया धनराशि रू. 74,18,747.00 तिथि 19.12.2023 को तथा ब्याज एवं लागत शुल्क तथा खर्चे वसूली की तिथि से 20.12.2023 | संपति के सभी भाग जो आराजी संख्या 92, मौजा-बघवा कबरई, तहसील एवं जिला महोबा में स्थित है। जिसका क्षेत्रफल: 10800 वर्ग मीटर और जो श्रीमती किरन त्रिपाठी पत्नी संजय त्रिपाठी के नाम है। चौहद्दी: पूर्व: गाटा संख्या 94, पश्चिम: चक रोड़, उत्तर: चक रोड़, दक्षिण: गाटा संख्या 93, सम्पत्ति आईडी सं.: IDIB30079100603 | रू. 91,93,000 लाख / रू. 9,19,500 लाख / बैंक को ज्ञात भार का विवरण — |

ई.एम.डी. राशि के साथ प्रोसेस कम्लायंस फार्म जमा करने की अंतिम तारीख व समय - 29.05.2024 सुबह 11 बजे तक एवं नीलामी की तारीख व समय - 31.05.2024, प्रातः 10.00 बजे से 4.00 बजे तक आसीमित विस्तार के साथ, बोली वृद्धि राशि रू. 10000/-

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए सम्पर्क करें:- रजनीश कुमार (प्राधिकृत अधिकारी) मो. सं. 9097274267 ई-मेल zohamirpur@indianbank.co.in

विस्तृत विवरण एवं शर्तो के लिए कृपया विजिट करें
1. www.indianbank.co.in
2. https://www.ibapi.in
3. https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi

बोलीकर्ता को सुझाव दिया जाता है कि ऑनलाइन बोली मे भाग लेने के लिए हमारे ई-आक्सन सर्विस प्रोवाइडर MSTC लि. की बेवसाइट www.mstcecommerce.com पर विजिट करें। तकनीकी सहायता के लिए कृपया MSTC हेल्पडेस्क नं. 033-22901004 पर कॉल करे और अन्य हेल्प लाइन नं. सर्विस प्रोवाइडर के हेल्पडेस्क मे उपलब्ध है। MSTC लि. के साथ रजिस्ट्रेशन स्थित देखने के लिए कृपया ibapiop@mstcecommerce.com पर विजिट करें और EMD की स्थित देखने के लिए ibapifin@mstcecommerce.com. पर विजिट करें। सम्पत्ति के विवरण, फोटोग्राफ और विकय के नियम व शर्तें के लिए कृपया visit: https://ibapi.in पर विजिट करें और पोर्टल से सम्बध्ति स्पष्टीकरण के लिए कृपया हेल्पलाइन नं. 18001025026 एवं 011-41106131 पर सम्पर्क करें।

कारपोरेट ऑफिस: अव्वई शनमुगम सलई रॉयलपट्टाह चेन्नई - 600014

दिनांक : 26.04.2024 स्थान : महोबा प्राधिकृत अधिकारी इंडियन बैंक

# भविष्य में कांग्रेस-सपा को भूल जाएंगे लोगः राजनाथ सिंह

## रक्षामंत्री ने राजपुर क्षेत्र में इटावा लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में की चुनावी जनसभा

संवाददाता राजपुर,(कानपुर देहात)



राजपुर में जनसभा में जनता का अभिवादन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रामशंकर कठेरिया आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार में भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। भाजपा सरकार में विकास कार्य आजाद भारत के इतिहास में सबसे तेजी से हो रहा है। ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इटावा लोकसभा क्षेत्र के राजपुर कस्बे में आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि आने वाले दिनों में दोनों दलों को लोग भूल जाएंगे। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा।

राजनाथ सिंह ने राजपुर के भारतीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में इटावा से लोकसभा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया को जीत दिलाने की अपील की। कहा कि भाजपा सरकार ने भारत को सशक्त देश बनाया है। पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। रूस- यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत के हजारों छात्र यूक्रेन में फंसे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन व रूस के

- **कहा, मोदी की वजह से इस समय पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है**

राष्ट्रपति से वार्ता कर चार घंटे के लिए युद्धविराम कराकर 22 हजार छात्रों को सकुशल भारत वापस बुला लिया। रक्षामंत्री ने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के बारे में अगले कुछ सालों में पूछा जाएगा कांग्रेस व सपा पार्टी कौन है। मोदी सरकार में विकसित भारत का सपना पूरा हुआ है। उत्तर प्रदेश की गरीब राज्यों में गिनती होती थी, लेकिन मोदी और योगी ने कुछ ही वर्षों में यूपी को एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा किया है। भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने धारा 370 समाप्त किया और अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कराकर अपने सबसे बड़े वादे को पूरा किया है। तीन तलाक पर कानून बनाकर मुस्लिम महिलाओं को सुरक्षा दी है। सयुंक्त राष्ट्र संघ में जाकर योग के लिए प्रस्ताव दिया। उसके बाद योग दिवस की शुरुआत की है। इस मौके पर इटावा सांसद डॉक्टर रामशंकर कठेरिया, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल, औरैया विधायक गुडिया कठेरिया, विनोद कटियार, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष बंशलाल कटियार, लोकसभा प्रभारी व पूर्व विधायक नीरज चतुर्वेदी, चैयरमैन अंशू त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही मिलेगा रोजगार

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में गुरुवार को अल्पसंख्यक सभा के छात्रों, अधिवक्ताओं व व्यापारियों की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन सरकार बनते ही नौजवानों को रोजगार देगी। हर हाथ को कम देकर क्रय शक्ति बढ़ाएंगे। ताकि व्यापार की स्थिति में भी प्रगति हो सके। अल्पसंख्यकों के बुनकर उद्योग को वृहद तरीके से बढ़ाने के लिए उद्योग नगर बनाएंगे। जहां लाखों की संख्या में रोजगार की समस्या से निजात मिल सकेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि किसान अपना गेहूं व्यापारियों को सीधे बेचकर मुनाफा प्राप्त कर रहा है, किसानों को सीधे गेहूं बेचने पर रोका न जाए। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, फैज महमूद एडवोकेट, प्रशांत सिंह सेंगर एडवोकेट, अनवर अली पप्पू, शाहनवाज खान शानू, हाजी एखलाक मिर्जा, राजेंद्र जयसवाल, संतोष पांडेय, हेमंत गुप्ता, अल्तमस सिद्दीकी, एडवोकेट मोनू तिवारी, अमरजीत यादव, निषाद, इशरत इराकी आदि लोग मौजूद रहे।



तीरंदाज

## पंजीरी खाकर माइक पर बोले फूफा...

लोकसभा चुनाव के दौरान ज्यादा भाव खाने वाले फूफा कहे जा रहे हैं। किसी ने अपना महत्व बताने की कोशिश की तो तपाक से कोई न कोई बोल पड़ता है ज्यादा फूफा न बनो। ऐसे ही भाजपा के एक फूफा हिट विकेट होकर चिया दिए। पार्टी के प्रत्याशी से बेहद नाराज फूफा ने अंतरात्मा की आवाज को गले के कौआ के जरिये बाहर आने क्या दिया हल्ला मच गया। प्रत्याशी बदलने को लेकर कार्यकर्ताओं में असंतोष का ज्ञान बांटने वाले फूफा को अंदाजा था कि उनका रिमोट कंट्रोल संघ और विहिप से जुड़े दो दिग्गजों के पास है जो यह कभी नहीं चाहेंगे कि पार्टी हाईकमान के फैसले को उनका शिष्य चुनौती देने के लिए शंख फूंककर उद्घोष करे। उन्हें समझ दिया गया। वो मान भी गए। रात-बिरात कुछ पहुंचे हुए फूफा आवास जाकर समझा-बुझाकर उन्हें शांत कर आए। घर के पास ही भाषण छौंका और बैठ गए। दावा है कि उनके लेटर का असर पड़ेगा। अब उन्हीं की पार्टी के लोग कह रहे हैं कि पर्चा दाखिल करने की आखिरी तारीख तो निकल गयी। अब फूफा रमाये धूनी प्रत्याशी चुसौआ आम हाथ में लिए संपर्क को निकल गए।

### हमरी न मानो ड्राइवरवा से पूछो

पुराने जमाने की फोटोग्राफी में निगेटिव से दिखने वाले एक पूर्व विधायक नाराज होकर पार्टी छोड़ केसरिया पलटन में शामिल हो गए। बहाना बनाया ड्राइवर से नाराजगी का। एक समय था ये धाकड़ नेता हुआ करते थे। ये भूल गए कि साल में एक ही बार बसंत आता है। फिरभी नेताजी लपकौरी लपकने की कोई कोशिश नहीं चूकते। पहले से ही खुसफुसाहट थी कि आज आएंगे या कल पर आएंगे जरूर। बताते हैं एक प्रत्याशी ने उन्हें गाड़ी-घोड़ा दे रखा था। किसी बात पर नेता जी ड्राइवर पर बिफर उठे। इस पर ड्राइवर मालिक प्रत्याशी से कहिन की डांटत हैं। प्रत्याशी ने फोन क्या घुमा दिया, नेताजी ने पार्टी ही छोड़ दी। इसे कहते हैं खुद्दारी।

### और अंत में...

दद्दा काहे दूबर माहौल के अंदेशा में। इनके दुख भी दत्तात्रेय के दुखों से कम नहीं हैं। चार साल काम करिन और जब चुनाव आवा तो आसन पर कोई और आकर बैठ गया। बस यही दुख साल रहा है। अब तो रिसाकर कोप भवन में भी नहीं जा सकते। नगरी-नगरी, द्वारे-द्वारे वोट मांग रहे हैं। असहयोग का दाग झक्कास कुरता में भला काहे लगने देंगे।

## गठबंधन प्रत्याशी के स्कूल पर छापेमारी

**कानपुर।** गुरुवार शाम इंडी अलायंस से कानपुर लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा के स्कूल में पुलिस ने छापेमारी की। फोर्स ने स्कूल के चप्पे-चप्पे पर तलाशी ली। पुलिस को आशंका थी कि एंबुलेंस से ढोई जा रही आलोक मिश्रा की अवैध प्रचार सामग्री उनके स्कूल डीपीएस और एपेक्स हॉस्पिटल में हो सकती है। इसलिए यहां तलाशी ली गई। करीब दो घंटे सर्च अभियान के दौरान कोई भी प्रचार सामग्री बरामद नहीं हुई। आशंका है कि एंबुलेंस के पकड़े जाने के बाद समय रहते प्रचार सामग्री को हटा दिया गया। जल्द ही आलोक मिश्रा को बयान दर्ज कराने के लिए नोटिस देकर बुलाया जाएगा। पुलिस का कहना है कि जिस एंबुलेंस में प्रचार सामग्री पकड़ी गई थी उसका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।



राजाराम पाल का स्वागत किया गया।

# मायावती और भाजपा की मिलीभगतःसंखवार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में संविधान की रक्षा के लिए अनुसूचित समाज का 90 प्रतिशत वोट इंडिया गठबंधन को जाएगा। जनता समझ चुकी है कि मायावती और भाजपा की मिलीभगत है। अगर संविधान की रक्षा कोई कर सकता है तो वह अखिलेश यादव व राहुल गांधी ही हैं। यह बात पूर्व मंत्री कुलदीप संखवार ने कहीं।

इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी व आम आदमी पार्टी के अकबरपुर रनियां विधानसभा में विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह उर्फ कल्लू यादव, पूर्व मंत्री कुलदीप संखवार व आलोक मिश्रा ने किया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने

- **अखिलेश और राहुल ही कर सकते संविधान की रक्षा**

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी राजाराम पाल को सांसद बनाने का संकल्प लिया। दिलीप सिंह ने कहा कि राजाराम पाल लाखों मतों से विजयी होंगे। आलोक मिश्रा ने बताया कि कानपुर देहात व कानपुर नगर में ब्राम्हण समाज इंडिया गठबंधन के साथ है। प्रत्याशी राजाराम पाल ने कहा कि विश्वास है कि अकबरपुर रनियां विधानसभा से ऐतिहासिक मतों से लीड करेंगे। कानपुर देहात सपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार, अम्बरीश सिंह गौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार, बीएन पाल, अमर सिंह पाल, चेयरमेन बिटान दिवाकर, रामकिशोर दिवाकर, सुरेश सक्सेना, पवन यादव व रामू दीक्षित आदि रहे।

### पुलिस प्रेक्षक शहर आईं

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग ने कानपुर व अकबरपुर सीट के लिए पुलिस प्रेक्षक तैनात किये हैं। पुलिस प्रेक्षक आईपीएस चित्रा एन गुरुवार को शहर पहुंचीं और अधिकारियों से मुलाकात कीं। लाइजन अधिकारी आकांक्षा गुप्ता, दीपमाला दुबे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि चित्रा एन आईआईटी स्थित पायनियर बैज लाबी विजिटर्स हॉस्टल में जनता से सुबह 10 से 11 बजे तक मिलेंगी।

## व्यापारियों का सम्मान नहीं किया गया

**कानपुर।** तिलक हाल में गुरुवार को कारोबारियों की बैठक हुई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में व्यापारी और वैश्य समाज अपने अस्तित्व के लिए चिंतित है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा की व्यापारी विरोधी, वैश्य विरोधी सरकार ने अपनी नीतियों के कारण व्यापारी वैश्य समाज की कमर तोड़ दी है। यह केवल चुनिंदा पूंजीपतियों को मदद करने वाली सरकार है, जिसका छोटे व्यापारियों या आम वैश्य समाज के लोगों से कोई सरोकार नहीं। उत्पीड़न, इंस्पेक्टर राज और अपराध के कारण कानपुर के व्यापारी पलायन को मजबूर हुए। छात्र रोनिल सरकार और कुशाग्र की हत्या ने कानपुर को झकझोर के रख दिया। व्यापारी अमोल दीप भाटिया की पिटाई से व्यापारी समाज के सम्मान को भाजपा सरकार ने रौंदा है। भाजपा सरकार में व्यापारियों की आत्महत्या में भी रिकॉर्ड इजाफा हुआ है।

# कार्यकर्ताओं का मन है कि चुनाव न लड़ूं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रकाश शर्मा।

**अमृत विचार।** बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक और भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश शर्मा ने नामांकन न करने की घोषणा की। प्रकाश ने बुधवार को नामांकन पत्र खरीदा था। उन्होंने प्रेस वार्ता कर कहा कि कार्यकर्ताओं का मन है कि मैं नामांकन न कराऊं और चुनाव न लड़ूं। प्रकाश शर्मा ने वर्तमान प्रत्याशी के विरोध में प्रधानमंत्री समेत भाजपा के बड़े पदाधिकारियों को पत्र लिखा है।

प्रकाश शर्मा ने कहा कि नीचे से ऊपर तक हड़कंप मचा है। पीएम ने मेरे पत्र को स्वीकार कर पढ़ा है, यह हमारे लिए बड़ी बात है। मैंने पत्र के जरिये कार्यकर्ताओं की बात ऊपर तक पहुंचाई है। नेतृत्व से पूछा कि एक कार्यकर्ता को कैसा होना चाहिए कि वह भी मोदी जी जैसा बन सके। वह कैसा आचरण करें, कार्यकर्ता क्रिकेटर बने, डांसर बने कि अच्छा लेनदेन करने वाला बने, व्यापारी बने या अच्छा पत्रकार, नेतृत्व अपने कार्यकर्त्ता को कैसा देखना चाहती है यह भी बताना चाहिये। उन्होंने बताया कि बुधवार रात संघ के प्रांत संचालक भवानी भीख, प्रांत प्रचारक श्रीराम और क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के घर पहुंचने के बाद ही तय हो गया था अब नामांकन नहीं कराएंगे। उनका कहना है कि गुरुवार सुबह विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय, बजरंग दल के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व भाजपा सांसद विनय कटियार के फोन आए।

# भाजपा की ताकत हैं बूथ, जीतेंगे अकबरपुर सीटः विजय बहादुर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




सम्मेलन को संबोधित करते देवेंद्र सिंह भोले।

**अमृत विचार।** भाजपा संगठन की सबसे ताकतवर इकाई बूथ है। बूथ मजबूत तो संगठन मजबूत। यह बात गुरुवार को अकबरपुर लोकसभा की रनियां विधानसभा और महराजपुर विधानसभा के बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में भाजपा प्रदेश संगठन में उपाध्यक्ष एमएलसी विजय बहादुर पाठक ने कही।

मुख्य अतिथि के रूप में विजय बहादुर पाठक ने कहा कि आपकी क्षमता, साहस को बूथ ने ही नहीं मंडल, जिला, क्षेत्र, प्रदेश, देश और देश के बाहर सम्पूर्ण विश्व ने देखा और माना है। उन्होंने कहा अबकी बार देवेंद्र सिंह भोले को पांच लाख पार व सांसदों की संख्या चार सौ के पार ले जाने की जिम्मेदारी आपके कंधों पर है।

- **रनियां और महाराजपुर विधानसभा में बूथ सम्मेलन**

इस दौरान भोले ने कहा भाजपा के प्रत्याशियों के भाग्य विधाताओं मैं आपकी विनम्रता, क्षमता, परिश्रम, धैर्यता, लगनशीलता के आगे नत मस्तक हूं। मुझे विश्वास है आप अपनी संपूर्ण क्षमता का दर्शन 13 मई मतदान वाले दिन कराएंगे। रनियां विधान सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता उपाध्यक्ष रामजी मिश्रा ने व संचालन व संचालन डॉ. सतीश शुक्ला ने किया। महाराजपुर कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया व संचालन शैलेंद्र त्रिपाठी ने किया।

# मोदीराज में सनातन प्रतिष्ठा शिखर पर



जनसंपर्क करते भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी। अमृत विचार

**कानपुर।** भाजपा लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी ने कई सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के शासनकाल में सनातन की प्रतिष्ठा को शिखर पर पहुंचाया है। उन्होंने तुष्टिकरण किसी का नहीं किया और विकास योजनाओं का लाभ हर तबके और संप्रदाय को समान रूप से पहुंचाया है। दुनिया में भारत की छवि आसमान पर है। मोदी चार सौ पार सीट खुद के लिए अथवा अपने परिवार के लिए नहीं मांग रहे बल्कि, आगामी तीसरे कार्यकाल में देशहित में ऐतिहासिक फैसले लेने के लिए मांग रहे हैं। गोविंदनगर विधायक सुरेन्द्र मैथानी कार्यकर्ताओं के साथ रहे।

## स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**कानपुर देहात।** जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक सिंह ने अकबरपुर डिग्री कालेज में मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से दुरस्त होनी चाहिए। सीलिंग प्रक्रिया के लिए समस्त व्यवस्थाएं पूर्व कर ली जाएं। स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में कार्य में न आने वाली ईवीएम मशीन को न रखा जाए।

# पुलिस कमिश्नर ने निरीक्षण कर संवेदनशील क्षेत्र देखे

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर ने बाबूपुरवा, किदवई नगर थानाक्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संवेदनशील इलाकों के सीसीटीवी कैमरों की जांच भी की।

गुरुवार को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार सबसे पहले बाबूपुरवा थानाक्षेत्र पहुंचे। उन्होंने चार राड चौराहा, ईदगाह, बेगमपुरवा में अधिकारियों के साथ पैदल गश्त की और चार राड पर चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की हकीकत परखी। कई संवेदनशील इलाकों में कैमरे न लगे होने पर दक्षिण जोन के अधिकारियों को कैमरे लगवाने को कहा। इसके बाद महेश बिल्डिंग, ईदगाह से होते हुए किदवई नगर थाने पहुंचे। थाने का निरीक्षण करने के बाद अधिकारियों संग मीटिंग की। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार, एडीसीपी अंकिता शर्मा, एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ सिंह व अन्य मौजूद रहे।

**लोकसभा चुनाव** | कानपुर सीट से 19 और अकबरपुर सीट से पांच नामांकन

# नामांकन के आखिरी दिन 24 पर्चे दाखिल किए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर और अकबरपुर सीट पर नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को सबसे ज्यादा प्रपत्र दाखिल हुए। दोनों सीटों से 10 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन कराया, वहीं प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों समेत अन्य ने अतिरिक्त सेट दाखिल कराया। कुल 24 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

गुरुवार को पहला नामांकन करीब साढ़े ग्यारह बजे कानपुर सीट से हुआ। इसके बाद लगातार प्रत्याशी आते रहे। एक-एक करके नामांकन प्रक्रिया चालू रही। कानपुर सीट से आखिरी दिन कुल 19 नामांकन व सेट दाखिल हुए। जिसमें भाजपा से रमेश अवस्थी ने एक सेट, बसपा के कुलदीप भदौरिया ने दो सेट, राष्ट्रीय समाज पक्ष के संजय कुमार त्रिवेदी ने एक सेट, बहुजन मुक्ति पार्टी के मनोज कुमार ने एक सेट, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से वालेंद्र कटियार ने एक सेट, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक पार्टी के प्रसस्त धीर ने दो सेट और दाखिल किया। राष्ट्रीय किन्नर मोर्चा के विजय नारायण पाल, सभी जन पार्टी के अशोक पासवान, अखिल भारतीय परिवार पार्टी की प्रीति राठौर ने नामांकन कराया। वहीं निर्दलीय रमेश चंद्र अवस्थी, राजू भारती, अजय कुमार मिश्रा, सुभाष चंद्र, आलोक मिश्रा, सुरेंद्र बाजपेई, जय प्रकाश पांडेय, राकेश सिंह, अरविंद कुमार व मोहित कुमार साहू ने नामांकन कराया। वहीं अकबरपुर सीट से राष्ट्रीय संस्कृति पार्टी के विपिन कुमार नामांकन कराया। गठबंधन से सपा के राजाराम पाल, बसपा से राजेश कुमार द्विवेदी ने नामांकन के अन्य सेट दाखिल किए। आदर्श लोक दल के योगेश जायसवाल ने नामांकन भरा।

### आज होगी नामांकन प्रपत्रों की जांच

**कानपुर।** कानपुर और अकबरपुर सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया का गुरुवार को अंतिम दिन रहा। कानपुर सीट से कुल 24 उम्मीदवारों में 14 व अकबरपुर सीट से 15 उम्मीदवारों में पांच निर्दलीय हैं। शुक्रवार 26 अप्रैल को नामांकन प्रपत्रों जांच की जाएगी और 29 को नाम वापसी होगी। 18 से 25 अप्रैल तक हुए नामांकन में कानपुर सीट से कुल 24 उम्मीदवारों ने 40 नाकांकन कराए। वहीं अकबरपुर सीट से 15 उम्मीदवारों ने 28 नामांकन कराए।

### अकबरपुर सीट से 15 उम्मीदवार

भाजपा से देवेंद्र सिंह उर्फ भोले सिंह, इंडिया गठबंधन सपा से राजाराम पाल, बसपा से राजेश कुमार द्विवेदी, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंद्रेश सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से दिनेश कुमार पटेल, भारत इंटीग्रेटेड रक्षक पार्टी से प्रदीप, आदर्श लोकदल से योगेश जायसवाल, राष्ट्रीय जन उत्थान पार्टी से रामगोपाल, राष्ट्रीय संस्कृति पार्टी से विपिन कुमार उम्मीदवार हैं। इसी तरह निर्दलीय कुलदीप कुशवाहा, प्रेमशीला, राजाराम, रंजना दीक्षित, डॉ. विजय नारायण पाल उम्मीदवार हैं।

### कानपुर सीट से कुल 24 उम्मीदवार

सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) से वालेंद्र कटियार, इंडियाय गठबंधन कांग्रेस से आलोक मिश्रा, भाजपा से रमेश अवस्थी, प्राउटिस्ट ब्लॉक इंडिया से संजय सिंह, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से पंकज पटेल, राष्ट्रीय समाज पक्ष से संजय कुमार त्रिवेदी, बसपा से कुलदीप भदौरिया, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से प्रशस्त धीर, सभी जन पार्टी से अशोक पासवान, अखिल भारतीय परिवार पार्टी से प्रीति राठौर उम्मीदवार हैं। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार अरविंद कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार, अजय कुमार मिश्रा, मनोज कुमार, आलोक मिश्रा, रमेश चंद्र अवस्थी, विजय नारायण पाल, राजू भारती, सुभाष चंद्र, सुरेंद्र बाजपेई, जय प्रकाश पांडेय, राकेश सिंह गिहार, अरविंद कुमार, मोहित कुमार साहू है।

### भीड़ से परेशान रही पुलिस

आखिरी दिन भीड़ अधिक होने के कारण पुलिस दिनभर हलकान रही। निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या अधिक होने के कारण प्रस्तावकों की भीड़ थी। सभी के एक साथ जाने की जिद पर पुलिस को परेशान होना पड़ा। पुलिसकर्मियों ने पांच-पांच की टुकड़ी में अंदर भेजा।

# भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर की वसूली : आलोक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



बैठक को संबोधित करते आलोक मिश्रा।

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रमुख दल कांग्रेस के उम्मीदवार आलोक मिश्रा ने गुरुवार को गुजंन सिनेमा के सामने केंद्रीय कार्यालय में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। किदवई नगर, वसंत विहार, नौबस्ता सब्जी मंडी वार्ड-14 में वह राम कथा में शामिल हुए।

किदवई नगर हनुमंत विहार व के ब्लॉक में वार्ड-92 में चाय बैठक के दौरान कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बांड के नाम पर चंदा नहीं लिया, बल्कि सिर्फ वसूली की है। राष्ट्रीय आर्दश विद्यालय के सामने, रायपुरवा में संगीत टॉकीज के पास व देवीदीन का हाता में जनसंपर्क किया और फेथफुलगंज में नुक्कड़ सभा में शामिल हुए।

- **इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने किया जनसंपर्क**

नई सड़क अकबर आजम हॉल व मुंशीपुरवा में शगुन गेस्ट हाउस में वलीमा में पहुंचे। दहेली सुजानपुर में राकेश निगम के निवास पर उन्होंने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जयशंकर द्विवेदी, शैलेंद्र सिंह, बाल मुकुंद तिवारी, रवि शंकर मिश्रा, सुभाष द्विवेदी, वरुण मिश्रा, भानु प्रताप सिंह अधिवक्ता, मनीष बाजपेयी अधिवक्ता, मांडवी मिश्रा, शेष नारायण मिश्रा, राकेश निगम, मनोज अहलूवालिया आदि लोग रहे।

# रैपुरा कांड : 'अंगौछा' खोलेगा युवती की हत्या का राज

संवाददाता, घाटमपुर

- घटनास्थल से मिले अंगौछे की तस्दीक में जुटी पुलिस
- कातिल तक ले जाएंगे युवती के हाथ में मिले बाल

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के रैपुरा गांव में युवती की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे हैं। घटनास्थल से बरामद हुआ अंगौछा न सिर्फ युवती की हत्या का राज खोलेगा, बल्कि उसके कातिल तक भी पहुंचाएगा। युवती के हाथ में मिले बाल भी कातिल तक पहुंचाने में एक अहम कड़ी साबित होंगे। पुलिस अंगौछा की तस्दीक करने के साथ ही बालों का मिलान करने की तैयारी में जुटी है।

सजेती थाने के रैपुरा गांव में मंगलवार की शाम लापता हुई रामगोपाल संखवार की 20 वर्षीय पुत्री रानी का बुधवार की सुबह घर से डेढ़ सौ मीटर दूर झाड़ियों में शव पड़ा मिला था। उसके मुंह और गले में चोटों के निशान थे। कपड़े भी फटे थे, जिससे यह कयास लगाए जा रहे हैं कि रेप के बाद उसकी हत्या की गई है। युवती की सनसनीखेज हत्या की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक के साथ डीसीपी रविंद्र कुमार, एसीपी रंजीत कुमार ने फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ घटनास्थल की जांच-पड़ताल की थी।

छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल से एक अंगौछा बरामद हुआ था, जो हत्याकांड का खुलासा करने के लिए एक अहम कड़ी है। पुलिस इस अंगौछा की तस्दीक करने में जुटी है। पुलिस की प्रारंभिक छानबीन में यह अंगौछा युवती के ही एक पारिवारिक सदस्य का होने की बात सामने आ रही है। इसके साथ ही एक अहम क्लू और मिला है।



रैपुरा गांव में गम का माहौल पसरा रहा। अमृत विचार

बताते हैं कि युवती के हाथ में कुछ बाल मिले हैं, जिन्हें फोरेंसिक टीम ने अपने कब्जे में लिया है। पुलिस का अनुमान है कि यह बाल उसी के हो सकते हैं, जिसका घटनास्थल पर अंगौछा मिला है। पुलिस बालों का परीक्षण कराने के बाद ही किसी नतीजे तक पहुंचेगी। बताते हैं कि युवती की हत्याकांड के जुड़े अहम क्लू मिलने के बाद पुलिस उस व्यक्ति पर बराबर नजर रख रही है, जिसका अंगौछा और बाल होने की आशंका है। हालांकि एसीपी रंजीत कुमार का कहना है कि पूरे मामले की गहराई से छानबीन की जा रही है। जांच में कई बिंदुओं को शामिल किया गया है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा हो जाएगा।

### गला दबाकर की गई थी युवती की हत्या

पुलिस ने रानी के शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। यह पोस्टमार्टम नर्वल सीएचसी की डॉ.हिमानी सचान और डॉ.अनिल कुमार के पैनल में हुआ। पोस्टमार्टम में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। उसके शरीर में दर्जन भर से अधिक चोटों के निशान मिले हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि रानी ने अपने को बचाने के लिए अंतिम समय तक संघर्ष किया। फिलहाल दुराचार की पुष्टि तो नहीं हुई, मगर आशंका के आधार पर स्लाइड तैयार की गई है।

### सहेली की शादी में जाने के लिए उत्साहित थी

मंगलवार को रानी परिवार के साथ गेहूं की कटाई करने खेत गई थी। शाम करीब सात बजे मां शकुंतला के साथ गेहूं की कटाई कर घर लौटी थी। उसे गांव की ही एक सहेली की शादी में जाना था। शादी एक गेस्ट हाउस से थी। निमंत्रण में जाने के लिए वह काफी खुश थी। वह शौच के लिए खेत की तरफ गई थी, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटी। परिवार वाले खोजते रहे, लेकिन रात गुजर गई और उसका पता नहीं चला। सुबह घर से 150 मीटर की दूरी पर झाड़ियों के बीच उसका शव मिला।

### अज्ञात के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

रैपुरा गांव की रहने वाली युवती रानी के पिता रामगोपाल संखवार की तहरीर पर सजेती थाने की पुलिस ने गुरुवार को अज्ञात के खिलाफ हत्या की एफआईआर दर्ज की है। सजेती थानाध्यक्ष बृजमोहन का कहना है कि तहरीर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और पूरे मामले की गहराई से विवेचना की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूरे घटनाक्रम से पर्दा उठाया जाएगा।

# तेज रफ्तार डंपर भिड़ा चालक केबिन में फंसा

संवाददाता, घाटमपुर

- हमीरपुर हाईवे पर जहांगीराबाद गांव के पास हुआ हादसा, डंपर चालक हैलट अस्पताल रेफर

**अमृत विचार:** हमीरपुर हाईवे पर जहांगीराबाद गांव में तेज रफ्तार डंपर आगे चल रहे डंपर में पीछे से जा घुसा। हादसे में डंपर चालक केबिन में फंस गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने केबिन खींचकर कड़ी मशक्कत से चालक को बाहर निकाला और घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया।

जालौन जिले के लमसर गांव के रहने वाले 21वर्षीय उपदेश ने बताया कि वह डंपर में मौरंग लादकर लखनऊ जा रहा था। वह जैसे ही कानपुर-हमीपुर हाईवे पर जहांगीराबाद गांव के पास पहुंचा, तभी आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे उसका डंपर आगे चल रहे डंपर में भिड़ गया। हादसे के बाद डंपर चालक केबिन में फंस गया।

राहगीरों ने डंपर की केबिन में चालक को फंसे देखा तो फोन कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से केबिन खींचकर चालक को निकाला और सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि घायल चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# दो पक्षों के बीच संघर्ष, घरों में आगजनी

## चौबेपुर क्षेत्र के भउआपुर पचोर गांव में हुई घटना, मकान पर कब्जे को लेकर चले लाठी-डंडे, पांच घायल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के भउआपुर पचोर गांव में मकान पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद संघर्ष हो गया। लाठी-डंडे चलने से दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए। इस बीच दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के घरों के बाहर रखे छप्पर में आगजनी की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है।

भउआपुर पचोर गांव में बसंत वर्मा और हनुमान कुरील के बीच एक मकान पर कब्जे को लेकर कुछ समय से विवाद चला आ रहा है। बसंत वर्मा का कहना है कि उनके पैतृक मकान का बंटवारा नहीं हुआ है। समस्या देखकर उन्होंने अपनी चचेरी बहू अनीता को रहने के लिए मकान दिया था। इधर, अनीता का नया मकान बन जाने के बाद जब उसने मकान खाली करने को कहा तो पता चला कि अनीता ने गुपचुप तरीके से मकान गांव के हनुमान कुरील को बेच दिया है। हनुमान का कहना है कि उसने बाकायदा लिखा-पढी में अनीता से मकान खरीदा है।

इसी बात को लेकर गुरुवार दोपहर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ। कहासुनी के बीच दोनों पक्षों के लोग लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने हो गए और लाठी-डंडे चलने लगे। संघर्ष में हनुमान, उसकी पत्नी गुड्डन, बेटी लक्ष्मी, बसंत की पत्नी फूलमती, बहू रानी घायल हो गईं। इसी दौरान दोनों पक्षों ने घरों के बाहर रखे छप्परों में आग लगा ली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भेजा। मारपीट में शामिल चार लोगों को हिरासत में ले लिया। गंभीर रूप से घायल हनुमान, गुड्डन, लक्ष्मी और फूलमती को हैलट कानपुर रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि मकान पर कब्जेदारी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद के बाद मारपीट हुई है। पेशबंदी में दोनों ने अपने-अपने घरों के बाहर रखे छप्पर में आग लगाई है। दोनों पक्षों से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### चार की हालत गंभीर

- पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, चार कानपुर रेफर
- पूरे घटनाक्रम में दोनों पक्षों के चार लोग हिरासत में लिए गए



घायल हनुमान।



घायल गुड्डन।



घायल लक्ष्मी।



घायल रानी।



पचोर गांव में धू-धू कर जलता हनुमान के घर का छप्पर। अमृत विचार

### एक हफ्ते पहले भी दोनों पक्षों में हुई थी मारपीट

मकान पर कब्जेदारी को लेकर दो हफ्ते से बसंत वर्मा और हनुमान कुरील के बीच तनातनी चल रही है। मकान पर कब्जे के विवाद में 18 अप्रैल को भी दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। तब मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की थी। गुरुवार की दोपहर फिर दोनों पक्ष भिड़ गए और घरों में आगजनी भी की। अब पुलिस सख्त रुख अपना रही है।

### जब्त होगी जमानत अनुबंध धनराशि

इस मामले में अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजयेंद्र द्विवेदी का कहना है कि 18 अप्रैल को मारपीट में दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई थी। शांति बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों ने जमानत अनुबंध पत्र भरा था, जिसका उल्लंघन हुआ है। अब जमानत अनुबंध धनराशि जब्त किए जाने की कार्रवाई की जाएगी। वास्तविक तथ्यों के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# 5जी एंटीना पर नवाचार जरूरी

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर में गुरुवार को '5जी एंटीना बुनियादी बातों से कार्यान्वयन तक' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित हुई। इस कार्यशाला में शिक्षा जगत, सीएसआईआर और डीआरडीओ के प्रमुख लोग 5जी एंटीना प्रौद्योगिकी की जटिलताओं को समझने के लिए एक साथ आए। तीन दिवसीय कार्यशाला में आईआईटी कानपुर में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के प्रमुख प्रोफेसर कुमार वैभव श्रीवास्तव ने आईआईटी कानपुर के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग से संगोष्ठी समन्वयक प्रोफेसर एआर हरीश और प्रोफेसर राघवेंद्र चौधरी ने विचार व्यक्त किए। कार्यशाला में 5जी एंटीना प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति पर ध्यान देने के साथ, इस कार्यक्रम ने शिक्षा जगत और उद्योग के बीच ज्ञान साझा करने, विचारों के आदान-प्रदान और संभावित सहयोगी उद्यमों की खोज की सुविधा प्रदान की। प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से विचारोत्तेजक चर्चाओं में भाग लिया। इस दौरान 5जी एंटिना क्षेत्र में नवाचार के प्रति शोध को बढ़ाए जाने पर जोर दिया गया।

# काठमांडू में स्थापित होगा करौली शंकर धाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री करौली शंकर महादेव धाम में चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित तीन दिवसीय उत्सव में देश व विदेश से हजारों भक्त मंत्र और तंत्र की दीक्षा लेने पहुंचे। इस बार पूर्णिमा पर नेपाल से आए हुए भक्तों व शिष्यों ने करौली शंकर महादेव का चरण पूजन किया और नेपाल में सनातन के प्रचार-प्रसार के लिए काठमांडू में करौली शंकर महादेव धाम के निर्माण का संकल्प लिया। गुरु जी को धाम की नींव रखने के लिए नेपाल आने के लिए आमंत्रित किया।

पूर्णिमा के एक दिन पहले से ही भक्तों का करौली शंकर महादेव धाम आना शुरू हो जाता है। इस तीन दिवसीय उत्सव के प्रथम दिन भक्तों का शुद्धि और सिद्धि का कार्यक्रम होता है। इसके बाद दूसरे दिन मंत्र की दीक्षा व तीसरे दिन प्रवचन, ध्यान, साधना व तंत्र की दीक्षा दी जाती है। इन कार्यक्रम में हजारों भक्त व शिष्यों को ध्यान, साधना, यज्ञ व अनुष्ठान करके जीवन को किस तरह रोग, शोक से मुक्त किया जाए बताया गया। गुरुजी ने प्रवचन में कहा कि शिष्य को गुरु ही भवसागर से पार कराता है। गुरु का ज्ञान और शिक्षा ही जीवन का आधार है। गुरु के बिना जीवन की कल्पना अधूरी है। गुरु जगत व्यवहार के साथ भव तारक, पथ प्रदर्शक होता है। सनातन अवधारणा के अनुसार मनुष्य को जन्म भले ही माता-पिता देते हैं, लेकिन सही अर्थ गुरु कृपा से ही प्राप्त होता है।



संबोधित करते करौली शंकर महादेव।

## जख्मी सड़क दे रही घाव...



शिवराजपुर क्षेत्र के सखरेज से जयकिशन निवादा संपर्क मार्ग पर गहरे-गहरे गड्ढे होने से राहगीरों का चलना मुश्किल हो रहा है। यही हाल इलाके के कई अन्य संपर्क मार्गों का है। गड्ढायुक्त सड़कों पर दोपहिया वाहन सवार अक्सर गिरकर चुटहिल होते रहते हैं। जयकिशन निवादा गांव के रहने वाले दीपक, तिवारी, सुरेश रतन कमल, आशीष कमल आदि ने बताया कि उनके गांवों को जोड़ने वाला संपर्क मार्ग बेहद खराब स्थिति में है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से ही लोग हरनू, नदीहां, शाह निवादा होते हुए ककवन और बिल्हौर आते-जाते हैं। बोल्डर वाले रास्ते पर चलने में लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अखंडेश्वर प्रसाद का कहना है कि क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर को भेजकर सड़क की जांच कराई जाएगी और पैच वर्क व मरम्मत का इस्टीमेट तैयार कराया जाएगा। • अमृत विचार

# युवक ने जहर खाकर कर ली आत्महत्या

**भोगनीपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पुरैनी गांव निवासी एक किशोर ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। चिकित्सको के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

भोगनीपुर के पुरैनी गांव निवासी गोपाल के 17 वर्षीय पुत्र कन्हैया यादव ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। भाई सौरभ ने बताया कि हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुखरायां में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। भोगनीपुर कोतवाल अंजन कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है, फिर भी पूरे मामले की छानबीन कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई होगी।

# जिंदा जलाने में पति पत्नी को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- रसूलाबाद क्षेत्र के खपरेमऊ गांव में हुई थी वारदात

**अमृत विचार।** रसूलाबाद क्षेत्र के खपरेमऊ गांव में करीब साढ़े तीन साल पहले जानवर बांधने के विवाद में सोते हुए बुजुर्ग पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला हत्या करने के मामले में जिला जज की अदालत ने आरोपी पति-पत्नी को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल व सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज सिंह ने बताया कि खपरेमऊ के लक्ष्मण सिंह और ताराचंद के बीच जानवर बांधने को लेकर विवाद हुआ था। दूसरे दिन 4 सितंबर 2020 को घर के बाहर सो रहे लक्ष्मण सिंह पर पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया गया था। लक्ष्मण सिंह के पुत्र दीपक राजपूत ने गांव के कृपाराम, ताराचंद, रामजी व सुरेश के खिलाफ पेट्रोल डालकर जलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान लक्ष्मण सिंह की मौत हो जाने पर हत्या सहित अन्य धाराओं में पुलिस ने ताराचंद व उसकी पत्नी अनीता के खिलाफ साक्ष्य मिलने पर कोर्ट में आरोप पत्र पेश किए थे। अन्य का नाम हटा दिया था। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज जयप्रकाश तिवारी की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति-पत्नी को दोषी करार दिया और आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही प्रत्येक पर दस-दस हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

## सार-संक्षेप



लोहारखेड़ा गांव में आग से जलकर सामान राख हो गया। अमृत विचार

### शॉर्टसर्किट से लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

**बिठूर।** गुरुवार दोपहर क्षेत्र के लोहारखेड़ा गांव में विजय, महेंद्र और सुरेंद्र के घर के सामने लगे बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट होने से छप्पर में आग लग गई, जिससे जरूरी सामान के साथ भूसा व लकड़ी जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, लेकिन जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, गांव वालों ने मिलकर आग पर काबू पाया लिया। तब तक घरों का काफी सामान जलकर राख हो गया।

### अवैध शराब बेचने जा रहा युवक दबोचा गया

**बिल्हौर।** लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे चेकिंग एवं छापेमारी अभियान में ककवन पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया कि रहीमपुर विषधन गांव का रहने वाला अंकित पटेल 18 पौव्वा देशी शराब लेकर जा रहा था। चेकिंग के दौरान संदिग्ध देखे जाने पर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास 18 पौव्वा शराब बरामद हुई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान भेजा जाएगा।

## प्रदेश

# सपा उम्मीदवार सहित 54 के खिलाफ रिपोर्ट

**फर्रुखाबाद।** नामांकन के दौरान पुलिस से हुई नोकझोंक के मामले में सपा प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक समेत 54 लोगों के खिलाफ गुरुवार को आचार संहिता उल्लंघन की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

बुधवार को सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य समर्थकों के साथ नामांकन कराने कलेक्ट्रेट गए थे। गेट के अंदर घुसने को लेकर पुलिस से समर्थकों की नोकझोंक हो गई थी। गुरुवार को फतेहगढ़ कोतवाली में तैनात दरोगा मिथलेश कुमार ने सपा प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी निवासी, कन्नौज व मोहल्ला नवदिया निवासी महानगर महासचिव रजत क्रांतिकारी समेत 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

# पूर्व सांसद धनंजय सिंह के मामले में फैसला सुरक्षित

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण और आपराधिक साजिश मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह की अपील पर लगातार दो दिनों से चल रही सुनवाई के बाद गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनकर फैसला सुरक्षित कर लिया है।

पूर्व सांसद ने जौनपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट द्वारा दी गई 7 साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश का रिकॉर्ड तलब किया था। हालांकि धनंजय सिंह के अधिवक्ताओं ने बिना ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड के ही कोर्ट से सुनवाई की मांग की थी। इस मांग को कोर्ट ने अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद कोर्ट ने 22 अप्रैल तक राज्य सरकार से अपनी आपत्ति दर्ज करने को कहा था, जिस पर सरकार ने अपना पक्ष कोर्ट में प्रस्तुत किया। मालूम हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में 10 मई 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में पूर्व सांसद धनंजय सिंह व सह-अभियुक्त संतोष विक्रम सिंह के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद कोर्ट ने आरोपियों को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी, जिस पर पूर्व सांसद के अधिवक्ताओं ने सजा रद्द करने की याचिका दाखिल की थी।

# सपा को अयोध्या से नहीं मिला स्टार प्रचारक!

**अयोध्या।** अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्षितिज पर दमदमा रही अयोध्या नगरी से समाजवादी पार्टी को एक भी स्टार प्रचारक नहीं मिला है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव द्वारा बीते दिनों जारी स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या नदारद है। जबकि यहां से खुद को दिग्गज बताने वाले नेताओं की एक बड़ी जमात है। ऐसे में इस स्टार प्रचारकों की सूची से अयोध्या का नदारद होना बड़ी बात माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि अवधेश प्रसाद खुद चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए नहीं शामिल किए गए होंगे। शेष नामों पर क्या है यह देख ले तो बताएं। कोई जरुरी नहीं है कि स्टार प्रचारकों में सभी को शामिल किया जाए।

# आजम के करीबी सीओ आले हसन के मामले में सरकार से जवाब तलब

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान के करीबी सीओ आले हसन के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। उसके एक सप्ताह के भीतर याची को प्रत्युत्तर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश भी दिया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष हुई। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची का तबादला 21 सितंबर 2016 को मुरादाबाद कर दिया गया था। इसके साथ ही साधना गोस्वामी पुलिस अधीक्षक के रूप में उस समय रामपुर में तैनात नहीं थी। अतः शिकायतकर्ता के पास उनसे मिलने और पुलिस कर्मियों की कथित मनमानी के संबंध में अपनी शिकायत करने का कोई अवसर नहीं था। उपरोक्त तर्कों को सुनने के बाद मामले को आगामी 24 मई 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया है। सुनवाई की अगली तारीख तक याची के खिलाफ उपरोक्त मामले की आगे की कार्यवाही पर रोक लगा दी गई है। मालूम हो कि शिकायतकर्ता अबरार हुसैन ने रामपुर के गंज थाना में 13 अगस्त 2019 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत आले हसन और तीन अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। मामले के अनुसार 6 दिसंबर 2016 को याची सहित अन्य आरोपियों ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट की, साथ ही उस पर जानलेवा हमला भी किया गया और अवैध रूप से उसके घर पर बुलडोजर चलवा दिया गया, जिसकी शिकायत शिकायतकर्ता ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक साधना गोस्वामी से की तो उन्होंने शिकायतकर्ता की मदद करने से साफ इनकार कर दिया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सपा सांसद आजम खान के करीबी होने के कारण तत्कालीन सीओ आले हसन के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई।



# संजय निषाद पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय निषाद पर जानलेवा हमला करने का मुख्य आरोपी राधेश्याम यादव पुत्र रामनयन निवासी ग्राम मोहम्मदपुर कठार थाना कोतवाली खलीलाबाद बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। यह जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के पीएसओ विनोद कुमार यादव पुत्र श्रीराम यादव निवासी उड़री कटरा थाना अखण्डनगर जनपद सुल्तानपुर ने कोतवाली खलीलाबाद पुलिस को तहरीर सौंप कर बताया था कि बीच 21 अप्रैल की रात को मन्त्री जी डा. संजय कुमार निषाद मोहम्मदपुर कठार में एक शादी समारोह में शिरकत करने गए थे।

# पैतृक भूमि से भी वंचित करने की तैयारी में कांग्रेसः ब्रजेश

## शहर के रामलीला मैदान साकेत धाम में आयोजित पार्टी प्रत्याशी साक्षी महाराज की चुनावी सभा को डिप्टी सीएम ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


चुनावी सभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इंडी गठबंधन के प्रमुख घटक दल कांग्रेस आप लोगों की पैतृक भूमि तक कब्जे में लेने की तैयारी में है। इसलिए मतदान के दिन सभी को वोट डालते हुए कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को सबक सिखाने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने हर घर नल योजना के माध्यम से हैंडपंप लगवाने से लेकर मरम्मत कराने की जद्दोजहद से निजात दिलाई है। वहीं भविष्य में 70 वर्ष की आयु वाले सभी बुजुर्गों को पांच लाख तक मुफ्त इलाज कराने की सुविधा देने जा रहे हैं। यह बात गुरुवार को रामलीला मैदान साकेत धाम में आयोजित भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज की सभा में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कही।

उन्होंने कहा कि उन्नाव में डेढ़ दशक पहले तक शुद्ध पेयजल की भारी किल्लत रही है। इसीलिए सांसद रहते हुए जब वे खुद क्षेत्र भ्रमण पर निकलते थे तो सबसे अधिक मांग हैंडपंप लगवाने की होती थी। लेकिन मोदी जी ने महत्वाकांक्षी 'हर घर नल' योजना के माध्यम से टोटी खोलते ही पानी उपलब्ध होने की सुविधा देकर सभी को पेयजल संकट से निजात दिला दी है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने जिला मुख्यालयों को 24 और तहसील मुख्यालय को 22 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कर वातावरण में जहर घोलने वाले जेनरेटर के साथ इन्वर्टर के भरोसे समय बिताने की समस्या का भी समाधान कर दिया है। यही नहीं पूर्व की सरकारों में अस्पतालों में डाक्टर न मिलना आम बात थी। लेकिन, अब न सिर्फ अस्पतालों में चिकित्सक व स्टाफ उपलब्ध रहता है बल्कि, सभी को मुफ्त सहित जन औषधि केंद्रों के माध्यम से दवाइयां भी दिलाई जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब परिवार को सिर छिपाने के लिए पक्की छत देने का काम नरेंद्र मोदी ने किया है। इसी तरह ग्रामीण महिलाओं अब शौच जाने के लिए दिन ढलने का इंतजार नहीं करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गरीबी-गरीबी व महंगाई-महंगाई चिल्ला रहे कांग्रेस के नेता की दादी नारा देने के बाद भी गरीबी नहीं हटा सकीं थीं। वर्ष-2004 से 14 तक सदन में भ्रष्टाचारियों का बोलबाला रहा और कांग्रेस के नेताओं को जेल की हवा खानी पड़ी। लेकिन मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार पर ऐसे आरोप मढ़ने वालों को मुंह की खानी पड़ी।


बुलडोजर पर सवार भाजपा प्रत्याशी के समर्थक। अमृत विचार

### रथ पर सवार होकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नामांकन सभा खत्म होने पर नेताओं के साथ डीसीएम में तैयार रथ से कलक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। रास्ते में जगह-जगह कैंप लगाकर लोगों द्वारा जुलूस में शामिल कार्यकर्ताओं को ठंडा पानी बांटा जाता रहा। जुलूस में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, लोकसभा चुनाव प्रभारी सौरभ मिश्रा, चुनाव संयोजक भगवती रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सह संयोजक अरुण सिंह, विधायकों में पंकज गुप्ता, बंबालाल दिवाकर, बृजेश रावत, अनिल सिंह, श्रीकांत कटियार, आशुतोष शुक्ला, सदस्य राष्ट्रीय परिषद आनंद अवस्थी, नगर पालिका उन्नाव की चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा 'भानू' व गंगाघाट नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि संदीप पांडेय आदि नेता-कार्यकर्ता शामिल रहे।

### औपचारिकताएं सीमित कर संभाला माइक

डिप्टी सीएम राजनीतिक व्यस्तताओं के चलते सभा संबोधित करने पहुंचे तो जरूर लेकिन, वे अधिक समय नहीं दे सके। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही लंबा स्वागत न कराते हुए सीधे माइक संभाला और भाषण पूरा करते ही अगले कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। इससे मंचासीन तमाम नेताओं को उप मुख्यमंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत न कर पाने को लेकर मायूस होना पड़ा।

### कहा, उन्नाव ने दी यहां खड़े होने की ताकत

डिप्टी सीएम ने कहा कि उन्नाव व यहां के लोगों के स्नेह व आशीर्वाद से वह यहां खड़ा होने की ताकत पा सके हैं। जिसके लिए वे सभी के हमेशा आभारी रहेंगे। साथ ही सामने बैठे श्रोताओं में शामिल कई लोगों के नाम लेते हुए सांसद रहते हुए उनके गावों में हैंडपंप लगवाने की जानकारी दी। कहा कि तब हैंडपंप लगवा पाना प्रतिष्ठापूर्ण था। इसलिए लोगों के बीच इसके लिए प्रतिस्पधा रहती थी।

### बुलडोजरों से किया गया स्वागत

नामांकन को जाते समय भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज व अन्य नेताओं को रास्ते में जहां जिला पंचायत अध्यक्ष के पुत्र युवा भाजपा नेता शशांक सिंह की टीम ने बस अड्डे के सामने बुलडोजरों से माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में शिवेंद्र सिंह गोलू व कुश सिंह आदि शामिल थे। वहीं सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा उनके भाई ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सड़क के दोनों ओर एक दर्जन से अधिक बुल्डोजर खड़े कराकर जुलूस का स्वागत किया।

# छोटे ने मौसेरे भाई के साथ मिलकर की थी बड़े की हत्या

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


पुलिस गिरफ्त में युवक की हत्या का आरोपी सगा भाई।

- शराब के नशे में होने के बाद मां व छोटे भाई को पीटता था युवक
- छानबीन के दौरान पुलिस को खून लगे बिस्तर के पास एक कुल्हाड़ी भी मिली थी

**अमृत विचार।** बिहार थानांतर्गत गांव काछिन खेड़ा गां में युवक की हत्या कर शव व उसकी बाइक घर से दूर पड़ी मिलने के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्या के आरोपी सगे छोटे भाई व नाबालिग मौसेरे भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए कुल्हाड़ी से सोते समय भाई की हत्या कर शव फेंकने की बताई है।

काछिन खेड़ा गांव निवासी सुनील कुशवाहा (26) की बीती 15 अप्रैल को चारपाई पर सोते समय कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद शव गांव से दो किमी दूर मनिकापुर-बदनपुर मार्ग स्थित मुस्काबाद गांव की गोशाला के पास फेंक दिया गया था। शव के पास उसकी बाइक भी पड़ी मिली थी। सोमवार सुबह राहगीरों ने देखा तो हादसा होने का अंदेशा जता पुलिस को सूचना दी थी। एसओ शिव प्रकाश पांडेय फोर्स के साथ पहुंचे और सिर में गहरी चोट व चेहरे पर चोटों के निशान देख हत्या को हादसे का रूप दिए जाने की आशंका पर सीओ माया राय को सूचना दी। डॉग स्क्वाएड व फोरेंसिक टीम ने भी जांच की थी। सूचना पर कुछ ग्रामीण दिवंगत सुनील घर पहुंचे तो वहां चारपाई व बिस्तर में खून पड़ा दिखा था। आनन-फानन सीओ पुलिस टीम के साथ मृतक के घर पहुंचीं और जांच की। खून लगे बिस्तर के पास एक कुल्हाड़ी भी मिली थी। वहीं घर के आंगन व कमरे के बीच की गैलरी में छह फिट लंबा और पांच फिट गहरा खुदा हुआ गड्ढा भी मिला। इसमें आधी मिट्टी भरी थी। खोजी कुत्ता घर से 20 मीटर दूर रहने वाले मौसा के घर तक गया था। मृतक के छोटे भाई अमन ने उस समय पुलिस को बताया था कि रात में वह गांव में ही मौसा राजू घर सोने गया था और मां सुंदरी देवी अपनी ननद के यहां लक्षीपुर गई थी। दिवंगत भाई सुनील घर में अकेला था। छोटे भाई अमन की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस को शुरू से ही घटना में किसी करीबी का हाथ होने का शक था। छोटे भाई अमन की सीडीआर व अन्य साक्ष्य एकत्र करने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने नाबालिग मौसेरे भाई की मदद से बड़े भाई की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर शव फेंक कर हादसे का रूप देने की बात स्वीकार की। बताया कि बड़ा भाई शराब पीकर आएदिन मां व उसे पीटने के साथ जान से मार देने की धमकी देता था। घटना के कुछ दिन पहले भी उसने मां को पीटकर घर से भगा दिया था। इसलिए वह बुआ के यहां चली गई थी। एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि उसकी निशानदेही पर एक पुलिया के पास से शव लपेटकर ले जाने वाले खाद की बोरियों के बने खून सना तिरपाल बरामद किया है। घटना के दिन मिली कुल्हाड़ी को भी सील कर जांच के लिए भेजा गया है। हत्यारोपी भाई को कोर्ट से जेल भेजा गया है। वहीं नाबालिग को कोर्ट के निर्देश पर बाल सुधार गृह लखनऊ भेजा गया है।

# पिता की डांट से नाराज युवक ने फांसी लगाने का किया प्रयास, भर्ती

**बांगरमऊ उन्नाव।** शराब पीने से नाराज़ पिता के डांटने पर बेटे ने घर में फंदे से लटककर जान देने का प्रयास किया। परिजन किसी तरह उसे उतारकर बेहोशी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

आसीवन थानाक्षेत्र के गांव सर्रा निवासी कुलदीप (25) एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। अन्य मजदूरों के अनुसार वह नशे का आदी है। बीती बुधवार शाम वह नशे में घर पहुंचा। यह देख पिता सियाराम ने उसे डांट दिया। पिता की डांट से नाराज कुलदीप ने अपने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतारा और गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


राधा-कृष्ण की झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

- कलाकारों ने देवी-देवताओं की मनोरम झांकियां भी प्रस्तुत कीं

**अमृत विचार।** बीघापुर क्षेत्र के बारासगवर गांव स्थित सिद्धपीठ हनुमान मंदिर में जय बाबा युवा कमेटी ने आठवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित कराया। हनुमान जन्मोत्सव पर हुए कार्यक्रम में मंदिर में स्थापित मूर्ति का भव्य श्रृंगार कराया गया। पुजारी पूती वाजपेयी के मार्गदर्शन में कलाकारों ने श्रृंगार किया। भंडारा के अलावा श्रद्धालुओं ने जागरण में भजन-कीर्तन का आनंद भी उठाया।

तड़के सुबह से ही मंदिर में स्थापित मूर्ति का फूलों से भव्य श्रृंगार हुआ। मंदिर पहुंचे श्रद्धालु दर्शन-पूजन करते हुए अपने आराध्य से मनोकामनाएं पूर्ण करने की प्रार्थना करते रहे। करीब नौ बजे शुरू हुए भंडारा में भक्तों को पूड़ी-सब्जी व हलवा-बूंदी क प्रसाद बांटा गया। श्रद्धालुओं के अलावा राहगीरों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर व आसपास क्षेत्र में संकट मोचन हनुमान के जयकारों की गूंज रही। रात में कानपुर से आई अंकुश बांके बिहारी पार्टी के कलाकारों ने बाबा की भक्ति से परिपूर्ण भजन प्रस्तुत करने शुरू किये। भक्त कलाकारों द्वारा पेश किए गए भजनों पर झूमते रहे। कलाकारों ने राधा-कृष्ण समेत अन्य देवी-देवताओं की मनोहारी झांकियां भी प्रस्तुत कीं। क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ल, बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय व भाजपा अवध प्रांत की मंत्री माया सिंह भी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान आयोजन समिति के अमित पांडेय, रोहित तिवारी, मनोज, मोहित, प्रभात, रामनरेश, सोनू पंडित, शैलेंद्र व टिंकू आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में किशोर की मौत, दो छात्र घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव




**अमृत विचार।** पुरवा व बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत हुए सड़क हादसों में एक किशोर की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य छात्र गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र गांव रामाअमरा पुर निवासी प्रतीक (15) पुत्र छेदीलाल चमियानी स्थित एक इंटर कॉलेज में कक्षा 10 का छात्र है। वह चमियानी में ही कोचिंग भी पड़ता है। गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे वह कोचिंग पढ़ने के लिए साइकिल से चमियानी जा रहा था। तभी खिन्नी मोड़ के आगे अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें वह गिरकर गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर पुरवा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। जिला अस्पताल से भी उसे गंभीर हालत में कानपुर रेफर किया गया। जहां ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। छात्र की मौत से पिता छेदीलाल, मां श्रीदेवी व भाई रितिक का रो-रोकर बुरा हाल है।

# खड़ी कार में पीछे से टकराई स्कूली वैन दो बच्चे घायल

**गंजमुरादाबाद।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव मार्ग स्थित संत एलोसियस स्कूल में दोपहर बाद छुट्टी होने पर स्कूल की वैन 10 बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। तभी रास्ते में हरदोई मार्ग स्थित एक होटल के पास तेज रफ्तार वैन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कार में पीछे से टकरा गई। हादसा होते ही बच्चों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर वहां मौजूद राहगीर व दुकानदार दौड़े और आनन-फानन वैन से बच्चों को बाहर निकाला। इसमें घायल हार्दिक पुत्र नीलेश शुक्ला व अर्णव पुत्र शीतल सिंह को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दोनों का इलाज किया जा रहा है।

# पोस्टमार्टम में महिला की मौत का कारण नहीं हुआ स्पष्ट, बिसरा रखा सुरक्षित

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शव के पुराना होने से स्पष्ट नतीजे पर नहीं पहुंचे डॉक्टर
- बीघापुर क्षेत्र में सूखे नाले में पड़ा मिला था महिला का शव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटमपुर कलां के मजरा ठाकुर खेड़ा में गांव के बाहर नाले में पड़े मिले महिला के शव की पहचान न होने पर गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। शव काफी पुराना होने से डाक्टर किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सके। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया। महिला की उम्र 35-40 वर्ष होने के अनुमान लगाए गए थे। लेकिन पीएम के दौरान उसके मुंह में दांत नहीं मिले और उसके बाल भी सफेद थे। इससे उसकी उम्र अधिक होने की भी आशंका जताई गई है।

ठाकुरखेड़ा गांव के बाहर सोमवार सुबह 10 बजे मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने तेज दुर्गंध आने पर बच्चन बाजपेई व विनय दीक्षित की बाग के बीच स्थित सूखे नाले के पास एक महिला का शव पड़ा देखा था। सूचना पर सीओ माया राय, एसओ व फील्ड यूनिट ने जांच की थी। महिला के कपड़े अस्त-व्यस्त मिले थे और चेहर काला होने से कोई केमिकल डालकर शव की पहचान मिटाने का प्रयास किए जाने की आशंका जताई गई थी। महिला नीले रंग का चेकदार फुल आस्तीन का ब्लाउज व लालरंग की प्रिंटेड साड़ी पहने थी। बताया जाता है कि फील्ड यूनिट की टीम को महिला के शरीर पर पेट्रोल डाले जाने जैसे साक्ष्य मिले थे। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए थे लेकिन, आसपास के ग्रामीण उसे नहीं पहचान सके थे। इससे उसकी कहीं और हत्या कर शव यहां फेंके जाने की चर्चा थी। शिनाख्त के प्रयास में जुटी पुलिस को सफलता नहीं मिली तो गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शव काफी पुराना होने से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

## सार-संक्षेप

### नहर में मिले महिला के शव की नहीं हुई पहचान

**उन्नाव।** औरास थानाक्षेत्र के रामपुर गढ़ौवा गांव के बाहर से निकली शारदा नहर में बीते बुधवार एक अज्ञात महिला का शव उतराता देख पहुंची पुलिस ने शव पानी से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त की कोशिश की थी। लेकिन, कोई उसे पहचान नहीं सका था। शव काफी पुराना होने और उसके कहीं दूर से बहकर आने की संभावना जताई गई थी। शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया में इसकी फोटो भी प्रसारित की थी। लेकिन, गुरुवार को भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। एसओ औरास रेखा सिंह के मुताबिक पहचान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रधान प्रतिनिधि ने एसडीएम से की अवैध खनन की शिकायत

**बांगरमऊ उन्नाव।** तहसील क्षेत्र के गांव अवैक में सरकारी भूमि पर गांव के एक दबंग की मिलीभगत से गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार द्वारा अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। विरोध करने पर दबंग प्रधान प्रतिनिधि को जान-माल की धमकी दे रहे हैं। प्रधान प्रतिनिधि ने एसडीएम को शिकायतीपत्र देकर दबंग व ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अवैक गांव के प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश कुमार ने एसडीएम नम्रता सिंह को दिये शिकायती पत्र में कहा कि गांव निवासी एक युवक काफी दबंग और अपराधी क़िस्म का व्यक्ति है। वह गंगा एक्सप्रेस-वे के ठेकेदार से मिलकर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध मिट्टी खनन कराने में जुटा है। उसकी मिलीभगत से ठेकेदार खनन कर अब तक सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगा चुका है। आरोप है कि प्रधान प्रतिनिधि के विरोध करने पर दबंग उसे जानमाल की धमकी दे रहा है। लगातार शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई न होने से गांव में अभी भी सरकारी भूमि पर अवैध खनन किया जा रहा है।

### एनआईईएसटी में जिले के 238 छात्र-छात्राएं चयनित

**उन्नाव।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनआईईएसटी) में जिले से निर्धारित 243 सीटों के सापेक्ष 238 परीक्षार्थी चयनित हुए हैं। शिक्षक-शिक्षिकाएं इस सफलता को लेकर उत्साह के साथ छात्र-छात्राओं को बधाई दे रहे हैं। परीक्षा में औरास ब्लाक के सर्वाधिक 38 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। जबकि पुरवा क्षेत्र पंचायत के 35 बच्चे छात्रवृत्ति पाने में सफल हुए हैं। इसी तरह सदर तहसील के सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक क्षेत्र के नौ छात्र-छात्राएं सफल रहे। वहीं हसनगंज ब्लाक के छह विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए। छात्र-छात्राओं की सफलता को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं में उत्साह दिखाई दिया। वह न सिर्फ विद्यालयों बल्कि अपने ब्लाक क्षेत्र के सफल विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के जरिए बधाइयां देते रहे। वहीं बीएसए कार्यालय परीक्षा परिणामों के तहत बच्चों को मिली सफलता को पूरी तरह नजर अंदाज किए रहा। जिला समन्वयक एमडीएम रामजी ने बताया कि जिले के 238 विद्यार्थी चयनित हुए हैं।

### महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, भर्ती

**आसीवन।** थानाक्षेत्र के गांव बीजीमऊ के मजरा रमपुरवा निवासी रोहित की 20 वर्षीय पत्नी गोल्डी ने किसी बात से आहत होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे गंभीर हालत में मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसे भर्ती कर इलाज चल रहा है।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को दबोचा

**आसीवन।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में आसीवन थानांतर्गत चौकी रसूलाबाद के इंचार्ज महेंद्र सिंह व दीवान रामप्रताप मौर्या ने गस्त के दौरान 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दीपू पुत्र राजाराम निवासी गांव करहिया को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्कर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### 28 को लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बांगरमऊ।** स्थानीय अमित मेडिकल स्टोर द्वारा नगर स्थित सुभाष इंटर कॉलेज के पास आगामी 28 अप्रैल को नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होगा। शिविर में न्यूरो सर्जन ब्रेन व स्पाइन रोग विशेषज्ञ डा. पीके वर्मा सहित अन्य कई विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की मुफ्त जांच कर सलाह देंगे। आयोजन धर्मेंद्र सिंह ने मस्तिष्क से संबंधित रोगियों से शिविर पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

चुनावी कसरत | रैली में कस्बे के चार इंटर कॉलेजों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

# विद्यार्थियों ने प्रभातफेरी निकाल मतदान के लिए किया जागरूक

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- लोगों को दी मताधिकार की जानकारी और बताया वोट का महत्व

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम नवीन चंद्र की मौजूदगी में कस्बे के चार इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया।

आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत है। एसडीएम नवीन चंद्र की अगुवाई में नगर में स्कूली बच्चों ने वृहद स्तर पर जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को वोट की चोट का महत्व बताते हुए मतदान जरूर करने की अपील की। रैली में महात्मा गांधी इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट व छात्रों सहित राजकीय बालिका विद्यालय, कालिंदी गुप्ता इंटर कालेज, सन-डी-सन के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान तहसीलदार रामाश्रय, प्राचार्या रचना निगम, कुलदीप पटेल, राजेश वर्मा, प्रशांत मिश्र व चित्रा वर्मा आदि शामिल रहे।


मतदाता जागरुकता रैली में मौजूद एसडीएम नवीन चंद्र व अन्य।। अमृत विचार


निरीक्षण के दौरान अफसरों को निर्देश देते प्रेक्षक। अमृत विचार

### प्रेक्षक ने किया विभिन्न सेंटर्स का औचक निरीक्षण

- विस्तार से जानकारियां लेकर अधिकारियों को किया निर्देशित

**उन्नाव।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष व सुचितापूर्ण सम्पंन कराने के लिए संसदीय क्षेत्र में तैनात किए गए प्रेक्षक बाबू ए ने गुरुवार को नामांकन कक्ष, मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मानिटरिंग सेंटर, मीडिया सेल, कंट्रोल रूम व एनआईसी का निरीक्षण किया। मीडिया सेल का निरीक्षण कर प्रेक्षक ने मौजूद अफसरों को निर्देशित किया कि चुनाव से संबंधित सभी प्रिंट व इलेक्ट्रानिक चैनल्स आदि के माध्यम से प्रत्याशियों द्वारा कराए जा रहे प्रचार पर नजर रखते हुए विवरण तैयार किया जाए। चुनाव संबंधित खबरें भी संकलित की जाएं। कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वोटर हेल्प लाइन नंबर-1950 व एनजीएसपी (नेशनल ग्रिवांस सर्विस पोर्टल) के माध्यम से आई शिकायतों व सुझावों की समीक्षा की। साथ ही सी-विजिल (सीआईवीआईजी) एप पर सभी एफएसटी फ्लाइंग स्क्वाइटिंग की लोकेशन चेक कराई। प्रेक्षक ने आदर्श आचार संहिता से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। निर्देशित किया कि निस्तारण का विवरण भी अंकित किया जाए। वहीं कंट्रोल रूम प्रभारी को कंट्रोल रूम में एसएसटी टीमों का लाइव फुटेज प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआईसी में ईवीएम रेंडमाइजेशन व कार्मिकों के रेंडमाइजेशन से संबंधी जानकारी भी ली। इस दौरान एडीएम (न्यायिक) विकास सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट द्वितीय शुभम यादव, लाइजनिंग अफसर डीपीओ राकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# गैस सिलेंडर के नोजल से निकली पिन, धमाके में पिता-पुत्री झुलसे

## धमाके से आसपास के तीन घरों की दीवारें दरकीं, पुलिस ने की जांच- पड़ताल

संवाददाता बिछिया उन्नाव



मौके पर मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव बिछिया में गुरुवार सुबह चाय बनाने के लिए रसोई गैस जलाते समय तेज धमाके के साथ सिलेंडर के नोजल में लगी पिन निकल गई। बगल में जल रहे चूल्हे से आग भड़क गई। इसकी चपेट में आकर युवक व उसकी आठ वर्षीय बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। धमाका इतना तेज था कि आसपास के तीन मकानों की दीवारें भी दरक गईं। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी व पुरवा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की है।

- पुरवा कोतवाली के बिछिया गांव में हुई घटना

बिछिया गांव निवासी श्यामू (35) मजदूरी के साथ खेती भी करता है। बुधवार उसकी पत्नी सन्नो गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गांव भदुआ खेड़ा निवासी बहन रेशमा के यहां छोटे बेटे अभय व बेटी नैना को साथ लेकर गई थी। श्यामू खेत से भूसा उठाने जाने के पहले गुरुवार सुबह करीब 7 बजे घर में रखे गैस सिलेंडर में चाय बनाने के लिए उसे जलाने पहुंचा। तभी गैस जलाते समय तेज धमाके के साथ सिलेंडर के नोजल की पिन निकल गई। बगल में चूल्हा जल रहा था जिससे वहां आग लग गई। इसकी चपेट में आकर श्यामू व उसकी बेटी सुनैना गंभीर रूप से झुलस गई। मदद को आए तीन पड़ोसी भी मामूली झुलस गए। धमाका इतना तेज था कि पड़ोसी शिवनाथ, मित्रपाल व रजनेश की दीवारें भी दरक गईं और वहां लगे लोहे के पल्ले तक उखड़ गए। लपटों ने पूरे घर को चपेट में ले लिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को बिछिया सीएचसी पहुंचाया। वहां से श्यामू व उसकी बेटी सुनैना को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूचना पर पुरवा अग्निशमन केंद्र प्रभारी राममिलन भारती टीम के साथ पहुंचे और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के आग पर काबू पाया। साथ ही घटना की जांच की।

### पिता 45 व बेटी 20 फीसदी जली

**उन्नाव।** जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती पिता-पुत्री का इलाज चल रहा है। शल्य चिकित्सक डा. संजय वर्मा उनका इलाज कर रहे हैं। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर है। डाक्टर के अनुसार श्यामू 45 फीसदी और सुनैना 20 फीसदी जली है। सूचना पर पत्नी अस्पताल पहुंची और बेटी व पति की हालत देख बदहवास हो गई।

### ब्लैक में सिलेंडर लाने की रही चर्चा

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में मिले परिजनों के मुताबिक श्यामू के घर पर एचपी का सिलेंडर था। गांव की एक दुकान पर ब्लैक में सिलेंडर मिलता है। चर्चा रही कि वहीं से श्यामू सिलेंडर लेकर सुबह ही आया था।

## भूमिगत केबिल कटने से दूर संचार सेवाएं हुईं प्रभावित

**शुक्लागंज।** उन्नाव से शुक्लागंज आने वाली बीएसएनएल की भूमिगत केबिल गुरुवार सुबह उन्नाव के पास कट गई। जिससे नगर के अलावा आस पास क्षेत्रों की बीएसएनएल सेवाएं प्रभावित हो गई। सर्वर न आने से बैंकिंग कार्य के अलावा अन्य कार्य प्रभावित रहे। वहीं इंटरनेट कैफों में सर्वर न आने से काम कराने के लिये आने वाले तमाम लोग वापस लौट गये।

गुरुवार सुबह उन्नाव में भूमिगत पड़ी बीएसएनएल केबिल कट गई। जिस कारण नगर की सुबह दूर संचार विभाग की ब्राड बैंड और लीज लाइन संचार सेवाएं ठप हो गई। वहीं केबिल कटने के कारण टेलीफोन एक्सचेंज भी बैठ गया। इसके साथ ही नगर की जिन बैंकों में बीएसएनएल का इंटरनेट लगा हुआ है। उन बैंकों का कार्य भी प्रभावित हो गया। घंटों उपभोक्ता रूपये के लेन देन को लेकर बैंक में खड़े रहे। जब उन्हें पता चला कि सर्वर नहीं आने के बाद काम होगा। जिस पर वह वापस लौट गये। जेटीओ मनमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि केबिल कटने के कारण दूर संचार सेवाएं प्रभावित हुई थी। दोपहर बाद मरम्मत कार्य पूरा हुआ।



ऋषि नगर केबिन के पास गिट्टी पैकिंग का काम करते रेल कर्मी। अमृत विचार

## ब्लॉक लेकर अपलाइन पर की गिट्टी पैकिंग

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर व कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर हाई स्पीड ट्रेनें चलाई जानी है। जिसे देखते हुये गुरुवार को रेल कर्मी पहुंचे और अप लाइन पर गिट्टी पैकिंग का कार्य करने के लिये दो घंटे का ब्लॉक लिया। इस दौरान एफएमआई मशीन से रेल कर्मियों ने गिट्टी पैकिंग का कार्य किया। कार्य के दौरान अप लाइन से रेल संचालन प्रभावित रहा।

रेलवे की ओर से इन दिनों अप व डाउन लाइन के रेलवे ट्रैक का मरम्मतीकरण बीते कई दिनों से चल रहा है। गुरुवार को भी रेल कर्मियों ने ऋषि नगर केबिन के पास अप लाइन पर गिट्टी पैकिंग करने को एफएमआई मशीन लेकर पहुंचे। जहां रेल कर्मियों ने विभाग से दो घंटे का ब्लॉक मांगा। जिस पर सुबह करीब 10:30 बजे से 12:30 बजे तक मिले दो घंटे ब्लाक मिला। ब्लॉक मिलने के बाद रेल कर्मियों ने मशीन के सहारे गिट्टी पैकिंग का कार्य किया। कार्य होने के कारण डाउन लाइन की ट्रेनों को मेमो देकर रवाना किया गया। वहीं अप लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। ब्लॉक समाप्त होने के बाद रेल संचालन सामान्य हो सका।

## ब्रह्म नगर में दो घरों में घुसे चोर, हजारों का माल पार किया

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म नगर मोहल्ले में एक के बाद एक दो घरों में अज्ञात चोर घुस गये। जहां चोरों ने जेवर, नकदी और मोबाइल समेत हजारों का माल पार कर दिया। आहट होने पर चोरों को दौड़ाया गया लेकिन चोर भाग निकले।

ब्रह्म नगर निवासी रामकिशन के घर में अज्ञात चोर रात लगभग दो से तीन बजे घुस गये। जहां चोरों ने कमरे में रखा मोबाइल, अंगूठी, पायल, बिछिया, जेवर व 3 हजार 2 सौ 50 रुपये की नकदी पार कर दी। आहट होने पर चोर घर पर ही साबड़ छोड़ कर भाग निकले। पीड़ित ने चोरी की जानकारी पुलिस को दी है।

इसी तरह मोहल्ले के रहने वाले रवि शर्मा ने बताया कि उनके घर में अज्ञात चोर घुस गये। चोरों ने कमरे में रखा मोबाइल पार कर दिया। आहट होने पर उनकी नींद खुली। उन्होंने शोर मचाते हुये चोरों को दौड़ाया लेकिन चोर छत से कूद कर भाग निकलने में कामयाब रहे। चोरी की जानकारी पर क्षेत्र के लोग भी मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर जल्द ही चोरों को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

# जीजा पर भांजे की हत्या का आरोप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- सुबह साढ़े सात बजे पहुंचने पर नहीं मिला भांजे का शव
- तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच पड़ताल



रंजीत।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के संभर खेड़ा निवासी एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई। जिस पर उसके परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार करा दिया। जानकारी होने पर युवक का मामा मौके पर पहुंचे और जीजा पर भांजे की हत्या कर शव ठिकाने लगाने का आरोप लगाते हुये गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वहां भी लोगों से पूछताछ की।

रघुनाथ खेड़ा निवासी सुधीर ने गंगाघाट पुलिस को गुरुवार को दी तहरीर में बताया कि संभर खेड़ा गांव में उसकी बहन जबीली की शादी हुई थी। आरोप है कि उसने 15 साल पहले उसकी बहन को मार दिया था। जिसके बाद से उसका भांजा रंजीत (22) जीजा के साथ ही रहता था। आरोप लगाया कि गुरुवार सुबह साढ़े चार बजे उसके जीजा का फोन आया कि उसके भांजे रंजीत की मौत हो गई।

अचानक भांजे की मौत की सूचना पर उसे मामला संदिग्ध लगा और सुबह सात बजे वह जीजा के घर पहुंचा। जहां जीजा के घर में शव न देख उसने शव के बारे में जानकारी की। इस पर जीजा ने बताया कि शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। उसने पूछा कि किसी घाट पर अंतिम संस्कार कराया गया है। इस पर जीजा ने कोई सही जबाव नहीं दिया। इससे उसे कुछ शक होने लगा

उसने बताया कि आस पास के ग्रामीणों से उसने जानकारी की। जिस पर पता चला कि उसके भांजे की हत्या कर दी गई है। शव को भी जला दिया गया है। सुधीर ने हत्या का आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस बाबत चौकी इंचार्ज अंजनी कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के साथ ही पूछताछ की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आयेंगे, उसी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## अंतिम दिन 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा

संवाददाता,उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए जारी नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी सहित 14 उम्मीदवारों ने नामांकन कराया। भाजपा प्रत्याशी साक्षी महाराज जहां जुलूस सहित नामांकन का दूसरा सेट जमा करने पहुंचे। वहीं सपा व बसपा के उम्मीदवारों ने सादगी के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र के तीसरा-चौथा सेट जमा किया।

संसदीय क्षेत्र में चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होना है। 18 अप्रैल से नामांकन शुरू हुआ था। गुरुवार को पर्चा दाखिल करने का अंतिम दिन था। कलक्ट्रेट स्थित डीएम न्यायालय कक्ष में अंतिम दिन 14 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। भाजपा प्रत्याशी ने जुलूस निकालकर प्रस्तावकों के साथ कलक्ट्रेट पहुंचकर पर्चा दाखिल किया। वहीं बसपा से अशोक कुमार पांडेय और सपा से अन्नू टंडन ने नामांकन कराया। हालांकि सभी दलीय प्रत्याशी पहले भी नामांकन करा चुके हैं। इसके अलावा हिमांशु शर्मा-भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, रामखेलावन-निर्दलीय, धनीराम-राष्ट्र उदय पार्टी, अरविंद कुमार पटेल-सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी, दुर्गा प्रसाद-बहुजन मुक्ति पार्टी शिवशंकर-राष्ट्रीय किसान श्रमिक पार्टी, सैफ खान-परचम पार्टी आफ इंडिया, रुकसार अहमद-निर्दलीय, छेदी लाल यादव-फारवर्ड ब्लाक, सैय्यद सरफराज गांधी-निर्दलीय, अजय कुमार-निर्दलीय प्रत्याशी ने पर्चा दाखिल किया।

# खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

संवाददाता चकलवंशी उन्नाव

- मुंडन के कार्ड बांट कर लौटते समय हुआ हादसा
- तीन दिन पूर्व ही युवक ने नई बाइक खरीदी थी

**अमृत विचार।** चचेरे भाई की बेटी के मुंडन का कार्ड बांटकर लौट रहे युवक की बाइक सामने से आई बाइक से टकराकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में घुस गई। इसमें युवक की मौत हो गई। इसकी खबर घर पहुंची तो मुंडन की खुशियां मातम में बदल गईं।

माखी थानाक्षेत्र के मेथीटीकुर गांव के मजरा मेहरबान खेड़ा निवासी सोनू (25) पुत्र देशराज के चचेरे भाई सुधाकर की बेटी ज्योति का 27 अप्रैल को मुंडन है। सोनू इसमें शामिल होने के लिए एक हफ्ते पहले दिल्ली से आया था। तीन दिन पूर्व उसने नई बाइक खरीदी थी। गुरुवार को उसी बाइक वह शुक्लागंज रिश्तेदारी में कार्ड बांटने गया था। वहां से देरशाम लौटते समय माखी थानाक्षेत्र के चेतान खेड़ा गांव के पास उसकी बाइक सामने से आई एक अन्य बाइक से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल में टकरा गई। राहगीरों ने पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस पहुंचती इससे पहले ही युवक की मौत हो गई थी। एसओ संदीप मिश्रा ने परिजनों को सूचना देकर शव मोर्चरी भेजा है। वहीं युवक की मौत की खबर सुन परिजन बेहाल हो गए। घर में मुंडन की खुशियों की जगह मातम पसर गया।

### अनियंत्रित बाइक पलटी, युवक घायल



अस्पताल में भर्ती युवक।

**आसीवन।** औरास थानाक्षेत्र के गांव रामपुर गढ़ौवा निवासी दिलीप (26) पुत्र स्व. कमलेश बाइक से अपनी ससुराल सफीपुर जा रहा था। तभी चकलवंशी-संडीला मार्ग स्थित गांव डाल खेड़ा के पास गड्ढे में बाइक जाने से अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बाइक सवार दिलीप गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी हैदराबाद राजीव भदौरिया ने घायल को एम्बुलेंस से मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## सामूहिक विवाह और उपनयन संस्कार आज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



**अमृत विचार।** गोपीनाथ पुरम स्थित गोपीनाथ चंद्रावती स्कूल में आज सामूहिक विवाह व उपनयन संस्कार कराया जायेगा। जिसे लेकर गुरुवार को सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर पंडाल और मंचन बनाने का काम कराया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुये ब्रह्मसभा अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि शुक्रवार को 5 जोड़ों का विवाह और 101 बटुकों का उपनयन संस्कार कराया जायेगा। उपनयन संस्कार सुबह 21 आचार्यों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रों के बीच सम्पन्न होगा। इसके साथ ही शाम को सामूहिक विवाह को संपन्न कराया जायेगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं कार्यक्रम स्थल पर विशाल पंडाल बनवाने के साथ ही मंच तैयार कराया जा रहा है। कार्यक्रम में कानपुर, उन्नाव ब्राह्मण संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## स्कूटी तांगे के नीचे घुसी, महिला जख्मी

**शुक्लागंज।** शुक्लागंज से कानपुर की ओर जा रही एक स्कूटी सवार महिला की स्कूटी नवीन गंगा पुल पर अनियंत्रित हो गई। जिससे वह सामने से आ रहे खड़खड़े में जा घुसी और घायल हो गई। उसे किसी तरह राहगीरों ने बाहर निकाला।

गुरुवार शाम नवीन पुल से जा रही एक स्कूटी सवार महिला की बीच पुल पर स्कूटी अनियंत्रित हो गई। जिससे वह सामने से आ रहे खड़खड़े के नीचे स्कूटी लेकर जा घुसी। जिससे घोड़े के पैरों में चोटें आई। वहीं महिला भी गंभीर घायल हो गई। राहगीरों ने किसी तरह महिला को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे इलाज के लिये भेजा। वहीं खड़खड़े के नीचे घुसी स्कूटी का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है।

# आग गृहस्थी का सामान खाक

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



आग बुझाते फायर कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के पोनी गांव के बाहर रखी एक झोपड़ी में आग लग गइ गई। आग की लपटें देख आस पास के लोग दौड़े, अंदर दो सिलेंडर रखे होने के कारण आग बुझाने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सका। आग की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने किसी तरह आग बुझाई।

पोनी गांव के बाहर राजकुमारी अपनी नाती कृष्णा के साथ रहती है। शाम करीब साढ़े पांच बजे झोपड़ी में आग लग गई। आग की लपटें देख राजकुमारी चिल्लाते हुये बाहर की ओर भागी। आग को देख आस पास के लोग दौड़े और आग बुझाने के लिये आगे बढ़े। इसी दौरान उन्हें पता चला कि अंदर दो सिलेंडर रखे हुये हैं। जिस पर कोई हिम्मत नहीं जुटा सका। आग की जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई।

सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत कर किसी तरह आग बुझाई। इस दौरान गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। जिससे राजकुमारी को हजारों का नुकसान हुआ है।

## सार-संक्षेप

### भागवत कथा के समापन के बाद हुआ विशाल भंडारा

**शुक्लागंज उन्नाव।** देवारा कलां स्थित वीर भद्रेश्वर मंदिर के पास चल रही भागवत कथा का गुरुवार को समापन हुआ। इसके बाद विशाल भंडारा आयोजित हुआ। जहां आने जाने वाले लोगों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद चखा। वीरभद्रेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा गुरुवार को समापन हुआ। जहां सुबह से ही आचार्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। इस दौरान कन्या पूजन के बाद भंडारा किया गया। विजय लक्ष्मी, सुरेश चंद्र मिश्रा, उदयशंकर, कृष्ण औतार, राजू, महेश, रमेश, पप्पू, अवधेश, चंदन मिश्रा, गणेश, शाश्वत, श्रियांश, मोनू मिश्रा मौजूद रहे।

### तीन तलाक देकर घर से निकाला, किया दूसरा निकाह

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक तीन तलाक का मामला सामने आया है। पीड़िता ने अपने पति पर घर से निकाल कर चोरी छिपे दूसरा निकाह करने का आरोप लगाते हुए एसपी ऑफिस में इसकी शिकायत की है। बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह पीतांबर नगर मोहल्ला निवासी रेहान से सन-2016 में हुआ था। आरोप लगाया कि पति ने उसे तीन तलाक देकर बच्चे सहित घर से निकाह के चार साल बाद निकाल दिया था। यहीं नहीं एक माह पहले पति ने दूसरा निकाह कर लिया। पीड़िता ने पति पर कार्रवाई की मांग की है।

### फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

**सफीपुर उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत गांव मिर्जापुर में एक किशोरी फंदे से लटक गई। परिजन उसे लटका देख बिलख उठे। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चर्चा रही कि किशोरी को उसकी मां ने किसी बात पर डांटा था। इससे आहत होकर उसने खुदकशी की है।

लोकसभा चुनाव-2024

85 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग, दिव्यांगजन व कोविड-19 संक्रमित घर में ही करेंगे मतदान

# पोस्टल बैलेट से पांच से सात मई तक होगा मतदान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



मरहला चौराहे पर चेकिंग करती टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में पांच से सात मई के बीच पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। इसके तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, दिव्यांगजन व कोविड-19 से संक्रमित मतदाताओं को मताधिकार का उपयोग कराया जाएगा।

यह जानकारी प्रभारी अधिकारी (अनुपस्थित मतदाता) सहायक अभिलेख अधिकारी देवेंद्र सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट से मतदान कराने के लिए गठित पोलिंग पार्टियां पांच मई को रवाना की जाएंगी।

जो उसी दिन मतदाताओं के घर पहुंचकर उनसे मताधिकार का प्रयोग कराएंगे। पोस्टल बैलेट से मतदान कराने का सिलसिला सात मई तक जारी रहेगा। इस दौरान पोलिंग पार्टियों को प्राप्त होने वाली वोटरलिस्ट में शामिल सभी मतदाताओं के यहां दस्तक देने पहुंचना होगा।

सभी पोलिंग पार्टियों से प्राप्त होने वाले इस्तेमाल किए गए बैलेट पेपर को प्रतिदिन निर्धारित समयावधि के दौरान सहायक रिटर्निंग आफीसर के माध्यम से कोषागार में डबल लाक में सुरक्षित रखवाना होगा।

## फ्लाइंग स्क्वॉयड ने जब्त की प्रचार सामग्री

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये जिले में नामांकन प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में भारी मात्रा में नकदी और चुनाव प्रचार सामग्री कोई न ले जा सके, इस पर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गुरुवार को फ्लाइंग स्क्वॉयड की टीम ने नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर वाहनों की चेकिंग की। जहां कुछ वाहनों में प्रचार संबंधित सामान मिलने पर उसे जब्त करने की कार्रवाई की गई।

गुरुवार दोपहर फ्लाइंग स्क्वॉयड के मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ शुक्लागंज पहुंचे। जहां उन्होंने मरहला चौराहा पर वाहनों की चेकिंग की। जहां आजाद मार्ग, फोरलेन और बैराज मार्ग से आने जाने वाली कारों को रोका। जिसके बाद वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान कुछ वाहन सवारों के पास रुपये अधिक होने पर उनसे रुपये गिनवाये लेकिन पचास हजार से कम रुपये होने पर उन्हें जाने दिया गया। इसके साथ ही वाहनों के नंबर नोट किये गये।

# आचार संहिता के चलते 25 दिन बाद पहुंची परिषदीय स्कूलों में किताबें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



सरैयां प्राथमिक स्कूल में लोडर से उतारी जाती किताबें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** गंगाघाट क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण व सरोसी ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में अप्रैल माह से नया सत्र शुरू हो गया था। स्कूलों में पुस्तकें न पहुंचने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। जिस पर शिक्षा विभाग की जिला समन्वयक ने जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया। अधिकारी की संस्तुति पर गुरुवार को सरैयां प्राथमिक स्कूल में किताबें पहुंची। जिनका शुक्रवार से वितरण होगा।

परिषदीय विद्यालयों का शिक्षा सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो गया था, 25 दिन बीतने के बाद भी विद्यालयों में किताबें नहीं पहुंची। वहीं इस बार लोकसभा चुनाव के चलते लगी आदर्श आचार संहिता के कारण परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मिलने वाली मुफ्त किताबों का वितरण नहीं हो सका था। इधर परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे पुरानी और फटी किताबों से पढ़ रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर शिक्षा विभाग की जिला समन्वयक रूचि शुक्ला ने जिला निर्वाचन अधिकारी की संस्तुति के बाद निर्वाचन आयोग को किताबें बांटने की अनुमति पत्र भेजा था। आयोग की संस्तुति पर गुरुवार को एक लोडर से सरैयां न्याय पंचायत में आने वाले सरैयां प्राथमिक विद्यालय से किताबें भेजी गईं। जिसके बाद आज से सभी परिषदीय विद्यालयों में नई पुस्तकें वितरित की जायेंगी। जिससे छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर सके।

# ...मोहब्बत की नगरी में किसके सिर सजेगा ताज




ताजमहल के बाद पेठा के लिए मशहूर आगरा सुरक्षित लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को वोट पड़ेंगे। सूबे के सबसे बड़ा पर्यटन से जुड़ा शहर होने के बाद भी आगरा में समस्याओं की कमी नहीं है। पेठा के बाद जूता, लेदर गुड्स और हैंडीक्राफ्ट यहां का प्रमुख कारोबार है। लेकिन जल संकट, गंदगी और यातायात जाम प्रमुख समस्या है। शहर में स्मार्ट सिटी के काम चल रहे हैं, पर उनसे अभी तस्वीर नहीं बदली है। मेट्रो रेल जरूर सीमित मार्ग पर दौड़ने लगी है। बैराज, एयरपोर्ट, हाईकोर्ट की बेंच का मुद्दा चुनाव में उठता है और फिर दम तोड़ देता है। भाजपा के मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल के सामने बसपा की पूजा अमरोही और सपा-कांग्रेस गठबंधन से सुरेश चंद्र कर्दम चुनौती पेश कर रहे हैं। जानकार मुकाबला त्रिकोणीय संघर्ष की तरफ बढ़ता तो मान रहे हैं, लेकिन यह भी कह रहे हैं कि आगरा में जातीय समीकरण ज्यादा नहीं चलते हैं और भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत इतना बढ़ा लिया है, जिसे पाटना आसान नहीं है। पिछले चुनाव में सपा-बसपा और रालोद साथ थीं, तब भाजपा को दो लाख से ज्यादा वोटों से जीत मिली थी।

- भाजपा, सपा और बसपा के बीच तिकोने मुकाबले में किसके सिर सजेगा जीत का ताज
- सपा और बसपा दोनों के प्रत्याशी जाटव बिरादरी से, सजातीय मतों के लिए मचा घमासान
- सपा और बसपा के लिए भाजपा का बढ़ता जीत का अंतर पाटना सबसे बड़ी मुश्किल

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** ताज नगरी आगरा को भले ही दलित और मुस्लिम वोटरों का गढ़ माना जाता हो या सियासी हल्कों में दलितों की राजधानी कहा जाता हो और सीट भी सुरक्षित हो, लेकिन गुरुवार को यहां विपक्षी दलों के सारे जातीय समीकरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में उमड़ी भीड़ के आगे ध्वस्त होते नजर आए। प्रधानमंत्री कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनने, संपत्ति हड़पने और परिवारवाद जैसे आरोप लगाकर दलित और पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को सावधान करते हुए साध गए। जातीय समीकरणों के लिहाज से आगरा लोकसभा सीट पर ढाई लाख के आसपास जाटव मतदाता हैं। इसे देखते हुए ही सपा ने पूजा अमरोही और बसपा ने सुरेश चंद्र कर्दम को उतारा है। यह दोनों प्रत्याशी जाटव बिरादरी से ही आते हैं। एक अनुमान के मुताबिक आगरा में दलित और मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा करीब 37 फीसदी है। वैश्य मतदाता तीन लाख से अधिक गिने जाते हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से भाजपा का वोटर माना जाता है। आगरा लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें एत्मादपुर, आगरा छावनी, आगरा दक्षिण, आगरा उत्तर और जलेसर आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों भाजपा ने कमल खिलाया था।




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रो. एसपी सिंह बघेल | 646,875 |
| बसपा | मनोज कुमार सोनी | 4,35,329 |
| कांग्रेस | प्रीत हरित | 45,149 |



## राम लहर में भाजपा फिर सपा से राज बब्बर


- 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया. 90 के दशक में रामलहर के बाद देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनाव 1991, 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी यहां से जीती. 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी की ओर से बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर ने चुनाव जीता था।

## 1984 के बाद कांग्रेस कभी नहीं जीती

- एक समय में आगरा लोकसभा सीट कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी या समाजवादी पार्टी ही जीतती रही है. 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, जबकि इमरजेंसी के बाद देश में कांग्रेस विरोधी लहर में भारतीय लोकदल ने जीत हासिल की। हालांकि उसके बाद हुए लगातार दो चुनाव 1980 और1984 में कांग्रेस ने जीत के साथ वापसी की, लेकिन उसके बाद कांग्रेस दोबारा इस सीट पर जीत नहीं पाई।


## आज तक कोई महिला नहीं जीती

- आगरा सीट को लेकर एक दिलचस्प बात यह भी है कि आजादी के बाद से अब तक किसी भी लोकसभा चुनाव में आगरा को महिला सांसद नहीं मिल पाई है। पिछली बार कांग्रेस ने प्रीत हरित को मैदान में उतारा था। इस बार बसपा से पूजा अमरोही किस्मत आजमा रही हैं।



### गेम चेंजर वोटर

| | |
|---|---|
| 3.15 लाख वैश्य | 2.80 लाख दलित |
| 2.70 लाख मुस्लिम | 1.30 लाख बघेल |




## भाजपा साध रही सबके वोट, सपा कर रही बसपा के मतों में सेंधमारी

- आगरा से मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल भाजपा का कमल फिर से खिलाने के लिए सुबह से जन संपर्क में निकल जाते हैं। वह खासतौर उन वोटरों की नाराजगी दूर कर रहे हैं, जिन्होंने शुरू में उनके लिए विरोध के स्वर दिखाए थे। भाजपा सांसद ने अपने प्रचार में क्षेत्र के विकास, मोदी की गारंटी और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस कर रखा है। उधर, बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस की पूर्व सांसद सत्या बहन की पुत्री हैं। एटा में जन्मीं पूजा दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से पढ़ी हैं। उनके पति व्यवसायी हैं। पूजा अपनी मां सत्या बहन के साथ राजनीति में सक्रिय थीं। इसके साथ ही विभिन्न गैर–सरकारी संगठनों से जुड़ी हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम जूता व्यवसायी हैं। वह पहले बहुजन समाज पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2000 में आगरा से बसपा के टिकट पर मेयर पद का चुनाव लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। उनके जरिए सपा को बसपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगने की उम्मीद है। आगरा सीट पर चुनाव प्रचार अंतिम घमासान की तरफ बढ़ने के साथ ही जानकार भाजपा के प्रत्याशी प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, बसपा की पूजा अमरोही और इंडिया गठबंधन से सपा के उम्मीदवार सुरेशचंद्र कर्दम के बीच त्रिकोणात्मक संघर्ष होना मान रहे हैं। लेकिन यह भी तथ्य है कि आगरा लोकसभा सीट सुरक्षित होने और दलित वोट निर्णायक भूमिका में रहने के बाद भी बहुजन समाज पार्टी अब तक कभी इस सीट पर चुनाव नहीं जीत पाई है। बसपा ने 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा को टक्कर दी थी। 2009 का चुनाव तो बसपा 10 हजार वोट से ही हारी थी। लेकिन इसके बाद हुए दोनों चुनावों में उसकी हार का फासला बढ़ता चला गया।

## पिछले दोनों चुनावों में बसपा रही काफी पीछे

- 2019 में भाजपा प्रत्याशी प्रो. एसपी सिंह बघेल को 6,46,875 और बसपा के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनी को 4,35,329 वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में भाजपा के डॉ राम शंकर कठेरिया को 5,83,716 और बसपा प्रत्याशी नारायण सिंह सुमन को 2,83,453 वोट मिले थे। सपा के महाराज सिंह धनगर 1,34,708 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष मतदाता | महिला मतदाता | कुल मतदाता |
|---|---|---|---|
| एत्मादपुर | 233310 | 191589 | 424919 |
| आगरा कैंट | 239104 | 19698 | 436112 |
| आगरा दक्षिण | 193235 | 160924 | 354181 |
| आगरा उत्तर | 218624 | 181714 | 400359 |
| जलेसर | 280441 | 150747 | 1296678 |

(थर्ड जेंडर के मतदाता कुल मतदाता संख्या में शामिल)

# कौशांबी में त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी भाजपा

चुनाव डेस्क




- सपा से पुष्पेंद्र सरोज प्रत्याशी तो बसपा ने सेवानिवृत्त डीएसपी को मैदान में उतारा
- भाजपा ने लगातार दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सोनकर पर ही जताया भरोसा

**अमृत विचार।** कौशांबी लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है। फिलहाल यहां लड़ाई त्रिकोणीय दिख रही है। भाजपा ने जहां दो बार से जीत रहे विनोद कुमार सरोज को पुनः मैदान में उतारा है तो सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज पर दांव लगाया है। मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के लिए बसपा प्रमुख मायावती ने सेवानिवृत्त डीएसपी शुभ नारायण को मौका दिया है। भाजपा को जहां इस सीट पर हैट्रिक की उम्मीद है तो सपा को लगता है कि वह कांग्रेस के साथ मजबूत गठजोड़ के सहारे मैदान मार लेगी।

## राजा भइया पर हर किसी की निगाह

- अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस सीट पर जन सत्ता दल के मुखिया राजा भइया का अच्छा खासा प्रभाव है। राजा भइया को उम्मीद थी कि उनका भाजपा से गठजोड़ हो जाएगा और यह सीट उनकी पार्टी को समझौते के तहत मिलेगी। इसी उम्मीद से उन्होंने राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार को वोट भी दिया था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा ने यहां से अपना उम्मीदवार उतार दिया। बाद में समाजवादी पार्टी ने भी राजा भइया से गठजोड़ की कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अब राजा भइया की चुप्पी हर किसी को खल रही है। सपा और भाजपा उनके कदम पर निगाह रखे हुए हैं तो उनके समर्थक भी चाहते हैं कि राजा भइया जल्द यह तय करें कि वे किस दल के साथ रहेंगे।

## विधानसभा की एक भी सीट भाजपा के पास नहीं

- लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से कुंडा समेत दो विधानसभा सीटों पर जन सत्ता दल का कब्जा है। कुंडा से राजा भइया खुद विधायक हैं जबकि सिराथू, मंझनपुर और चैल सीट पर सपा काबिज है। सिराथू की विधायक पल्लवी पटेल ने अखिलेश का साथ छोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव में मिली हार भाजपा को आज भी अखरती है। राजनीति के जानकार इसीलिए इस बार मान रहे हैं कि भाजपा यहां कड़े मुकाबले में फंस गई है।

## जनसत्ता दल ने बिगाड़ा था सपा का खेल

- 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा– बसपा का गठबंधन था। तब सपा के इंद्रजीत सरोज यहां से मैदान में उतरे थे लेकिन उनकी जीत की राह में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई थी जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी। इस पार्टी के उम्मीदवार शैलेंद्र कुमार पासी ने डेढ़ लाख से अधिक वोट प्राप्त किया था। इंद्रजीत तब दूसरे स्थान पर रहे थे। भाजपा ने यह सीट 38, 722 वोट से जीत ली थी।

## 2022 में हार गए थे केशव प्रसाद मौर्य

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य इस संसदीय क्षेत्र की सिराथू विधानसभा सीट से 2022 में विधानसभा चुनाव लड़े थे। उनके सामने अपना दल कमेरावादी पार्टी की पल्लवी पटेल सपा के टिकट पर मैदान में थीं। पल्लवी ने उन्हें हरा दिया था। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की हार चौंकाने वाली थी। इसे भाजपा के लिए बड़ा झटका माना गया था।



# सुभासपा के लिए चुनौती बने बसपा के बालकृष्ण चौहान

**घोसी संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

- सपा ने राजीव राय तो भाजपा की सहयोगी सुभासपा ने अरविंद राजभर को उतारा

घोसी लोकसभा सीट पर चुनाव दिलचस्प हो गया है। भाजपा ने इस को अपनी सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को दे दिया है। सुभासपा प्रमुख एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने इस सीट पर अपने बेटे अरविंद राजभर को उतार दिया है। जबकि उनके सामने सपा से राजीव राय तो बसपा से पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण चौहान के मैदान में आने से यहां लड़ाई रोचक हो गई है। इस चुनाव में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर की साख भी दांव पर है क्योंकि उनके बेटे जो चुनावी समर में हैं।

मोदी लहर में भाजपा ने पहली बार 2014 के लोकसभा चुनाव इस सीट से जीत दर्ज की थी। तब पार्टी उम्मीदवार हरिनारायण राजभर यहां से जीते थे लेकिन 2019 के चुनाव में पार्टी की अंतरकलह और मतदाताओं में सांसद को लेकर नाराजगी का खामियाजा यहां भाजपा को भुगतना पड़ा था। तमाम कोशिश के बाद भी भाजपा यह सीट जीत नहीं पायी थी। तब सपा- बसपा गठबंधन हुआ था। बसपा से प्रत्याशी अतुल राय को जीत मिली थी। हालांकि दुष्कर्म के आरोप में वे जेल गए और पूरा कार्यकाल उनका जेल में ही बीत गया। इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। चार विधानसभा मऊ के और एक विधानसभा बलिया जिले की है। बसपा ने यहां से बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारा है। बालकृष्ण बसपा के टिकट पर ही यहां से सांसद बने थे। हालांकि बाद में उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। अब वे पुनः बसपा में आए और उन्हें टिकट मिला। इंडिया गठबंधन की सहयोगी सपा ने राजीव राय को प्रत्याशी बनाया है। राजीव राय इस सीट को जीतने के लिए मजबूत चक्रव्यूह बना रहे हैं। उन्होंने सुभासपा को सीट देने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं को अपने पक्ष में मोड़ने की लगातार कोशिश की है। तो बसपा भी दलित, पिछड़े और मुसलमान मतदाताओं पर फोकस कर रही है।

## मुख्तार की छाया से मुक्त पहला चुनाव

- घोसी सीट पर बाहुबली मुख्तार अंसारी का दखल रहा है। जेल में बीमारी की वजह से मुख्तार की मौत के बाद यह पहला चुनाव हो रहा है। इसमें मुख्तार की दखलंदाजी नहीं होगी। अन्यथा मुख्तार जिस पार्टी के समर्थन में होते मुस्लिम मतदाताओं का रुख उसी की तरफ होता।

# आजमगढ़ के उप चुनाव में मिली जीत बरकरार रखने की चुनौती

चुनाव डेस्क

- भाजपा ने फिर से सांसद निरहुआ को बनाया है उम्मीदवार
- सपा ने पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव पर पुनः जताया है भरोसा
- बसपा ने बदल दिया है भीम राजभर का टिकट

आजमगढ़ संसदीय सीट पर भाजपा और सपा में कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। बसपा ने पहले इस सीट पर भीम राजभर को मैदान में उतारा था बाद में उनका टिकट काट दिया और दूसरी सीट से उम्मीदवार बना दिया। अब मतदाताओं को बसपा के प्रत्याशी का इंतजार है। सपा ने यहां से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने वर्तमान सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ को। उप चुनाव में जीते दिनेश लाल यादव जहां जीत बरकरार रखने के लिए छटपटा रहे हैं तो धर्मेंद्र यादव हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं।

आजमगढ़ संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा क्षेत्र हैं। सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। पड़ोस की लालगंज संसदीय सीट की पांचों विधानसभा सीटों पर भी भाजपा का कोई विधायक नहीं है।

2019 के संसदीय चुनाव में भाजपा ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के खिलाफ दिनेश लाल यादव को मैदान में उतारा था पर अखिलेश ने भोजपुरी सिनेमा के स्टार दिनेश लाल यादव 2,59,874 मतों के अंतर से पटखनी दी। 2022 में विधायक चुने जाने के बाद अखिलेश ने यहां से त्यागपत्र दिया। सीट पर उपचुनाव हुआ तो यहां से दिनेश लाल यादव निरहुआ सपा के उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव हरा दिया था। तब उनकी हार में बसपा के गुड्डू जमाली की अहम भूमिका थी। गुड्डू अब सपा के साथ हैं तो धर्मेंद्र को जीत की उम्मीद है। बसपा ने भी अपना उम्मीदवार बदल दिया है। अब सपा, भाजपा हर किसी की निगाह बसपा प्रमुख मायावती के अगले कदम पर है। वह किसे उम्मीदवार बनातीं हैं। उम्मीद है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे पर दांव लगाएगी।




मतदाता जागरूकता अभियान : फर्स्ट टाइम वोटर में मतदान का भारी जोश है। मुंबई में लोगों से वोट जरूर डालने की अपील कुछ इस अनोखे अंदाज में करतीं युवतियां। चेहरा पेंट करके तिरंगा बनाया और लोकतंत्र की जीत के लिए विक्ट्री निशान बनाकर बोलीं, वोट फार नेशन।

# अब 'घर' और 'गढ़' में होगा बेहद रोमांचक रण

इरा अवस्थी, कन्नौज

- सस्पेंस के बादल छंटने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव कन्नौज से फिर मैदान में
- अटकल, असमंजस और मायूसी के दौर से उबर कर जोश में आए सपाई



## अब भारत-पाकिस्तान का मैच : सुब्रत पाठक

नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने मीडिया से कहा कि अब भारत-पाकिस्तान का मैच होगा? कन्नौज अगर सपा का गढ़ है, तो उनका घर है। इसके जवाब में पूर्व सीएम अखिलेश ने कहा कि वे (सांसद) न तो बॉलिंग कर पाएंगे न बैटिंग, हम छह के छह बॉल पर छक्के ही मारेंगे। ऐसा न हुआ तो समाजवादी नहीं। इस बार क्लीनबोल्ड करने की तैयारी है। जीत ऐतिहासिक होगी। मुकाबला 'घर' बनाम 'गढ़' होने वाला है।

**अमृत विचार।** आखिरकार कन्नौज लोकसभा सीट एक बार फिर से देश की 'हॉट सीट' की लिस्ट में आ गई है। तमाम कयास, असमंजस, प्रत्याशी घोषित करने और फिर बदलने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के ताल ठोंकने से मुकाबला रोमांचक होने के आसार प्रबल हो गए हैं। अब रण 'घर' बनाम 'गढ़' होगा। भाजपा प्रत्याशी कहते हैं कि कन्नौज मेरा घर है तो सपा का तर्क है कि गढ़ में वापसी होगी।

दो दिन पहले तक कन्नौज सीट पर समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को लेकर अटकलों-असमंजस का दौर था। इस बीच सपा ने तेजप्रताप यादव को प्रत्याशी बना दिया। इसके साथ ही सपा कुनबे में मायूसी फैल गई और सभी अखिलेश से ही कन्नौज से चुनाव लड़ने की मांग करने लगे। उधर, माना जा रहा था कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका तथा पूरे देश में प्रचार की जिम्मेदारी के चलते वे इस बार लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे। दूसरी तरफ सुप्रीमो के मन में कोई और ही रणनीति तैयार हो रही थी। जनता व कार्यकर्ताओं की जबर्दस्त मांग व जिद के आगे तो झुकना ही पड़ा जबकि वे खुद दो साल पहले एक निजी कार्यक्रम में इस बात का संकेत दे चुके थे। इस तरह पहले से स्पष्ट ही था के वे कन्नौज को ही एक बार फिर से चुनावी रणक्षेत्र बनाएंगे। बुधवार को शाम होते-होते उनके यहां से चुनाव लड़ने पर मुहर लग गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर अखिलेश यादव ने नामांकन कर दिया। इसके बाद पत्रकारों से रूबरू हुए तो कन्नौज से अपने लगाव का प्रदर्शन यह कहते हुए किया कि यहां से उनकी शुरुआत हुई तो यहां के लोगों से जुड़ाव खास है।



## छह के छह बॉल पर छक्के मारेंगे : अखिलेश

### डिंपल की हार याद दिलाकर भरा जोश

- दो दिन पहले तक तेजप्रताप के नाम की घोषणा से खुश नजर आ रहे भाजपाइयों के खेमे में उत्साह अब भी है लेकिन कहीं न कहीं शंका के बादल भी नजर आ रहे हैं। प्रेस के माध्यम से अखिलेश ने रूठों का भी सहयोग मांगा है। सपा के जिम्मेदारों की मानें तो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चेहरे पर पार्टी की टूटन खत्म हो सकती है। बताया जा रहा है कि भाजपा में भी अंदरखाने असंतुष्टि और गुस्से के स्वर हैं। ऐसे में सपा अध्यक्ष के आने से कुछ इस तरह का वोट इधर का उधर हो सकता है। यद्यपि सांसद सुब्रत ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब अखिलेश सामने हैं। वे पहले भी अखिलेश और डिंपल के सामने चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में डिंपल को हराकर ही सीट भाजपा की झोली में डाली थी।
- वर्ष 2000 में अखिलेश ने यहां पहला उपचुनाव लड़ा था जब उनके पिता व पार्टी संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव ने यहां की सीट से इस्तीफा दिया था। इसके बाद वे लगातार तीन बार सांसद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहने वाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# दूसरे चरण में चुनाव

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में धर्म का मुद्दा आगे हो गया है। भाजपा ने अपने दस साल के कार्यकाल के दौरान अधिकतर विकास, 5वीं से तीसरी वैश्विक अर्थव्यवस्था और अंततः 2047 तक 'विकसित भारत' की बात कही। 2024 का जनादेश 'विकसित भारत' का संकल्प हासिल करने की रूपरेखा तैयार करने के लिए मांगा जा रहा है। सवाल उठ रहे हैं कि अचानक यह बदलाव क्यों आया कि प्रथम चरण के कम मतदान के बाद प्रधानमंत्री के तेवर बदल गए। विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राजस्थान में विभाजनकारी और अपमानजनक भाषण देने का आरोप लगाया। हालांकि भाजपा अब भी दौड़ में सबसे आगे है। कई सीटों पर मुकाबले कांटेदार हैं। परंतु मतदान अब भी कम हो सकता है, क्योंकि दूसरे चरण की जिन 89 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है, उसमें कमोबेश 30 सीटों पर लू का मौसम होगा। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी और करीब 65.5 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में प्रचार के दौरान बाकी सब मुद्दे पीछे छोड़ते हुए भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उस पर तुष्टिकरण करने का आरोप लगा दिया। गुरुवार को चुनाव आयोग ने किसी प्रधानमंत्री के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप पर पहली बार संज्ञान लेते हुए भाजपा से विपक्षी दलों द्वारा दायर शिकायतों का जवाब देने को कहा है। चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को जारी नोटिस का 29 अप्रैल तक जवाब देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने इसी तरह का एक पत्र कांग्रेस अध्यक्ष को भी लिखा है जो उनके और राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

चुनाव आयोग को अपनी शिकायत में कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में आरोप लगाया था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति को मुसलमानों में फिर से बांटना चाहती है और विपक्षी दल महिलाओं के 'मंगलसूत्र' को भी नहीं बख्शेगा। महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग ने स्टार प्रचारकों पर लगाम लगाने के पहले कदम के तहत पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराने के लिए जनप्रतिनिधि कानून के प्रावधानों का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि 2019 के आम चुनाव के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ छह शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इस पर चुनाव आयोग की तीखी आलोचना की गई थी। हालांकि मतदान और मतदाता से जुड़े 'भारतीय जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951' में ऐसी धाराएं भी हैं, जिनके तहत ऐसी शिकायतों पर दंडनीय कार्रवाई की जा सकती है। आयोग की यह कार्यवाही उसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता से जुड़ी है।

# लोकसंस्कृति समझने को गणगोत्र का जानना जरूरी


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी सामान्य पशुपक्षी नहीं है, वहां उनका अर्थ कुछ गहरा है, जिसे हम गणगोत्र के सूत्र से समझ सकते हैं। टोटम का इतिहास मानवीय धारणाओं, देवताओं और जन जातियों की युग यात्रा और सामाजिक विकास की आत्मकथा है, जिसको हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वह वास्तव में समुद्र की भांति है, जिसमें संस्कृतियों की अनेक धाराएं समाई हुई हैं।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे।

रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है। भरतीय पुराकथाओं में जनमेजय का नागयज्ञ, गज-ग्राह युद्ध और नाग-गरुड़-युद्ध प्रसिद्ध हैं।

युगांत प्रलय के समय मत्स्य (विष्णु के प्रथम अवतार) का प्रादुर्भाव हुआ। यह नौका पर बैठे मनु की कथा है, मत्स्य पुराण भी है। मत्स्यकन्या की कथा में मल्लाहों ने मछली का पेट चीर कर एक कन्या और बालक को निकाला था। वह उपरिचर वसु का वीर्य था। पुराण की कथा है कि अमृत प्राप्त करने के लिए देवता और दैत्य समुंद्र मंथन करने लगे उस समय भगवान विष्णु ने कछुआ (कच्छप या कूर्म अवतार) का रूप धारण किया। समुद्र में प्रवेश करके मंदराचल को पीठ पर धारण किया। कुर्मी नाम का एक जनसमूह अभी भी है। इसका संबंध कूर्म गणगोत्र से है। वाराह पुराण की कथा के अनुसार जब हिरण्याक्ष धरती की चटाई कर के पाताल ले गया, तो वाराह भगवान ने हिरण्याक्ष का वध किया और अपने एक ही दंष्ट्र पर धारण करके पृथ्वी का उद्धार किया और उसे शेषनाग के फण पर प्रतिष्ठित किया। इस प्रकार विष्णु के दस अवतारों में से प्रथम तीन अवतार मानवेतर हैं। मथुरा को आदिवाराह क्षेत्र माना जाता है। सोरों शूकर क्षेत्र है। विष्णु के चौथे अवतार नृसिंह का स्वरूप अर्द्धमानुषी है अर्थात आधा शरीर मनुष्य का और आधा सिंह का। नृसिंह की तरह और भी देवता हैं, जिनका रूप अर्द्ध-मानुषी है। हयग्रीव-अवतार (चौबीस अवतारों में) है —हयग्रीव (मुख घोड़ा का, शरीर आदमीका) हनुमान (मुख वानर का, शरीर आदमी)। गणेश (हाथी जैसा मुंह बाकी शरीर मनुष्य जैसा), और हनुमान ( मुख और पूंछ बंदर की तथा शेष शरीर मानवीय) प्रमुख है। चीन, जापान और तिब्बत में भी नागकन्या का आधा रूप सर्प का तथा आधा मनुष्य जैसा है। गरुड़ के संबंध में पुराणों में बताया गया है कि उसका मस्तक गरुड़ पक्षी के समान तथा शरीर और इंद्रियां मनुष्य-जैसी थी।

रांगेयराघव ने "महायात्रा गाथा" में टिप्पणी की है कि भारतीय पौराणिक-जीवन की अनेक समस्याएं प्राचीन जातियों के "टोटम" में ही छिपी हुई हैं। आचार्य क्षितिमोहनसेन और डा.रामविलास शर्मा ने भी टोटम या गणगोत्र के सिद्धांत के प्रकाश में पुराकथाओं की समीक्षा की है। एक युग था, तब वर्ण नहीं था, जाति नहीं थी, कबीले थे। किसी का गणगोत्र (टोटम) नाग था, कोई सुपर्ण था, कोई जटायु था, मत्स्य, कूर्म, गज, सिंह, महिष, मयूर, अश्व, हंस, शुक, काक, नंदी, वाराह आदि हजारों गणगोत्र थे। रांगेयराघव ने लिखा है कि भय भूख और आवश्यकता ने टोटम को जन्म दिया उन्होंने लिखा है कि संसार में एक लंबा समय टोटम का रहा है। केवल भारत में ही नहीं, मिस्र में थोट देवता गरुडमुखी है, चीन में ड्रेगन की कथाएं हैं। बैबीलोनिया में जू गरुड़ देवता है।

रामकथा का स्रोत भुशुंड काक है। योग वासिष्ठकार ने भुशुंड को अत्यन्त रूपवान और श्यामवर्ण बतलाया है। भुशुंड की गणना महामनीषियों में होती थी और स्वयं वसिष्ठ भुशुंड से मिलने के लिए मेरुपर्वत पर गए थे। भुशुंड के पिता चंड काक ही थे किन्तु मां हंस गणगोत्र की थी। भागवत-कथा का स्रोत शुक है। शिव पार्वती को मुंडमाला का रहस्य समझा रहे थे। पार्वती सो गईं। तोता हूंकरा देने लगा। शिव ने देखा तो त्रिशूल ले कर दौड़े। शुक उड़ा, व्यास पत्नी जंभाई ले रही थीं। शुक व्यास पत्नी के गर्भ में चला गया। शुकदेव जब रावण सीता का अपहरण करके ले जा रहा था तो जटायु ने रावण को वेदतत्व का प्रमाण देते हुए पर स्त्री हरण का निषेध किया था और जब रावण नहीं माना तो इसने रावण को घायल कर दिया। राम को सीता हरण की प्रथम सूचना जटायु से ही मिली थी। इतना ही नहीं, जटायु ने राम को बताया कि सीता का हरण 'बिंद' मुहूर्त में हुआ है, इसलिए वह तुम्हें अवश्य प्राप्त होगी। स्पष्ट है कि वेद का प्रमाण और ज्योतिष का संदर्भ देना किसी भी पक्षी के वश की बात नहीं हो सकती। जटायु गृद्ध गणगोत्र का था।

यों तो गरुड़ पक्षी का ही नाम है, विष्णु का वाहन! लेकिन वेद और पुराकथाओं में जिस गरुड़ की कहानियां हैं, वह गणगोत्र अथवा टोटम-जाति अथवा कबीला है।

रांगेयराघव ने महायात्रा गाथा में एक पूरे अध्याय में नाग और गरुड़ के संघर्ष का वर्णन किया है। वेद में वह श्येन का पुत्र है। पुराकथाओं में कश्यप और विनता का पुत्र और अरुण का भाई है। गरुड़ की दो बातें ध्यान देने लायक हैं, पहली बात यह कि उसकी मां अपनी ही सौत कद्रू की दासी है। गरुड़ उसे दासता से मुक्त करने के मिशन पर लग जाता है, उसे निषादों, गजों, कच्छपों, और अन्य कितने ही गणगोत्रों से युद्ध करना पड़ता है। वह यक्ष, गंधर्व और देवों से भी युद्ध करता है। अंत में यह अपनी मां को दासता से मुक्त करता है। बालखिल्य उसका अभिषेक करते हैं। दूसरी महत्व की बात है कि-यह स्वर्ग से अमृत ले कर आया था। बाद में नाग और गरुड़ दोनों की अन्तर्भुक्ति विष्णु में हो जाती है। तैत्तिरीय उपनिषद का तीतर गणगोत्र है।

डॉ. कामिल बुल्के ने स्पष्ट बताया था कि हनुमान वास्तव में वानर गोत्रीय आदिवासी थे। इसी प्रकार जिस ऋक्षराज जांबवान से कृष्ण का अट्ठाईस दिनों तक युद्ध चला था और जिसकी कन्या जांबवती कृष्ण की आठ पटरानियों में से एक थी, वह रीछ नहीं हो सकता। महिष भी गणगोत्र है। महिकासुर ब्रज में भी लोकदेवता है। महिषासुर के जन्म की कथा में उल्लेख है कि रंभासुर ने महिषी को गर्भ प्रदान किया था।

पुराण कथाओं के पशु-पक्षी पात्रों का एक तीसरा रूप देवता के वाहन रूप में है जैसे ऐरावत हाथी (इंद्र का वाहन), गरुड़ (विष्णु), सिंह (दुर्गा), हंस (ब्रह्मा तथा सरस्वती), बैल (शिव), कुत्ता (भैरव), मूषक (गणेश), मयूर (कार्तिकेय स्वामी), महिष (यमराज तथा शनि), उल्लू (लक्ष्मी का वाहन)। देवताओं के वाहनों से जुड़े अभिप्राय वास्तव में गणगोत्र जातियों की अन्तर्भुक्ति की कथाएं हैं। नरक चतुर्दशी को यमराज का तर्पण करके दीप जलाकर कुत्ते की पूजा की जाती है। भागवत में पंचम स्कंध में, कंक गिद्ध बगुला और बटेर जैसे देवताओं का उल्लेख है, भागवत 5-14-29।

भारत के लोकजीवन के विश्व बोध में, आचार-प्रणाली और विश्वासप्रणाली में गणगोत्र तत्त्व समाया हुआ है। भारत के जनगण को और भारत की लोकसंस्कृति को समझने के लिए गणगोत्र को समझना अनिवार्य है, नहीं तो अध्ययन के निष्कर्ष गलत ही निकलेंगे।

## प्रसंगवश

# चुनाव और विदेशी मेहमान


डॉ. सुभाष चन्द्र
एमजेपीआरयू, बरेली

संसदीय आम चुनाव 2024 को नजदीक से जानने समझने के लिए भाजपा ने विश्व की तमाम सत्ताधारी तथा विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है, सिवाय चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के। भाजपा के विदेश विभाग के प्रवक्ता अनुसार ब्रिटेन की कंजरवेटिव तथा लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स तथा सोशल डेमोक्रेट्स एवं यूएस की डेमोक्रेट्स तथा रिपब्लिकन पार्टियों को बुलावा भेजा जा चुका है।

पड़ोसी देश नेपाल में सत्तारूढ़ दल की सहयोगी सभी पांच पार्टियों को भी आमंत्रण भेजा गया है। इस तरह लगभग दो दर्जन पार्टियों को आमंत्रित किया जा चुका है। गत वर्षों में भाजपा ने देश के अलग-अलग हिस्सों (यथा गुजरात एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा) में संपन्न चुनावों को जानने समझने के लिए डिप्लोमेट्स को भेजा था। भारत यह दिखाना चाहता है कि देश में सफल चुनाव कैसे कराए जाते हैं तथा लोकतंत्र का उत्सव कैसे मनाया जाता है। ब्रिटिश एमपी एवं पद्म पुरस्कार प्राप्तकर्ता बॉब ब्लैकमेन अनुसार 'भारतीय आम चुनाव बड़े स्तर पर आयोजित किए जाते हैं तथा यह विश्व के किसी भी प्रजातंत्र के मुकाबले बहुत बड़ा आयोजन है।' भाजपा के विदेश विभाग द्वारा प्रवासी मित्रों को सूचना भेजी जा रही है कि वे कम से कम दो हफ्तों के लिए भारत में प्रवास करें तथा ऐसी जगहों पर भ्रमण करें जहां से वे पूरी तरह वाकिफ हों। हालांकि इनमें केवल उन्हें ही शामिल नहीं किया गया है जो कि भाजपा के प्रति सहानुभूति रखते हैं अपितु भारतीय मूल के शिक्षाविदों को भी शामिल किया गया है। पैनल फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इलेक्शन्स-2024 के मुखिया प्रो. राहुल मुखर्जी (हेडलबर्ग यूनिवर्सिटी, जर्मनी) ने भारतीय चुनाव आयोग को बता दिया है कि निष्पक्ष भाव से चुनावी प्रक्रिया को हम समझेंगे तथा अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस प्रक्रिया में हम राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय मानकों तथा दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे तथा स्वतंत्रता पूर्वक अपना कार्य करेंगे।' भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों द्वारा विगत वर्षों के दौरान आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विदेशी नेताओं को आमंत्रित किया जाता रहा है। इस आम चुनाव में विदेशी मेहमानों का वृहद् स्तर पर भाग लेना संभावित है।

# चुनौती बनता इलेक्ट्रॉनिक कचरा


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर
केआईटी, कानपुर

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

वर्तमान तकनीकी और डिजिटल युग में ई-कचरा (ई-वेस्ट) पूरी दुनिया में एक चुनौती के रूप में उभर कर सामने आया है। हम सभी के पास मोबाइल फोन, टीवी, लैपटॉप और भी बहुत से ऐसे इलेक्ट्रॉनिक सामान हैं जो कि हर रोज इस्तेमाल होते हैं। लेकिन नए स्मार्टफोन, टीवी या फिर लैपटॉप खरीदने के बाद पुराने को हम कचरा समझकर फेंक देते हैं। आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक सामान की चाहत बढ़ती जा रही है वही सामान (गैजेट्स) जहर बनकर अब हमारे वातावरण का गला घोंट रहे हैं। ई-कचरे पर यूनाइटेड नेशन की 'द ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनीटर 2024' रिपोर्ट जारी हुई है। जिसमें ई-कचरे वाली सुनामी का जिक्र है। इस रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर सालाना 6.2 करोड़ टन इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा हो रहा है। 2010 के बाद से इस कचरे में 82 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार ई-कचरा अगर ऐसे ही बढ़ता रहा तो वर्ष 2030 तक 32 फीसदी की वृद्धि के साथ बढ़कर 8.2 करोड़ टन पर पहुंच सकता है। ई-कचरे का वार्षिक उत्पादन 23 लाख टन प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रहा है। जिन इलेक्ट्रॉनिक सामानों ने हम सभी की जिंदगी को आसान बनाया है वही सामान अब हमारी जिंदगी में ज़हर घोल रहे हैं।

आमतौर पर हम अपने घरों और दफ्तरों में जिस मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट, स्मार्ट-फोन समेत दूसरे इलेक्ट्रॉनिक सामानों (गैजेट्स) और दूसरे अन्य उत्पादों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते हैं। वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट (ई-वेस्ट) यानी कि ई-कचरा कहलाता है लेकिन ई-कचरे की असली समस्या तब शुरू होती है जब इस कचरे का सही तरीके से संग्रहण (कलेक्शन) और पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) नहीं होता है। जिससे मिट्टी, पानी और हवा जहरीली हो रही है। यूएन की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में यूरोप, ओशिनिया देशों और अमेरिका ने प्रति व्यक्ति सबसे ज्यादा इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा किया। इस कचरे में यूरोप प्रति व्यक्ति 17.6 किलोग्राम के हिसाब से सबसे आगे है। इसके बाद ओशिनिया ने प्रति व्यक्ति 16.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया। ओशिनिया ऐसे द्वीपों के समूहों को कहा जाता है जो कि प्रशांत महासागर में फैले हुए हैं। जबकि अमेरिका ने 14.1 किलोग्राम ई-कचरा पैदा किया था। इन देशों में ई-कचरे को इकट्ठा करने और पुनर्चक्रण के साधन मौजूद हैं। इसीलिए इन देशों में ई-कचरे की पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) दर भी ऊंची है। लेकिन बहुत से ऐसे देश हैं जहां ई-कचरा बड़ी मात्रा में निकलता है। लेकिन ना तो ऐसे देशों में इस कचरे को इकट्ठा करने के पर्याप्त संसाधन हैं और न ही पुनर्चक्रण के लिए कोई उचित प्रबंधन है।

जिस तरह से जलवायु परिवर्तन किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। ठीक उसी तरह से ई-कचरा भी किसी एक देश की नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है। पूरी दुनिया में ई-कचरे की मात्रा कितनी ज्यादा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अगर इस इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-कचरे) को 40 मीट्रिक टन क्षमता के ट्रकों में भरा जाए तो इसके लिए करीब 15.5 लाख से ज्यादा ट्रकों की जरूरत पड़ेगी। इन ट्रकों को यदि एक के पीछे एक लगाया जाय तो ये भूमध्य रेखा के चारों और एक लाइन बना सकते हैं। ई-कचरा राकेट की रफ़्तार से बढ़ रहा है। जबकि पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर अभी भी बहुत कम है। वैश्विक स्तर पर पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की दर सिर्फ 12 फ़ीसदी दर्ज की गई है। ऐसे में बहुत बड़ी मात्रा में ई-कचरा नदियों में बहा दिया जाता है। बडे-बड़े गोदामों में ई-कचरा पड़ा रहता है या फिर इसे समुद्र में फेंक दिया जाता है। जिससे पर्यावरण के साथ-साथ जीव जंतुओं को भी नुकसान हो रहा है।

भारत पूरी दुनिया में ई-कचरा पैदा करने में तीसरे नंबर पर है। वर्ष 2021 से 2022 में 1.6 मिलियन टन ई-कचरा भारत में पैदा हुआ था। वर्ष 2030 तक भारत में 14 मिलियन टन ई-कचरा होने का अनुमान है। हालांकि भारत ने इस समस्या से निपटने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। भारत में नई स्क्रैप पॉलिसी के तहत सरकार ने वर्ष 2022 में मोबाइल फ़ोन, लैपटॉप, फ्रिज, टीवी, एसी समेत 134 इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग की तिथि (एक्सपायरी डेट) तय कर दी थी। यानी एक निश्चित समय के बाद घर में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक सामान कबाड़ (स्क्रैप) हो जाएंगे। और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ेगा। ये बिलकुल वैसे ही है जैसे भारत में वाहनों की परिचालन की समय सीमा (एक्सपायरी डेट) 15 साल होती है। जिसके बाद वाहनों को सड़कों पर चलाने की अनुमति नहीं मिलती है और उन्हें उपयोग से बाहर करना पड़ता है। उसी तरह से अब इलेक्ट्रॉनिक सामान को भी एक निश्चित समय के बाद 'स्क्रैप' करना होगा।

## सोशल फोरम

# अच्छे दिन

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"


राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक किसान मेले से बकरी खरीद कर घर लौट रहा था। राह में चार ठग मिले। बकरी देख उनकी जीभ लपलपाने लगी। फिर कुछ आपस में राय विचार कर चारों चार जगह खड़े हो गए।

राह में खड़ा पहला ठग किसान को देखते ही बोला, "यह कुत्ता तो बड़ा सुंदर है, भाई। कहां मिला?" किसान उसकी मूर्खता पर हंस कर बोला, "अरे बेवकूफ, यह बकरी है। अभी अभी मेले से खरीद कर ला रहा हूं।"

थोड़ी दूर जाने के बाद दूसरा ठग मिला और कहा, "भाई कुत्ता तो तुम्हारा बहुत सुंदर है। मेला में लिए क्या?" किसान ने गुस्से में कहा, "ये कुत्ता नहीं, बकरी है।" लेकिन उसके मन में एक शंका सी खड़ी हो गई।

कुछ दूर आगे उसे तीसरा ठग मिल गया जिसने छूटते ही पूछा, "भाई, ये कुत्ता तो विदेशी नस्ल का लगता है। कितने में मिला?" किसान बिल्कुल चिंतित हो गया और बोला, "भाई साहब, आपको गलतफहमी हुई है ! यह कुत्ता नहीं, बकरी है।" ठग किसान को बार-बार आंख फाड़ कर देखते और जोरों से हंसते हुए वहां से चला गया। ठग के जाने के बाद किसान बकरी को बार-बार जांचने परखने लगा और अपने से ही कहा कि नहीं, यह तो बकरी ही है।

कुछ दूर ही आगे चौथा ठग किसान का इंतजार कर रहा था। किसान को देखते ही बोला, "क्या गजब का बढ़िया कुत्ता है, भाई! इतना सुंदर कुत्ता अपनी जिंदगी में पहली बार देख रहा हूं।"

किसान का आत्मविश्वास अब खत्म हो चुका था। बकरी को वहीं छोड़ वह अपने गांव की ओर चल पड़ा। झूठ को बार-बार दुहरा कर इसी प्रकार ठग लोगों की मति फेर देते हैं और अपने लिए अच्छे दिन लाते है।

**– फेसबुक वॉल से**

# शिफ्ट्स में सत्ता या सत्ता में शिफ्ट


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं।

'शिफ्ट' को मैं बदलाव नहीं कहूंगा। यह ऐसा भी नहीं है थक जाने के बाद अपने कंधे का बोझ दूसरे पर लादना। बल्कि कहूंगा कि भारत में सत्ता में ड्रिफ्ट और शिफ्ट दोनों हैं। कांग्रेस में ड्रिफ्ट अधिक है लेकिन लोग शिफ्ट भी चाहते हैं। बहुतों को मालूम नहीं है कि सत्ता में शिफ्ट क्या होता है। उन्हें सभी पॉलिटिशियन एक जैसे दिखाई नहीं देते हैं। जब अलग दिखाई देते हैं तो उनमें 'अपना' ढूंढने की चाहत अधिक होती है। बेशक वह एक नंबर का बदमाश या परले दर्जे का धूर्त और अनपढ़ है।

हरेक चुनाव के समय-राष्ट्रपति के लिए हैं या पंचायत के लिए, जाति, वर्ग, धर्म, अनुसूचित, आदि को लेकर विभिन्न प्रकार के वक्तव्य हमारी नज़र में आते हैं। अधिकांश के बारे में तो मीडिया के जरिये। मूविंग विजुएल्स अर्थात विडियोग्राफ्ड एविडेंस सबसे विश्वसनीय होता है अगर डॉक्टर्ड न हो या कहें तो मनमुताबिक छेड़खानी न की गई हो।

दिए गए वक्तव्यों से व्यक्ति के चिंतन स्तर और विषय के बारे में उसकी समझ मालूम होती है। सत्ता, व्यक्ति को मदहोश रखती है और वह कब वाहियात या अशोभनीय बोल गया है, इसे खुद मालूम नहीं पड़ता। सत्ता, आनी-जानी होती है। लेकिन घृणा और बदले की भावना पॉलिटिक्स में नहीं होनी चाहिए और पॉलिटिकल में अतिवाद के लिए भी जगह नहीं होती। अफसोस की बात है कि भारत में स्टेट्समैन और पॉलिटिकल थिंकर्स की कमी है। कोई है, मुझे अभी नज़र नहीं आ रहा।

कांग्रेस जैसी बड़ी पॉलिटिकल पार्टी ने अपना नाश खुद परिवारवाद में घुसे रहकर किया। रहा-सहा नाश उन रीढ़ हीन व्यक्तियों ने कियी जो अनुभवी होकर भी कुटिलतापूर्वक आवश्यकता से अधिक धन के संग्रहकर्ता बने, देश के लिए क्रिटिकल वक्त पर सही निर्णय न ले पाए, देश की सुरक्षा और प्रभुसत्ता के सामने निजी स्वार्थों और अपने अन्दर के भय को जीत न पाए, सही नीतियां न बनाकर देश के मेहनतकशों के साथ धोखा करते रहे, पूंजीवादियों (उद्योगपति नहीं) और बदमाश पृष्ठभूमि के लोगों को सत्ता-संरक्षण देते रहे, सांप्रदायिकता को बढ़ावा देते रहे और विवश आमजन को हमेशा पददलित करते रहे।

रही बीजेपी की बात तो इनके लिए अंग्रेजी में एक शब्द है 'पर्सनल वेंडेटा', जिसे एक वाक् अस्त्र बनाकर ये लोग अपने पैर ही कुल्हाड़ी चला रहे हैं। सत्ता का दुरुपयोग कौन नहीं करता और किसने एक ऋषि-मुनि, मनीषी सरीखा व्यवहार किया है। देश के लोगों को भयभीत करके, ओछे तर्क देकर और व्यक्तिगत ईर्ष्या से सराबोर होकर चुनाव जीतना बेमानी है। देश के नेताओं में अनुभव और अनुभवहीनता, अशिक्षितपन और विद्वत्ता में कोई फर्क कर पाए ऐसी हालत नेताओं ने नहीं छोड़ी। पॉलिटिक्स में नेहरु जैसी ऊंचाई किसी में नहीं दिख रही और जिनमें होगी वे पॉपुलिस्ट किस्म के बयानबाजियों के ताली ढकी-छिपी रहती है। देश में टेलेंट की क्या कमी है?

बहुत पहले एक भविष्यवाणी खुद को समझाने के लिए की थी कि सन 2024 तक 'पैटी-पॉलिटिक्स' को पैसे वाले हथिया लेंगे। तत्पश्चात सत्ता के सौदागर होंगे टेक्नोक्रेट्स और साइंटिस्ट्स। 'शिफ्ट इन इन सेंटर्स ऑफ़ पॉलिटिकल पॉवर' की थ्योरी के अनुसार यह शिफ्ट क्षत्रिय का हाथ से निकलकर ब्राहमण या बनिए के पास नहीं बल्कि कर्मयोगियों के पास होनी चाहिए लेकिन दैवयोग से देखने पर यह किसी और के पास अनापेक्षित रूप से खिसकी है। इसके लिए राजनैतिक शक्ति से वंचित या हाशिये पर रही कम्युनिटीज के पास यह धीरे-धीरे खिसकी है। थ्योरेटिकली देखें तो पॉलिटिकल चिंतन विहीन वर्ग के पास यह केन्द्रित होने की प्रवृत्ति दिखा रही है। देश में अकादमीय विद्वत्ता की कमी नहीं, लेकिन सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गई है जिनका लक्ष्य रहा स्वार्थ और बेशुमार अमीरी। पॉलिटिक्स ही ऐसा आसान रास्ता ही जिससे बिना कुछ योगदान के बेशुमार समृद्धि और अमीरी कमाई जा सकती है। दुनिया में इसी चलन का बोलबाला है। भारत की स्थिति अगले 30 साल इस मामले में अभी और बिगड़ेगी। पिछले 15 साल में, खासतौर से सन 2017 में बराक ओबामा के जाने के बाद अमरीका की पॉलिटिकल हालत प्रशंसनीय नहीं कही जा सकती। मुझे लगता है कि अगले बीस साल संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त पिछड़ी जातियों की तरफ सत्ता के शिफ्ट होने के आसार अधिक हैं।

# सैम पित्रोदा का प्रलाप


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कांग्रेस के ओवरसीज यानी समुद्र पार क्षेत्र के अध्यक्ष और राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने अपने एक बयान द्वारा भारत में अमेरिका की तर्ज पर उत्तराधिकार टैक्स लगाने की वकालत की है। इसके अनुसार किसी के मरने पर उसकी धन सम्पत्ति का 55 प्रतिशथ सरकार को चला जाता है और शेष 45 प्रतिशत उसके वारिसों को। इसके द्वारा उनके अनुसार धन संपत्तियों के पुनर्वितरण करने में सहूलायत होगी। चूंकि भारतीय जन मानस की भावनावों के यह अनुरूप नहीं है, अतः बीजेपी ने इसे तुरंत लपक कर मुद्दा बना लिया और चुनावी लाभ लेने में जुट गई।

हालांकि समय रहते कांग्रेसी चेत गए और सैम के इस बयान से किनारा करते हुए इसे उनका निजी बयान बता दिया। वैसे भी कोई पार्टी सत्ता मे आने पर क्या करेगी, यह उसके चुनावी घोषणा पत्र यानी मैनीफेस्टो से शासित होता है, न कि नेताओं के फुटकर बयानों से, जो हर पार्टी के बड़बोले कहते ही रहते हैं। आपको याद होगा कि कुछ महीने पहले इन्हीं पित्रोदा ने कहा था कि बैलट से चुनाव कराने की मांग की जाएगी। यदि यह न माना जाएगा, तो विपक्ष चुनाव का बहिष्कार करेगा। यह कहां कार्यान्वित हुवा? चुनाव मशीनों से ही हो रहे हैं और विपक्ष भाग ले रहा है। जब भाजपा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाई और लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की भूमि तैयार की, तो पार्टी लाइन से हटकर उमा भारती ने इसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं का आरक्षण डालने की बात कही और बयान दिया। किंतु यह उनकी निजी राय ही मानी गई। पार्टी ने इसकी अनसुनी की। सुब्रह्मण्यम स्वामी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान देते रहते हैं, जिनका विशेष प्रभाव नहीं होता है, हालांकि बहुधा उनमें दम होता है।

ऐसा भी हो सकता है कि भाजपा ने पित्रोदा को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने के लिए यह बयान दिलवा दिया हो, क्योंकि इन दिनों तमाम विपक्षियों और कांग्रेसियों को भाजपा अपने पाले में खींच रही है, और यह उसकी रणनीति का हिस्सा हो। जो भी हो, सैम पित्रोदा का यह बयान भारतीय परिवेश के प्रतिकूल और सम्प्रति प्रलाप मात्र है। संपत्ति का अधिकार तो संविधान में मूलभूत अधिकारों के रूप में समाविष्ट है।

# सत्ता विरोधी लहर
## डूबेंगे या पार लगेंगे पटनायक


**मनोज त्रिपाठी**

**अमृत विचार।** ओडिशा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ हो रहे हैं। राज्य की 21 लोकसभा सीटों और 147 विधानसभा सीटों के लिए 13 मई से 1 जून के बीच चार चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण के लिए 13 मई, दूसरे चरण में 20 मई, तीसरे चरण में 25 मई और चौथे चरण में पहली जून को जनता अपने मताधिकार का प्रयोग करेगी। 13 मई को चार लोकसभा सीटों कालाहांडी, नवरंगपुर, बेरहमपुर और कोरापुट में वोटिंग होगी तो 20 मई को बारगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का लोकसभा सीट पर मतदान होगा। 25 मई को छह लोकसभा सीटों संबलपुर, क्योंझर, ढेंकनाल, कटक, पुरी और भुवनेश्वर में मतदाता वोट डालेंगे। पहली जून को राज्य की बची छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर में वोटिंग होगी। इसी तरह चार चरणों में विधानसभा चुनाव के लिए 13 मई को 28 विधानसभा सीटों पर वोटिंग तो 20 मई को 35 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। 25 मई को 42 सीटों और पहली जून को राज्य की शेष बची 42 विधानसभा सीटों पर वोट पड़ेंगे। लोकसभा में जहां 60 फीसदी सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणात्मक संघर्ष की तस्वीर उभर रही है, वहीं विधानसभा की लगभग 50 फीसदी सीटों पर बीजेडी और भाजपा के सीधे संघर्ष में कांग्रेस तीसरा कोण बनाती नजर आ रही है। राज्य में यह पहला मौका है, जब पिछले पांच बार से चुनाव जीत रही बीजेडी को सत्ता विरोधी लहर का सामना करना पड़ा है। भाजपा लोकसभा की ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतने के साथ विधानसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए कड़ी चुनौती पेश कर रही है, तो कांग्रेस इस लड़ाई में अपने लिए बाजीगर जैसी भूमिका तलाश रही है।

**3.32** करोड़ कुल मतदाता
**1.68** करोड़ पुरुष मतदाता
**1.64** करोड़ महिला मतदाता
**7.54** लाख फर्स्ट टाइम वोटर


**2019 लोकसभा चुनाव में दलीय परिणाम**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 12 | 1,01,74,021 |
| भाजपा | 08 | 91,30,768 |
| कांग्रेस | 01 | 32,85,339 |



**विधान सभा चुनाव- 2019 परिणाम**

| बीजेडी | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| 76.4% | 15.8% | 6.3% |
| 112 सीट | 23 सीट | 09 सीट |




वोट पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेडी को मिले थे
वोट प्राप्त किए थे भारतीय जनता पार्टी ने 2019 में
वोट शेयर के साथ कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही थी

## पिछले चुनाव में सिर्फ 4.4 % वोटों से पिछड़ गई थी भाजपा

ओडिशा लोकसभा में 21 सांसद भेजता है। इन 21 लोकसभा सीटों में तीन एससी और पांच एसटी के लिए आरक्षित हैं। बीजेडी 2009 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से अलग हो गई थी। इस बार पार्टी ने चुनाव पूर्व गठबंधन के लिए भाजपा के साथ हाथ मिलाने के लिए कोशिश की पर समझौता परवान नहीं चढ़ पाया।

2019 के लोकसभा चुनावों में बीजेडी ने 42.8 प्रतिशत वोट हासिल करते हुए राज्य की 21 में से 12 सीटें जीत ली थीं। भाजपा ने आठ सीटों पर कमल खिलाया था। पार्टी को 38.4% वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस एक सीट ही जीत पाई थी। उसने 13.4% वोट प्राप्त किए थे। इस बार भी ओडिशा में यही तीन पार्टियां चुनावी लड़ाई में आमने-सामने हैं। लोकसभा की एक दर्जन सीटों पर बीजेडी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय टक्कर मानी जा रही है, जबकि नौ सीटों पर मुकाबला बीजेडी और भाजपा के बीच सीधे संघर्ष में सिमटता नजर आ रहा है।

भाजपा ने इस बार अपने चार सांसदों को दोबारा मौका नहीं दिया है। संबलपुर से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान चुनाव लड़ रहे हैं। उनके सामने कांग्रेस के दुलाल चंद्र प्रधान और बीजेडी के प्रणब प्रकाश दास की चुनौती है। पुरी से भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के सामने बीजेडी ने मौजूदा सांसद पिनाकी मिश्र की जगह पूर्व आईपीएस अधिकारी अरुण पटनायक को उतारा है, कांग्रेस ने सिद्धार्थ राउत्रे को टिकट दिया है। केंद्रपाड़ा से भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत पांडा किस्मत आजमा रहे हैं। यहां उनके मुकाबले में बीजेडी के अंशुमन मोहंती हैं। भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी दोबारा मैदान में हैं, यहां उनका मुकाबला बीजेडी के मन्मथ राउद्रे से है। सुंदरगढ़ से जुएल उरांव जैसे पुराने नेता पर दांव खेला है। पार्टी ने बीजेडी छोड़कर आए कटक के मौजूदा सांसद भर्तृहरि महताब को कटक से ही उतारा है।

### गठबंधन भाजपा और बीजेडी की मजबूरी थी पर सीट शेयरिंग की जिद व कार्यकर्ताओं में दूरी थी

- लोकसभा और विधानसभा चुनाव के रण में बीजेडी और नवीन पटनायक पर जमकर हमले करने के बाद भी भाजपा ने चुनाव बाद बीजेडी के साथ अनौपचारिक समझौते का द्वार खुला रखा है। दोनों दलों में गठबंधन और सीट समझौता टूटने के बाद भी पिछले 10 वर्षों में राष्ट्रीय महत्व के कई मामलों में मोदी सरकार को समर्थन देने के लिए पार्टी ने बीजेडी के प्रति आभार जताया था। रणनीति के तहत ही समझौते की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो बार ओडिशा आए पर नवीन पटनायक या उनकी सरकार के बारे में एक शब्द नहीं कहा। उल्टा नवीन को "मेरे मित्र" कहकर संबोधित किया और "लोकप्रिय मुख्यमंत्री" बताया था। दरअसल दोनों पार्टियों के बड़े नेता तो गठबंधन के लिए उत्सुक थे जबकि आम कार्यकर्ता इससे नाराज़ थे। भाजपा "अबकी बार, 400 पार" लक्ष्य के साथ राज्य सरकार में भागीदारी के लिए गठबंधन चाहती थी, तो बीजेडी भी समझ रही थी कि इस बार के चुनाव में पार्टी की स्थिति पहले जैसी नहीं है। लेकिन लोकसभा में भाजपा के ज्यादा सीट मांगने के कारण बात परवान नहीं चढ़ पाई।

### राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी समर में बीजेडी ने सबसे ज्यादा 10 को दिया है मौका

- ओडिशा के चुनाव में इस बार राजघरानों के एक दर्जन सदस्य चुनावी मैदान में किस्मत आजमाने उतरे हैं। प्रदेश की सत्ताधारी पार्टी बीजू जनता दल ने सबसे ज्यादा सात शाही परिवार के सदस्यों को टिकट दिया है। भाजपा ने चार और कांग्रेस ने एक राजघराने के सदस्य को चुनावी समर में उतारा है। राजघरानों के 10 सदस्य विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि दो लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे हैं। बीजेडी से धाराकोटे शाही परिवार के दिग्गज नेता स्व. एएन सिंहदेव की 28 वर्षीय पौत्री सुलक्षणा गीतांजलि देवी सनाखेमुंडी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के मौजूदा विधायक रमेश चंद्र जेना से है। चिकिती विधानसभा से चिकिती के शाही परिवार की वंशज उषा देवी के बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब भी बीजेडी से मैदान में हैं। अभी इस सीट से उनकी मां उषा देवी विधायक हैं। बीजेडी से ही देवगढ़ के राजा और भाजपा के संबलपुर सांसद नितेश गंगा देव की पत्नी रानी अरुंधति देवी देवगढ़ विधानसभा सीट से प्रत्याशी हैं। बीजेडी के टिकट पर चुनावी समर में औल शाही परिवार के सदस्य प्रताप देब औल सीट से तो नयागढ़ विधानसभा सीट से प्रत्यूषा राजेश्वरी उतरी हैं। इसी तरह पुष्पेंद्र सिंह देव धर्मगढ़ विधानसभा सीट और अंगुल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक शाही परिवार के रजनीकांत की पत्नी संजुक्ता सिंह उम्मीदवार हैं। बोलांगीर से दो बार के सांसद कलेश नारायण सिंह देव भी बीजेडी से इस बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने बोलांगीर लोकसभा सीट से यहां के शाही परिवार की मौजूदा सांसद संगीता कुमारी सिंह पर फिर से दांव लगाया है। संगीता चार बार इस सीट को जीत चुकी हैं। उनके पति केवी सिंह को भाजपा ने पटनागढ़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने कालाहांडी लोकसभा सीट से शाही परिवार के पूर्व सांसद केशरी देव की पत्नी मालविका केशरी देव को टिकट दिया है।

### 2014 में दलीय परिणाम और वोट

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| बीजेडी | 20 | 94,91,497 |
| भाजपा | 01 | 46,38,619 |
| कांग्रेस | 00 | 55,93,123 |
| अन्य | 00 | 18,09,036 |

44.1% 21.5% 26.0% 8.40%





400 पार जीतेंगे : नई दिल्ली में भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने मोती नगर में रोड शो करने के दौरान जब अपने तेवर और अंदाज दिखाए तो लोगों के बीच बरबस ही उनकी मां भाजपा की वरिष्ठ नेता रहीं स्व. सुषमा स्वराज की यादें ताजा हो गईं।

## राजस्थान में पांच सीटों पर भाजपा का कड़ा इम्तिहान

**जयपुर।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजस्थान में 13 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा। इनमें पांच सीटों पर सभी की नजर लगी है। जोधपुर लोकसभा सीट पर भाजपा के गजेंद्र सिंह शेखावत का मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उजियारा से हो रहा है। दोनों के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है। कोटा-बूंदी सीट पर भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के प्रहलाद गुंजल के बीच भी संघर्ष बताया जा रहा है। जालोर-सिरोही सीट पर कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत का चैन भाजपा के लुंबाराम चौधरी ने छीन रखा है। बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भी चर्चा में है। यहां भाजपा के महेंद्रजीत सिंह मालवीय की बाप पार्टी के राजकुमार रोत से टक्कर है। राजकुमार को कांग्रेस का समर्थन प्राप्त है। सबसे चर्चित सीट बाड़मेर-जैसलमेर है, जहां त्रिकोणीय मुकाबले में सबकी निगाह निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी पर है, जिन्होंने भाजपा-कांग्रेस दोनों की नींद उड़ा रखी है।

## छठवीं बार मुख्यमंत्री बनने में 'एंटी इनकंबेंसी' बन रही कठिन चुनौती



विधानसभा चुनाव में बीजू जनता दल (बीजेडी) के सामने लगातार छठी बार बहुमत हासिल करने की चुनौती है। अगर इस बार भी बीजेडी चुनाव जीतती है, तो राज्य के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक चार माह बाद सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पछाड़ कर सबसे लंबे समय तक सरकार चलने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे। इसके साथ ही लगातार छठी बार विधानसभा चुनाव जीतने का अनोखा रिकॉर्ड भी उनके नाम हो जाएगा। लेकिन पिछले पांच बार आसानी से चुनाव जीतने वाले नवीन पटनायक इस बार अपने राजनीतिक जीवन की सबसे कठिन चुनौती का सामना कर रहे हैं। 24 साल में पहली उन्हें और उनकी पार्टी बीजेडी को राज्य में 'एंटी इनकंबेंसी' से जूझना पड़ रहा है। हालांकि पटनायक की लोकप्रियता में खास कमी नहीं आई है, लेकिन लगातार सत्ता में रहने के कारण उनके विधायक और सांसद अपने क्षेत्रों में लोगों की आंकक्षाओं पर खरे नहीं उतरने के कारण और स्थानीय समस्याओं के चलते भरोसा और समर्थन खोते नजर आ रहे हैं।

- **विधान सभा चुनाव जीतने पर देश में सबसे लंबे समय तक सरकार चलाने के मामले में पहले नंबर पर आ जाएंगे नवीन पटनायक**

इस 'एंटी इनकंबेंसी' से निपटने के लिए बीजेडी ने चेहरे बदलने का खेल खेला है। लोकसभा और विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में भाजपा और कांग्रेस से आए नेताओं को बड़ी संख्या में मौका दिया है। बीजेडी के लोकसभा और विधान सभा प्रत्याशियों की सूची में एक तिहाई टिकट अन्य पार्टियों से आए नेताओं को दिए गए हैं। इसका परिणाम यह भी हो रहा है कि टिकट की आस लगाए बैठे बीजेडी के कई नेता टिकट न मिलने की नाराजगी में भाजपा में शामिल हो चुके हैं, तो कुछ बीजेडी नेता खुलेआम घोषित प्रत्याशियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं या निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतर गए हैं। इसका नुकसान भी पार्टी को हो सकता है।

### मोदी के विजन-2047 की तर्ज पर ओडिशा को 2036 में नंबर वन राज्य बनाने का वादा

- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को यूं ही राजनीति का बड़ा खिलाड़ी नहीं माना जाता है। इस बार के चुनाव में 'एंटी इनकंबेंसी' का फैक्टर भलीभांति समझते और भाजपा द्वारा 25 साल के कामकाज पर जारी चार्जशीट का मुकाबला करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विज़न 2047' की तर्ज पर 2036 तक ओडिशा को विकसित राज्य बनाने की कसम खाई है। अपने चुनावी अभियान की शुरूआत उन्होंने इसी दांव से की है। वह लोगों से कह रहे हैं कि बीजेडी को छठी बार मौका देने पर जब राज्य 2036 में अपने गठन के 100 साल पूरे करेगा तो देश में नंबर एक विकसित प्रदेश होगा। भाजपा के डबल इंजन सरकार के जवाब में वह मतदाताओं से बीजेडी के चुनाव निशान शंख को डबल आशीर्वाद, एक वोट लोकसभा और दूसरा विधानसभा चुनाव के लिए मांग रहे हैं। पटनायक हर चुनावी चाल सधे अंदाज में चल रहे हैं। 2019 में भाजपा ने पश्चिमी ओडिशा में कालाहांडी, बलांगीर, बारगढ़, संबलपुर व सुंदरगढ़ लोकसभा सीटें जीत ली थीं। भाजपा की फिर से पिछला प्रदर्शन दोहराने की संभावनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने हिन्जिली की परंपरागत सीट के साथ बलांगीर की कांटाबांजी विधानसभा क्षेत्र से भी उतरने का फैसला लिया है।

## सतना में त्रिकोणीय, रीवा में सीधे मुकाबले के आसार

**चुनाव डेस्क**

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, होशंगाबाद, रीवा और सतना में 26 अप्रैल को मतदान होना है। 2019 के चुनाव में यह सभी छह सीटें भाजपा ने जीती थीं। इन छह सीटों में सबसे रोचक मुकाबला सतना और रीवा में होता नजर आ रहा है। पहले चरण के चुनाव में कम मतदान होने के कारण इस चरण में चुनाव आयोग के साथ भाजपा और कांग्रेस ने भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास किए हैं।

भाजपा से सतना लोकसभा पर चार बार के सांसद गणेश सिंह चुनाव मैदान में है। उनके मुकाबला कांग्रेस के सतना से विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा मजबूती से कर रहे हैं। पिछले चुनावों में गणेश सिंह को इकलौता ओबीसी प्रत्याशी होने का भी लाभ मिलता था, लेकिन इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी भी ओबीसी है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी भी कहीं से कमजोर नहीं नजर आ रहे हैं। इस सीट पर कुल 14 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मजेदार बात यह है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा सांसद गणेश सिंह को सिद्धार्थ कुशवाहा ने 4041 मतों से हरा दिया था। ऐसे में इस बार दोनों प्रत्याशियों के बीच संघर्ष प्रतिष्ठा और बदले के साथ ओबीसी वर्ग में वर्चस्व से भी जुड़ गया है। लेकिन इस लड़ाई के समीकरण पांचवीं बार दल बदलकर बसपा से उतरे नारायण त्रिपाठी ने गड़बड़ा दिए हैं। मैहर विधानसभा से चार बार के विधायक रहे नारायण के कारण अब यहां संघर्ष त्रिकोणीय हो गया है। सतना सीट पर ठाकुर मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं।

- मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में छह लोकसभा सीटों पर आज मतदान
- सतना में चार बार के सांसद गणेश सिंह और कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा की जंग में पूर्व विधायक बसपा के नारायण त्रिपाठी बने तीसरा कोण
- रीवा में भाजपा-कांग्रेस के ब्राह्मण प्रत्याशियों में घमासान, भाजपा सासंद की जीत की हैट्रिक रोकने में कांग्रेस की पूर्व विधायक ने लगाई ताकत

### हैट्रिक के लिए लड़ रहे जनार्दन



रीवा लोकसभा सीट पर कांग्रेस और भाजपा दोनों के ब्राह्मण प्रत्याशियों के कारण मुकाबला दिलचस्प स्थिति में पहुंच गया है। भाजपा से मौजूदा सांसद जनार्दन मिश्र चुनाव लड़ रहे हैं। इस बार वह जीत की हैट्रिक लगाना चाहते हैं। कांग्रेस से उनका मुकाबला नीलम अभय मिश्रा कर रही हैं। नीलम मिश्रा ने 2013 में भाजपा प्रत्याशी के रूप में सेमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता था। वर्तमान में उनके पति अभय मिश्रा सेमरिया से विधायक हैं। बसपा के अभिषेक पटेल दो ब्राह्मणों की इस जंग में तीसरा कोण बनाने के लिए सजातीय और कैडर वोट को गोलबंद करने में लगे हैं। जानकारों का कहना है कि शुरू में इस सीट पर भाजपा का पलड़ा भारी नजर आ रहा था, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा कांग्रेस उम्मीदवार के कारण समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। अब भाजपा-कांग्रेस की सीधी टक्कर में मौजूदा सांसद को पीएम मोदी और सीएम मोहन यादव का ही सहारा है।

## अपनी ढपली अपना राग


वे कहते हैं कि हम संपत्तियों का सर्वे कराएंगे। मां बहनों के गहनों की जांच होगी। इससे देश का क्या हित होगा?
– पंकज चौधरी, केंद्रीय मंत्री


पूरी बारात तैयार है, केवल दूल्हे का इंतजार है। दूल्हा कोई भी हो हम तैयार हैं। 29 तारीख को दाबम दाब मचा देंगे।
– बृजभूषण शरण सिंह


भाजपा में कहीं न कहीं घबराहट है। अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर ये घबराहट और बढ़ रही है।
– डिंपल यादव


25 राजनीतिक दलों में सभी बड़ी-बड़ी पार्टी ने पैसा लिया। पूरे देश की इकलौती बसपा पार्टी है जिसने पैसा नहीं लिया।
– आकाश आनंद


हम मंदिर मस्जिद सब जगह जाते हैं। हर संस्कृति का सम्मान करते हैं। भगवान राम राजनीति का विषय नहीं हैं।
– पवन खेड़ा

# रायबरेली से प्रियंका और अमेठी से राहुल आ सकते हैं चुनाव मैदान में

### दोनों के चुनाव लड़ने पर आज होगा फैसला

### केरल की वायनाड सीट से भी राहुल हैं प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** इंडी गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चुनाव मैदान में उतरने के बाद अब रायबरेली से कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और अमेठी सीट से राहुल गांधी भी चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी की लोकसभा सीट वायनाड पर शुक्रवार को मतदान के बाद दोनों के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस के शीर्ष नेता अंतिम फैसला लेंगे। इस निर्णय के बाद दोनों सीटों के लिए अगले हफ्ते नामांकन दाखिल हो सकते हैं।



दरअसल, केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी प्रत्याशी हैं। 26 अप्रैल को मतदान के बाद राहुल गांधी 27 अप्रैल को अमेठी पहुंचकर नामांकन कर सकते हैं। हालांकि दिलचस्प यह है कि अमेठी क्षेत्र में कुछ स्थानो पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को भी उम्मीदवार बनाने की मांग करने वाले पोस्टर लगे हैं। लेकिन प्रियंका के सामने न आने पर वाड्रा के रायबरेली से लड़ने के संकेत हैं।



रॉबर्ट वाड्रा ने भी पिछले दिनों मीडिया से कहा था कि, पार्टी उन्हें मौका देगी तो वह जनसेवा के लिए आगे आएंगे।बहरहाल, सूत्रों का कहना है कि, कांग्रेस उप्र. में मिली हर सीट पर लड़ाई लड़ना चाहती है और इसीलिए पार्टी ने भाई-बहन को मैदान में उतारने का फैसला किया है। हालांकि, राहुल गांधी के लिए अपने पुराने गढ़ में जीत आसान नहीं होगी क्योंकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी इस निर्वाचन क्षेत्र में कई दिनों से व्यापक प्रचार कर रही हैं। बीते दिनों स्मृति ने अमेठी के प्रति राहुल गांधी की निष्ठा पर भी सवाल खड़े किए थे।

अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर 20 मई को लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में मतदान होगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच हुए सीट समझौते के अनुसार, कांग्रेस 17 सीटों पर और समाजवादी पार्टी शेष 63 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस अपने पारंपरिक गढ़ रायबरेली और अमेठी के अलावा वाराणसी, गाजियाबाद और कानपुर सीट पर भी चुनाव लड़ रही है।

# प्रत्याशियों की बेचैनी बढ़ा रही मतदाताओं की चुप्पी

एमपी गोस्वामी, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के लिए होने वाले चुनाव में एक तरफ भाजपा और इंडी गठबंधन प्रत्याशी में सीधी टक्कर दिख रही है तो वहीं बसपा प्रत्याशी रेस में काफी पीछे है। इन सब के बीच मतदाताओं की चुप्पी प्रत्याशियों को बेचैन किए है।

तीन बार से सांसद रहे जगदंबिका पाल को फिर भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गत दिनों शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में 5 वर्षों से क्षेत्र में काम न होने के कारण व आगजनी में समय से दमकल की गाड़ी न आने के कारण भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल और समर्थकों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा था। हालांकि बाद में भाजपा प्रत्याशी ने इसका खंडन करते हुए कहा कि यह विपक्षियों की चाल है।




वहीं, चुनावी हलचल के बीच इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी भाजपा प्रत्याशी को कड़ी टक्कर देते दिख रहे हैं। भीष्म शंकर इस भीषण गर्मी में भी लोगों के बीच में जाकर और पार्टी की नीतियां और उपलब्धियां बताकर अपनी जीत के लिए जोरआजमाइश करते दिख रहे हैं। जबकि बसपा प्रत्याशी ख्वाजा शमसुद्दीन चुनाव में ज्यादा जोर लगाते नहीं दिख रहे हैं।

स्थानीय राजनीतिज्ञों का कहना है कि अगर ब्राह्मण और मुस्लिम एक साथ आ जाएं तो उनके समर्थन वाले प्रत्याशी की जीत लगभग तय है, लेकिन अभी मतदाताओं का रुख स्पष्ट नहीं है, जिसकी वजह से प्रत्याशियों में बेचैनी है। यहां छठे चरण में 25 मई को चुनाव होना है और उस समय प्रचंड गर्मी पड़ेगी। ऐसे में मतदाताओं को मतदेय स्थल तक लाना प्रत्याशियों और संबंधी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी चुनौती होगी।

इसी बीच, अपना दल- एस के पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह अभी भी बसपा से टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इसको लेकर वह कई बार राजधानी लखनऊ का चक्कर भी लगा चुके हैं। जानकारों का मानना है कि बसपा का चुनाव प्रचार कमजोर होने का एक कारण यह भी है कि संभवतः चुनाव होने तक बसपा का प्रत्याशी ही बदला जा सकता है।

## चुनावी चक्कर


**● भावुक भीड़ को भी नहीं बख्शा चोरों ने :** टेलीविजन धारावाहिक रामायण में राम का किरदार निभा चुके अरुण गोविल इन दिनों उत्तर प्रदेश के मेरठ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में एक नयी भूमिका में हैं। हाल ही में इनके रोड शो के दौरान कुछ लोगों की जेब खाली होने यानी पैसे चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है और इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। दरअसल, 22 अप्रैल को अरुण गोविल का रोड शो था। इसमें सीता का किरादार निभाने वाली दीपिका चिखलिया और लक्ष्मण का रोल करने वाले सुनील लहरी भी थे। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे। जनता तो यहां राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर भावविभोर थे लेकिन चोरों का एक गैंग यहां कुछ और ही नीयत के साथ था। ऐसे में कई कार्यकर्ताओं के मोबाइल, पैसे और पर्स चोरी कर लिए। महिलाओं के भी पर्स चोरी हुए हैं। यहां तक कि दुकान छोड़कर तीनों को देखने गए एक मोबाइल दुकानदार के कीमती मोबाइल भी चोरी चले गए।

# 32 वर्षों से भाजपा का अभेद दुर्ग है लखनऊ

चुनाव डेस्क लखनऊ

**अमृत विचार:** 80 लोकसभा सीट वाले उत्तर प्रदेश में लखनऊ लोकसभा सीट देश की बेहद हाई प्रोफाइल सीटों में से एक है। लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संसदीय क्षेत्र रहा है और वह इस सीट से लगातार 5 बार सांसद चुने गए, इनके अलावा देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की बहन विजय लक्ष्मी पंडित भी यहां की सांसद चुनी जा चुकी हैं। विजय लक्ष्मी पंडित को लखनऊ सीट का पहला सांसद होने का गौरव प्राप्त है। लखनऊ सीट पर अभी भाजपा का कब्जा है और राजनाथ सिंह यहां से सांसद हैं, वह देश के रक्षा मंत्री भी हैं।

यूपी की राजधानी लखनऊ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की कर्मभूमि रही है। यहां अटल जी पांच बार सांसद चुने गए। यहीं से सांसद रहते हुए अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। इस सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर 1991 से अभी तक भाजपा के प्रत्याशी लगातार आठ बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा के इस दुर्ग को विपक्षी दल 32 वर्षों से नहीं भेद पाए हैं। साल 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी यहां से सांसद चुने गए। उन्होंने कांग्रेस के रंजीत सिंह को परास्त किया था।



1991 से पहले भी अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से दो बार (1957, 1962) चुनाव लड़े थे, लेकिन तब उनको जीत हासिल नहीं हुई थी।

### नहीं चला ग्लैमर

1991 के बाद 1996 में अटल बिहारी वाजपेयी एक बार फिर से लखनऊ से चुनाव लड़े। उस वक्त उनके सामने सपा के राज बब्बर मैदान में थे, लेकिन अटल जी के सामने बब्बर का ग्लैमर नहीं चला। यहां की जनता ने अटल जी को 52 फीसदी वोट देकर संसद भेजा। इसके बाद यह सिलसिला लगातार 2004 तक जारी रहा। तब तक कि अटल बिहारी वाजपेयी ने राजनीति से संन्यास नहीं ले लिया।

### लाल जी टंडन पर जताया भरोसा

2009 का लोकसभा चुनाव जब आया तब उस वक्त भाजपा इस बात लेकर काफी असमंजस में थी कि आखिर अटल जी की विरासत को कौन संभालेगा। इस मुश्किल वक्त में भाजपा और अटल बिहारी के बेहद खास रहे लाल जी टंडन पर भरोसा जताया था, 2009 में हुए लोकसभा चुनाव में लालजी टंडन ने उस वक्त कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब 41 हजार मतों से हराया।

### जीत का अंतर पांच गुना

2014 के चुनाव में भाजपा ने अपनी रणनीति में बदलाव कर लाल जी टंडन को प्रत्याशी न बनाकर तत्कालीन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह पर भरोसा दिखाया, अटल जी की इस सीट पर बीजेपी ने एक बार फिर से जीत हासिल की और इस बार जीत का अंतर भी पिछली बार से पांच गुना ज्यादा रहा। 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को करीब को 2,72,749 वोटों से हराया। साथ ही केंद्र की मोदी सरकार में गृह मंत्री बने।

### 2019 में राजनाथ को 55 प्रतिशत वोट मिले

लोकसभा चुनाव 2019 में बीजेपी ने राजनाथ सिंह को टिकट दिया था। राजनाथ सिंह ने सपा की पूनम शत्रुघ्न सिन्हा को 3,47,302 वोटों से हराया था। राजनाथ को करीब 55 प्रतिशत वोट मिले थे। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के आचार्य प्रमोद कृष्णम थे। जिन्हें 1,80,011 वोट मिले थे। यह चुनाव जीतने के बाद राजनाथ सिंह गृह मंत्री के बजाय देश के रक्षा मंत्री बनाए गए।


राजनाथ सिंह


रविदास मेहरोत्रा


सरवर मलिक

### इंडी गठबंधन के प्रत्याशी हैं रविदास मेहरोत्रा

भाजपा ने एक बार फिर से लगातार दो बार यहां से सांसद रहे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जीत का परचम फहराने की जिम्मेदारी दी है तो वहीं इंडी गठबंधन की तरफ से सपा के लोकसभा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा का राजनीति से पुराना नाता रहा है और कॉलेज के दिनों से ही वह राजनीति को लेकर काफी सक्रिय है यही नहीं वह कई मुद्दों व प्रकरणों को लेकर 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने के रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं।

### बसपा ने सरवर मलिक को उतारा है मैदान में

बहुजन समाज पार्टी ने लखनऊ सीट से सरवर मलिक को उम्मीदवार बनाया है। सरवर मालिक लखनऊ की उत्तरी सीट से 2022 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। हालांकि इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। बसपा ने लखनऊ सीट पर मुस्लिम दांव खेल दिया है। लखनऊ में ठीक-ठाक मुस्लिम आबादी होने के कारण मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।


### जातीय समीकरण

2011 की जनगणना के मुताबिक, लखनऊ जिले की आबादी 45.89 लाख है जिनमे पुरुषों की आबादी 23.94 लाख और महिलाओं की आबादी 21.95 लाख है 2011 की जनगणना के अनुसार लखनऊ की कुल आबादी की 71.1 प्रतिशत जनसंख्या हिन्दुओं की है। इसके बाद 26.36 प्रतिशत मुस्लिम हैं। इसके बाद बाकी अन्य हैं। अनुसूचित जाति की आबादी 14.3% हैं तो अनुसूचित जनजाति की 0.2%। इसी तरह ब्राह्मण, राजपूत वोटर भी मिलकर करीब 18 प्रतिशत हैं। ओबीसी मतदाता 28 फीसदी और मुस्लिम मतदाता करीब 18 फीसदी हैं।

### 2024 में ये करेंगे निर्णय

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 21,36,709 |
| पुरुष | - 11,29,926 |
| महिला | - 10,06,684 |
| अन्य | - 99 |


### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | 6,33,026 |
| पूनम सिन्हा | 2,85,724 |
| आचार्य प्रमोद कृष्णम | 1,80,011 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजनाथ सिंह | 5,61,106 |
| कांग्रेस | रीता बहुगुणा जोशी | 2,88,357 |
| बसपा | नकुल दुबे | 64,449 |
| सपा | अभिषेक मिश्रा | 56,771 |
| एएपी | सैयद जावेद अहमद जाफ़री | 41,429 |




### निर्वाचित सांसद


| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | विजया लक्ष्मी पंडित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1955 | श्योराजवती नेहरू | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | पुलिन बिहारी बनर्जी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | बीके धावन | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | आनंद नारायण मुल्ला | निर्दल |
| 1971 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हेमवती नंदन बहुगुणा | जनता पार्टी |
| 1980 व 84 | शीला कौल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | मांधाता सिंह | जनता दल |
| 1991,96,98,99 व 04 | अटल बिहारी वाजपेयी | भारतीय जनता पार्टी |

**2014 नोटा** 4,696

**2019 नोटा** 7,416

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | लाल जी टंडन | 2,04,028 |
| कांग्रेस | रीता बहुगुणा जोशी | 1,63,127 |
| बसपा | डॉ.अखिलेश दास गुप्ता | 1,33,610 |
| सपा | नफीसा अली सोढ़ी | 61,457 |




### इलेक्शन बायस्कोप


लोकतंत्र का उत्सव चल रहा हो तो पहनावा भी तनिक ऊर्जा भरने वाला होना चाहिए। कुछ इसी तर्ज पर आगरा में भाजपा की एक चुनावी रैली के दौरान जनसभा में आगे बैठीं महिलाएं भगवा रंग की पगड़ी पहनीं काफी उत्साहित नजर आयीं। अमृत विचार

## चौथे चरण के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारक घोषित

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस ने प्रदेश में चौथे चरण के चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारक घोषित कर दिये हैं। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया, अजय कुमार लल्लू, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदीप माथुर, विवेक बंसल, नसीमुद्दीन सिद्दीकी आदि नेता शामिल हैं।

# रणनीति के तहत बसपा कर रही मुख्य धारा में आने की जद्दोजहद

### त्रिकोणीय है हरदोई में चुनावी मुकाबला

### खेत, मेड़, नाली व पानी की लड़ाई का मुद्दा भी बड़ा

### दबंगई से परेशान गरीब मतदाता खोज रहे संरक्षण

### 2019 के सपा-बसपा गठबंधन में ही खिसक गया 70 प्रतिशत दलित मतदाता

पद्माकर पाण्डेय,लखनऊ

**अमृत विचार।** देश का भविष्य भले हो लोकसभा चुनाव के बाद केन्द्र में बनने वाली सरकार तय करे लेकिन, हरदोई का भविष्य यहां के मतदाता 13 मई को तय कर लेंगे। राजनीतिक समीकरण की बात करें तो हरदोई पासी बाहुल्य है और सुरक्षित सीट है। यहां भाजपा के जय प्रकाश रावत और सपा की ऊषा वर्मा में होने वाले मुकाबले को, बसपा ने एमएलसी भीमराव आंबेडकर ने त्रिकोणीय बना दिया है।

वैसे तो करीब 19 लाख 13 हजार 675 मतदाताओं वाली इस सीट के साथ-साथ पूरे हरदोई जिले में पूर्व मंत्री नरेश अग्रवाल का वर्चस्व माना जाता है। मगर इस बार एक बड़ा मतदाता वर्ग इस वर्चस्व के आकर्षण से अलग अपनी क्षेत्रीय मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपने संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। दरअसल, नरेश अग्रवाल भाजपा में हैं और उनके पुत्र नितिन अग्रवाल योगी सरकार में मंत्री हैं। ऐसे में योगी-मोदी की गारंटी


जय प्रकाश रावत


उषा वर्मा


भीमराव आंबेडकर

#### हरदोई लोकसभा सीट

को बल भाजपा प्रत्याशी के साथ होना स्वाभाविक है।

सैतियापुर गांव के पूर्व प्रधान अचल पाठक का तर्क है कि यहां मुद्दों की लड़ाई नहीं बल्कि मुफ्त राशन और छह हजार रुपये किसान निधि से लोग ज्यादा प्रभावित हैं। उनका कहना है कि मेरा सांडी विधानसभा क्षेत्र ब्राम्हण व ठाकुर बाहुल्य है, इसलिए भाजपा को हमेशा लाभ मिलता है। उनका दावा है कि यहां जो 30 प्रतिशत दलित मतदाता है, उनमें भी ज्यादातर की पहली पसंद अब भाजपा है। हरपालपुर अंतर्गत मलौथा गांव के निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद मिश्र का कहना है कि यहां खेत की मेड, नाली, सिंचाई के पानी की मुख्य लड़ाई है। इसके लिए गरीब व अनुसूचित मतदाताओं को क्षेत्रीय दबंगई से संरक्षण चाहिये। ऐसे में योगी सरकार में अनुसूचित मतदाताओं का रुझान सपा की अपेक्षा भाजपा में ज्यादा बढ़ा नजर आ रहा है। संभवतः यही वजह रही कि 2019 में सपा व बसपा गठबंधन के बावजूद भाजपा के जय प्रकाश ने जीत दर्ज की थी। हालांकि प्रशासन के मामले में तमाम लोग मायावती सरकार की याद करते हुए तारीफ करते मिलें। जैसापुर निवासी पृथ्वी राज का कहना है बसपा प्रमुख मायावती ही देश में इकलौती नेता है जो सर्व समाज को न्याय और सुरक्षा दिला सकती है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर को हरदोई का प्रतिनिधित्व दिया है, इसलिए जनमानस बसपा प्रत्याशी के साथ है।

इस बार भी भाजपा ने अपने सांसद जय प्रकाश पर ही दांव लगाया है, जबकि सपा-कांग्रेस गठबंधन ने तीन बार की सांसद और बीते चुनाव में दूसरे नंबर पर रहीं सपा की ऊषा वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर को उतारकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। इस सीट पर साल 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर चली थी, भाजपा के अंशुल वर्मा ने जीत तो दर्ज की थी। लेकिन, बसपा के शिव प्रसाद वर्मा ने पौने तीन लाख से ज्यादा वोट प्राप्त कर, सपा को तीसरे नंबर पर धकेलकर मुख्य प्रतिद्वंदी बनकर चौकाया था।

### ठाकुर- ब्राह्मण मतदाता हैं निर्णायक

जातिवार मतदाताओं को देखे तो हरदोई में अकेले अनुसूचित वोटर्स 35-40 प्रतिशत यानि लगभग आठ लाख हैं, इसके अलावा ओबीसी वर्ग के छह लाख मतदाताओं में अकेले कुर्मी मतदाता करीब तीन लाख हैं। ब्राम्हण और ठाकुर मतदाताओं की संख्या ढाई लाख है और एक लाख वैश्य मतदाता हैं। वहीं मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब तीन लाख है। पांच विधानसभा सीटों में शाहाबाद, गोपामऊ, हरदोई सदर व सांडी क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं को कमतर नहीं आंका जा सकता है। इनमें 18-23 प्रतिशत मुस्लिम मतदाताओं के एकजुट होने पर परिणाम बदल सकते हैं, मगर कोई मुस्लिम प्रत्याशी न होने की वजह से मुस्लिम मतदाताओं के रूझान पर कयास लगाना जबरिया होगा।

### जेपी रावत 17 तो उषा वर्मा 11 साल रहीं सांसद

साल 1991, 1996, 1999 और 2019 के लोकसभा चुनावों में विजय दर्ज कर करीब 17 साल जय प्रकाश रावत यहां सांसद रहे। इसके अलावा साल 1998, 2004 और 2009 के चुनावों में समाजवादी पार्टी की ऊषा वर्मा चुनाव जीतकर करीब 11 साल सांसद रहीं। साल 2014 में मोदी लहर में भाजपा के अंशुल वर्मा भी पांच साल सांसद रहे।

# 17,230 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट तैयार

## लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण : शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकॉप्टर की व्यवस्था
- 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों की होगी लाइव वेबकास्टिंग

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर मतदान के लिए 17,230 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 17331 बैलट यूनिट व 17,443 वीवीपैट तैयार किए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्धसैनिक बलों को दी गई है। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई है। हेलीकॉप्टर की लोकेशन 26 अप्रैल को अलीगढ़ में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन 26 अप्रैल को मेरठ में रहेगी। उन्होंने बताया कि 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (8,852) लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, जिसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 967 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। मतदान के लिए कुल 148 आदर्श मतदेय स्थल, 53 महिला प्रबंधित मतदेय स्थल, 35 युवा कर्मी मतदेय स्थल व 32 दिव्यांग प्रबंधित मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से वोटर इन्फार्मेशन स्लिप निर्वाचकों को वितरित कराई गई हैं। इसके माध्यम से उन्हें अपने वर्तमान मतदेय स्थल व क्रम संख्या की जानकारी हो सकेगी। कुल 1,66,20,359 मतदाताओं को वोटर स्लिप वितरित की गई है। इसके अलावा मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप व भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से भी अपने मतदेय स्थल की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### यहां दर्ज होंगी शिकायतें

मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबर 18001801950 पर कॉल करके दर्ज कराई जा सकती है। इसके अतिरिक्त सी-विजिल, एनजीएसपी-वीएचए पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

### 32,48,729 वोटर गाइड वितरित

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए 32,48,729 वोटर गाइड वितरित की गई है। कुल 10,94,701 मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित कराए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान की अवधि में सभी बीएलओ एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ हेल्पडेस्क पर उपस्थित रहेंगे व आने वाले मतदाताओं की सहायता करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों पर व्हील चेयर व जगह-जगह पर वॉलन्टियर की व्यवस्था की गई है।



प्रदेश निर्वाचन कार्यालय में दूसरे चरण के मतदान की तैयारी की जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

### पहचान पत्र के अलावा होंगे 12 विकल्प

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 पहचान विकल्पों जैसे- आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों-डाकघरों की ओर से जारी किये गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र व राज्य सरकार, लोक उपक्रम व पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों व विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड मान्य होंगे।

### सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कुल 1,67,77,198 मतदाताओं में 90,26,051 पुरुष मतदाता, 77,50,356 महिला मतदाता व 791 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) व सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा क्षेत्र में हैं। सबसे अधिक 15 प्रत्याशी गौतमबुद्धनगर व मथुरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में और सबसे कम छह प्रत्याशी बुलंदशहर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में है।

### 17,704 मतदेय स्थलों पर होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में कुल 17,704 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) व 7797 मतदान केंद्र हैं। इन मतदेय स्थलों में से 3472 संवदेनशील हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, आठ सामान्य प्रेक्षक, पांच पुलिस प्रेक्षक व 12 व्यय प्रेक्षक तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 1451 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 190 जोनल मजिस्ट्रेट, 222 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 1599 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 4213 भारी वाहन, 3251 हल्के वाहन व 79,338 मतदान कार्मिक लगाए गए हैं।

## एक नजर

### योगी ने हेमवती नंदन बहुगुणा को किया याद

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया। उन्होंने गुरुवार को योजना भवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य लाल जी निर्मल आदि मौजूद रहे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी बहुगुणा जी को विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनकी स्मृतियों को नमन लिखा।

### बसपा ने तीन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी ने गुरुवार को तीन प्रत्याशी घोषित कर दिये। इनमें रायबरेली से ठाकुर प्रसाद यादव को टिकट दिया गया है, जबकि अंबेडकरनगर से कमर हयात अंसारी व बहराइच से बृजेश कुमार सोनकर प्रत्याशी बनाये गये हैं।

### कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह के नामांकन की तैयारी पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा पूर्वी सीट पर उपचुनाव लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के साथ होगा। कांग्रेस ने मुकेश सिंह चौहान को प्रत्याशी बनाया है। यह सीट विपक्षी इंडी गठबंधन के घटक सपा ने कांग्रेस के हिस्से में छोड़ी है। मुकेश चौहान शुक्रवार को नामांकन करेंगे। पूर्वी विधानसभा सीट भाजपा के विधायक एवं प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन के निधन के बाद खाली हो गई है। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को होगा।

# छात्रवृत्ति से वंचित छात्र आज से दोबारा कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए तीन मई तक खुला रहेगा पोर्टल

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति के पोस्ट मैट्रिक्स (दशमोत्तर) छात्रवृत्ति से वंचित दो हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को राहत देने के लिए समाज कल्याण विभाग शुक्रवार से आठ दिन के लिए दोबारा पोर्टल खोलने जा रहा है। इससे वंचित छात्रों को दोबारा आवेदन करने का मौका मिलेगा।

बता दें कि कॉलेजों और विद्यालयों की गलती का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा था। पिछले शैक्षणिक सत्र में दो हजार से अधिक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे। विवरण का मिलान न होने के कारण छात्रवृत्ति की राशि उनके खातों में नहीं भेजी गई थी। जिससे छात्र-छात्राएं कॉलेजों और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काट रहे थे। समाज कल्याण विभाग इन छात्र-छात्राओं के लिए 26 अप्रैल से 3 मई तक दोबारा आवेदन करने के लिए पोर्टल खोलने जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि ऐसे छात्र-छात्राएं जिनका डीएलडी और पैरा मेडिकल कोर्स की परीक्षाओं का परिणाम नहीं आया है, वे भी इसमें आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के दौरान छात्र स्वयं भरे गए विवरण और विद्यालय-कॉलेज की ओर से भरे जाने वाले विवरण की सावधानी से जांच करा लें। जांच करने के बाद ही आवेदन को अग्रसारित कराएं। इस बार चूक हुई, तो उन्हें फिर मौका नहीं मिलेगा। वह छात्रवृत्ति से वंचित हो जाएंगे।

# निजी धरोहरें बनेंगी हेरिटेज होटल्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** अगले वर्ष प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचने वाले पर्यटकों को कुछ अलग अनुभव कराने के लिए उप्र. पर्यटन विभाग हेरिटेज होटल विकसित कर रहा है। इस कवायद के तहत पर्यटन विभाग महाकुंभ के पहले कई निजी धरोहरों को हेरिटेज होटल्स में विकसित करने की कार्य योजना पर काम कर रहा है। फिलहाल प्रयागराज जिले के सोरांव में सोरांव प्लांटर्स और ममफोर्ड गंज में शगुन निलयम की तरफ से उनकी धरोहर को हेरिटेज होटल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव आया है, जिस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। प्रस्ताव में शगुन निलयम के दस कमरे तो वहीं, सोरांव प्लांटर्स का 200 एकड़ का क्षेत्रफल हेरिटेज होटल के तौर पर विकसित करने पर कार्य चल रहा है। इस संबंध में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि दो धरोहरों को हेरिटेज होटल में तब्दील करने का प्रस्ताव आया है, जिस पर अंतिम स्वीकृति हो चुकी है।

# कांग्रेस के न्याय पत्र से घबराए मोदी

## प्रधानमंत्री के झूठ से ऊब चुकी है जनता : पवन खेड़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी के न्याय पत्र से घबरा गए हैं, तभी झूठा प्रोपेगैंडा फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा और प्रधानमंत्री के झूठ से ऊब चुकी है। 2024 में देश में इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। पवन खेड़ा गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



प्रेस कांफ्रेंस करते कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा। अमृत विचार

उन्होंने भाजपा व मोदी सरकार पर देश के युवाओं, किसानों, आम लोगों, अनुसूचित व पिछड़े वर्ग के साथ धोखेबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 400 सीटों के नारे के पीछे भाजपा की असली नीयत संविधान बदलने की है। लोग भाजपा के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि जनता को कांग्रेस के न्याय पत्र के पांच न्याय की 25 गारंटियों पर भरोसा है, इसीलिए मोदी की गारंटियां गायब हो गई हैं और पूरे देश में सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र की बात हो रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं के मंगलसूत्र की बात करते हैं लेकिन पूरे देश में जब महिलाओं पर अत्याचार हो रहा था तो भाजपा सरकारें बलात्कारियों को संरक्षण दे रही थीं। इस समय प्रधानमंत्री की कोई प्रतिक्रिया नहीं आ रही थी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, मीडिया कोऑर्डिनेटर चित्रा, गरिमा व मीडिया चेयरमैन यूपी कांग्रेस डॉ. सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सचिन रावत आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश के नामांकन पर शिवपाल ने भरा उत्साह तो अपर्णा ने किया कटाक्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कन्नौज की जीत को सपा के लिए कठिन बताया

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के कन्नौज से नामांकन किए जाने को लेकर चाचा शिवपाल यादव ने जहां पार्टीजनों को उत्साहित करने वाला संदेश दिया, वहीं भाजपा नेत्री बहू अपर्णा यादव ने कटाक्ष किया है।

लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को कन्नौज लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने से पहले ही अखिलेश यादव ने अपने सोशल साइट एक्स पर एक पुरानी तस्वीर भी साझा की। साझा तस्वीर के साथ अखिलेश यादव ने लिखा है कि, फिर इतिहास दोहराया जाएगा, अब नया भविष्य बनाया जाएगा। वहीं उनके चाचा शिवपाल यादव ने इस पर उन्हें उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया में लिखा, विजय भवः सर्वदा।

वहीं अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने पर मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव की भी प्रतिक्रिया सामने आयी। कन्नौज की जीत को सपा के लिए कठिन बताते हुए भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने मीडिया से कहा कि लोग भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताने का मन बना चुके हैं। अपर्णा ने कहा कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने बहुत सारी सीटों को सुरक्षित बनाया लेकिन उन सीटों पर भी भाजपा ने अपनी मेहनत से कमल खिलाया है। उन्होंने आगे कहा कि इंडी गठबंधन के लोगों ने तय किया है कि प्रधानमंत्री मोदी का मुकाबला करने के लिए इनके शीर्ष नेतृत्व को उतरना पड़ेगा।



मुख्य सूचना आयुक्त व पूर्व पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा को डीजीपी बैटन प्रदान करते पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार। अमृत विचार

### डीजीपी बैटन से नवाजे गए मुख्य सूचना आयुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्य सूचना आयुक्त एवं प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक राजकुमार विश्वकर्मा को गुरुवार को डीजीपी बैटन प्रदान किया गया। डीजीपी बैटन वर्तमान पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दिया। पुलिसिंग में अप्रतिम एवं अमूल्य योगदान के कारण डीजीपी बैटन प्रदान किया जाता है।

# 40 आश्रम पद्धति विद्यालयों में लगे सीसीटीवी, वृद्धाश्रमों में भी लगेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग ने 40 आश्रम पद्धति विद्यालय में सीसीटीवी लगवा दिए हैं। जबकि 54 आश्रम पद्धति विद्यालयों में माह के अंत तक सीसीटीवी लग जाएंगे।

विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालयों में शिक्षकों की कार्यशैली और उन पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी लगाने का निर्णय पिछले माह लिया था। प्रदेश के सभी 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों में सीसीटीवी लगने के बाद वृद्धाश्रमों में सीसीटीवी लगने का काम शुरू होगा। प्रदेश के 75 वृद्धा आश्रमों में सीसीटीवी लगाए जाएंगे। 75 वृद्धा आश्रम में लगभग साढ़े छह हजार बुजुर्ग हैं। सबसे अधिक बुजुर्ग अलीगढ़ में हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि विद्यालय और आश्रम में लगने वाले सीसीटीवी का कंट्रोल रूम निदेशालय में बनाया जाएगा।

# 20 करोड़ के ड्रग केमिकल सहित छह गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई में ड्रग्स बनाने वाले और सप्लाई करने वाले सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 25 ग्राम सिंथेटिक ड्रग और 20 किलो ड्रग बनाने वाला केमिकल बरामद हुआ है। इसकी अनुमानित कीमत 20.18 करोड़ बताई जा रही है। इसी प्रकरण पर विगत दिनों हुई कार्रवाई के दौरान कुछ आरोपियों के खिलाफ थाणे क्राइम ब्रांच ने मुकदमा भी दर्ज किया था।

गिरफ्तार आरोपियों में संदीप तिवारी बरसठी जौनपुर, ललित पाठक शिवपुर वाराणसी, अनिल जायसवाल नाला सोपाडा ईस्ट महाराष्ट्र, नीलेश पांडेय श्रीनाथजी नगर चलावापी गुजरात और विजय पाल बड़ागांव वाराणसी शामिल हैं। इसमे संदीप तिवारी और ललित पाठक के खिलाफ महाराष्ट्र में नारकोटिक्स एक्ट में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। वाराणसी एसटीएफ की ओर से कार्रवाई एवं सूचनाओं का संकलन किया जा रहा था। पहली कार्रवाई 16 मार्च को वाराणसी के सिंधौरा थाना क्षेत्र में की गई थी। इस बार आजमगढ़ के थाना बरहद क्षेत्र स्थित सुप्रिया मोबाइल शॉप के अंदर ड्रग्स निर्माण की सूचना मिली थी। इस दौरान थाणे क्राइम ब्रांच और एसटीएफ की टीम मौके पर पहुंची और वहां पर मौजूद सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा भी दर्ज कराया है। थाणे क्राइम ब्रांच भी अग्रिम कार्रवाई कर रही है।



मुंबई के थाणे क्राइम ब्रांच और यूपी एसटीएफ द्वारा पकड़े गए अभियुक्त। अमृत विचार

- आजमगढ़ में मोबाइल शॉप के अंदर तैयार किया जा रहा था ड्रग्स


## वर्ग पहेली-51

**बाएं से दाएं**

1. 1. जिसके सिर पर बहुत बाल हो, झोंटवाला 2. जटाधारी।
2. 1. किसी चीज़ के रगड़ जाने से या छिलने से बनने वाला चिह्न या निशान, खरोंच 2. ख़राश।
5. 1. दुकान में चीज़ें बेचने वाला व्यक्ति 2. दुकान का मालिक 3. व्यवहार में मोल-भाव करने वाला व्यक्ति।
6. 1. दुष्ट 2. ढीठ।
7. 1. फ़ारस की प्रसिद्ध लोककथा 'लैला-मजनूं' की नायिका और कैस (मजनूं) की प्रेमिका 2. प्रेयसी।
8. 1. भारत एक प्राचीन राजवंश 2. प्राचीन शैव संप्रदाय जिसके अनुयायी सिर पर शिव की मूर्ति रखा करते थे।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पास-पास उगे हुए कई पेड़ या झाड़ियां जिनकी डालियां आपस में मिली हुई हों 2. बहुत लोगों का समूह, गिरोह 3. चादर या किसी कपड़े से शरीर को पूरी तरह ढक लेने की क्रिया 4. बच्चों का एक खेल जिसमें वे घेरा बनाकर नाचते हैं।
3. 1. अंधकार में अथवा स्पष्ट दिखाई न देने पर किसी चीज़ के आकार-प्रकार
4. 1. जहां बिल्कुल भी प्रकाश न हो, अंधेरा, अंधियारा, तिमिर, तम 2. तामस, कलुष 3. निराशा, हताशा, अज्ञान। (मु.) -नज़र आना : कोई उपाय न सूझना, निराशापूर्ण हालात में फंसना। -दूर होना : ज्ञान या बुद्धि प्राप्त होना। 5. दूना, दो गुना।



### वर्ग पहेली -50 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 पू | ■ | 2 आ | ■ |
| ■ | 3 का | ■ | छ | ■ | धू | ■ |
| ■ | रों | ■ | 4 ता | 5 क | त | ■ |
| ■ | 6 छ | का | छ | क | ■ | 7 म |
| 8 मो | ■ | ■ | ■ | 9 ह | ड़ | हा |
| 10 ह | र | शे | ख | रा | ■ | श |
| नी | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | य |

## सुडोकू -130

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 5 | | | | |
| 6 | | | 4 | | | 9 | | |
| | 4 | | | | 3 | | | 8 |
| 9 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | 6 | | | 1 | 3 | | 5 |
| | | | 2 | | | | | 4 |
| 5 | | | 1 | 3 | | | 2 | |
| | 7 | 1 | | | 4 | | | 9 |
| | | | 5 | 9 | | 6 | | |

### सुडोकू -129 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 4 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 |
| 9 | 6 | 1 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 07.45 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष :** आज घर में अकेलापन और बोरियत महसूस होगी। गर्मी से बचकर रहें और पानी भरपूर पियें। दूसरों पर ज्यादा दबाव डालने से आपको बचना चाहिए। शाम को कहीं घूमने जा सकते हैं। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। ज्यादा भागदौड़ के कारण पैरो में दर्द हो सकता है।

**वृष :** आज वैवाहिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। रियल एस्टेट से आपको धन लाभ होगा। कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ होगा। आपके सभी काम समय पर पूर्ण होंगे। किसी बड़े प्रोजेक्ट्स पर आप धन निवेश कर सकते हैं।

**मिथुन :** आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पायेंगे। दोस्तों की मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे। अपनी कार्यशैली में बदलाव करने का प्रयास करेंगे। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है। ससुराल में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** आज परिवार के साथ सुखद समय बितायेंगे। आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे। अपनी सेहत का ध्यान रखें। आज आपको अपच की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में आप काफी सक्रिय रहेंगे। विद्यार्थियों की नए विषयों के अध्ययन में रुचि होगी।

**सिंह :** आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपके घर पर भी प्रभाव डाल सकता है। भरोसेमन्द लोग ही आपको धोखा दे सकते हैं। इसीलिए किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जाने का विचार बनायेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

**कन्या :** आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। पति-पत्नी के बीच आपसी संबंध मधुर रहने वाले हैं। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। नए मित्र बन सकते हैं।

**तुला :** आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहने वाली है। पड़ोसियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर चिन्तित रहेंगे। घर में रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**वृश्चिक :** आज आप अपने घर पर आराम करने की योजना बना सकते हैं। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यवसाय में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पैतृक सम्पत्ति प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा।


**धनु :** आज अति आत्मविश्वास के कारण आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है। गलत खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है। किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। विदेश में रह रहे लोगों को वीजा आदि को लेकर कुछ समस्या होगी।

**मकर :** आज कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। जरूरतमन्द लोगों की सेवा में मन लगायेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पायेंगे।

**कुंभ :** आज आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ायेंगे और किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। संतान को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। बहु प्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है।

**मीन :** आज बिना मांगे किसी को राय न दें। अधिकारी वर्ग के लोग आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे। पुराना लोन आज चुकाने की कोशिश करेंगे। आपका दृष्टिकोण काफी सकारात्मक रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 03.40 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | इंसान | सुबह : 11.50 |
| B4U Movies | पार्टनर | शाम : 05.57 |
| &pictures | कूगल कुट्टप्पा | सुबह : 11.14 |
| &pictures | साइना | रात : 08.00 |
| Sony Pix | द वॉटर हाउस | सुबह : 11.24 |
| Sony Pix | ज़ोम्बीलैंड | शाम : 06.26 |
| Zee Cinema | राम लखन | सुबह : 08.45 |
| Zee Cinema | तैश | रात : 08.45 |
| Colors Cineplex | सपने साजन के | सुबह : 11.00 |
| Colors Cineplex | देवदास | शाम : 05.58 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर पर रात :08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पिता- बेटा जरा अपना मोबाइल देना।
बेटा- 1 मिनट ऑन करके देता हूं।
वीडियो डिलीट...फोटोज डिलीट... मैसेजेस डिलीट लीजिए पापा ऑन हो गया..
पापा- रहने दो, मुझे तो बस टाइम बता दे।
पापा की बात सुनकर सन्न रह गया बेटा।

कल तुम्हें फांसी होगी... बताओ तुम्हारी अंतिम इच्छा क्या है?
कैदी- मैं तरबूज खाना चाहता हूं.
जेलर- लेकिन ये तरबूज का मौसम नहीं है।
कैदी- कोई बात नहीं
कैदी- कोई बात नहीं, मैं इंतजार कर लूंगा।

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 1000 फ्लैग– 1110 बोल्ड– 1150 डीएमओ– 900
**रामपुर :** शिवालिक–995 फ्लैग– 1105 डीएमओ–885 बोल्ड–1160

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74150 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55250–55450 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 82,300 |

## कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350–2500, आरआर21– 2550–2600, गेहूं फारम 2600–2700, जौ 2000 –2100, ज्वार 2000 –4000, बाजरा 2100–2150, मकाई 2200 –2400, चना 5800 –5900, अरहर 9000 –10000, मसूर 5500 –5600, मटर 3700 –4000, उड़दहरा 11000 –11800, उड़द काला 6000 –8000 मूंग 8500 –8800, अरहर फूल 15800–16000, अरहर स्पेशल 13800–14000, चना दाल 7150–7250, मटर दाल 4950–5050, मसूर मलका 7200–7250, मसूर दाल 7350–7400, उड़द दाल 9500– 13000, उड़द धोवा 10700– 13250, मूंग दाल 9500 –10500, मूंग धोवा 10000–11500, अरवा 2000–2300, बासमती न01. 8500 – 10000, सेला 2500 – 3000, बासमती न02. 6500 – 7500, आटा 1380–1430, मैदा1350–1400, सूजी 1410–1430, शाहपसंद 1325–1350, लाही 4900– 5000, अलसी 4500 –4600, अण्डी 4600 –4700, तिल्ली 11500– 12700, मूंगफली दाना शिवपुरी 9400– 10600, बटाली 9000 –10200, सेहुआं 4000 – 4500 सरसों कोल्हू 10700–10800, अलसी 9300–9400, अण्डी 12700– 12800, सोयाबीन 1530–1527, सरसों 2400–2450, अण्डी 1400–1450, बावर्ची 1510–1512, मयूर 1510–1512, पन्सेरा 3600–3650, मंगलौर लडडू 4300– 4400, देशी भेली 4100–4250, एम. 30. 4100–4250, खुर्जा 60000–60100, औरय्या 51300–51400

# भौगोलिक संकेत से सात और कृषि उत्पादों की पहचान हुई आसान

## बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती या बनारस की बर्फी को मिला जीआई टैग

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार:** बुंदेलखंड का कठिया गेहूं, जौनपुर की इमरती हो या बनारस की तिरंगी बर्फी, लाल भरुआ मिर्च, चिरई गांव का करौंदा, लाल पेड़ा व ठंडई की पहचान आसान हो गई है।

इन प्रसिद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्रों को भौगोलिक संकेत यानी जीआई से रजिस्ट्री मुख्यालय चेन्नई ने पंजीकृत किया है। ये उत्पाद जीआई टैग के लिए लंबे समय से प्रक्रिया में थे। जो पिछले माह कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए हैं। अब जीआई टैग लगाकर उत्पाद की बिक्री करने के लिए उपयोगकर्ता पंजीकृत किए जाएंगे। जिन्हें एक चिन्ह व कोड मिलेगा। इसी आधार पर उत्पाद की विशिष्ट पहचान यानी उत्पाद का स्थान और अधिकृत उपयोगकर्ता आदि की पूरी जानकारी होगी।

Geographical Indication of India Logo
अतुल्य भारत की अमूल्य निधि
Invaluable Treasures of Incredible India

- कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के सहयोग से पंजीकृत हुए सभी उत्पाद

**इन उत्पादों को ये मिला कोड**
बुंदेलखंड कठिया गेहूं 819, बनारस का लाल भरवा मिर्च 823 व इसी जिले का चिरई गांव करौंदा 833, लाल पेड़ा 853, ठंडई 1000, तिरंगी बर्फी 941, जौनपुर इमरती 999।

"पिछले माह सात और कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। अब संबंधित क्षेत्रों में जीआई टैग लेने के लिए उपयोगकर्ता का पंजीयन करा रहे हैं। इससे इनके प्रसिद्ध उत्पादों की पहचान होगी और कोई दूसरा इन नामों से बिक्री नहीं कर पाएगा।
**–डॉ. सुग्रीव शुक्ला,** उपनिदेशक, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय

**प्रदेश के 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत :** उत्तर प्रदेश में कुल 20 कृषि उत्पाद जीआई से पंजीकृत हुए हैं। इससे पहले पंजीकृत हुए 13 उत्पादों के 3035 उपयोगकर्ता बन चुके हैं और उत्पादन के साथ टैग लगाकर बिक्री की जा रही है। इनमें बनारस का लंगड़ा आम, प्रतापगढ़ ऑवला, आदमचीनी चावल, बनारस पान, रामनगर भांटा, मुज्जफरनगर गुड़ व हाथरस हींग है।

## वोडाफोन-आइडिया का राशि जुटाना कंपनी में जान फूंकने जैसा



**मुंबई।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का 18,000 करोड़ रुपये जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। बिड़ला ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) के सूचीबद्ध कार्यक्रम में कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5जी सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने हां में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।

# भारत के विकसित होने से खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या होगी कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आरबीआई मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत में उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की समस्या भविष्य में कम गंभीर होगी, क्योंकि विविध स्रोतों के साथ आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट खाद्य पदार्थों की कीमतों में अचानक बढ़ोतरी से निपटने में मदद कर सकती हैं।

भारत में घरेलू बजट में भोजन की हिस्सेदारी अधिक होने की बात पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि नीति के कृषि उत्पादकता बढ़ाने पर केंद्रित होने की जरूरत है, क्योंकि स्थिर कृषि कीमतें मुद्रास्फीति से परे वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित होगा, इस समस्या उच्च खाद्य मुद्रास्फीति की गंभीरता कई कारणों से कम होती जाएगी। विविध स्रोतों वाली आधुनिक आपूर्ति श्रृंखलाएं विशिष्ट वस्तुओं के दाम बढ़ने पर उनसे निपटने में मदद करेंगी। आंकड़ों के अनुसार, मार्च में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतें कम होना रहा। खाद्य पदार्थों की मुद्रास्फीति मार्च में 8.52 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 8.66 थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि मुद्रास्फीति 2024-25 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत और 2022-23 में 6.7 प्रतिशत थी।

# नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के नमूने ले रहा एफएसएसएआई : सीईओ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई ने गुरुवार को कहा कि वह नेस्ले के शिशु आहार सेरेलैक के भारत से नमूने ले रहा है। हाल ही में रिपोर्ट में दावा किया गया था कि कंपनी उत्पाद में अधिक चीनी डाल रही है।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने खाद्य सुदृढ़ीकरण पर एसोचैम के कार्यक्रम में कहा कि हम शिशु आहार के नमूने ले रहे हैं। प्रक्रिया पूरी होने में 15-20 दिन लगेंगे। एफएसएसएआई स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन वैधानिक निकाय है। स्विट्जरलैंड के गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) 'पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क' ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि नेस्ले ने भारत सहित कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु उत्पाद बेचे।

**नेस्ले इंडिया का चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 934 करोड़**
**नई दिल्ली।** दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी नेस्ले इंडिया का चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 934 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का वित्त वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही में शुद्ध मुनाफा 737 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन अवधि में परिचालन आय बढ़कर 5,267 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही में 4,830 करोड़ रुपये थी।

## भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 % बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत का सेवा निर्यात 2023 में 11.4 प्रतिशत बढ़कर 345 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि चीन का निर्यात 10.1 प्रतिशत घटकर 381 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की सेवा निर्यात वृद्धि में योगदान देने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, चिकित्सकीय और आतिथ्य हैं। यूएनसीटीएडी त्रैमासिक बुलेटिन में कहा गया, मौजूदा डॉलर मूल्य के संदर्भ में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ वैश्विक सेवा निर्यात 2023 में 7900 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

# एक लाख करोड़ डॉलर का वस्तु निर्यात पाने के लिए काम कर रहा मंत्रालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने बुनियादी ढांचे की जरूरतों, संभावित क्षेत्रों और संकुलों को चिह्नित करने के लिए काम शुरू किया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे देश को 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के वस्तु निर्यात लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव अनंत स्वरूप ने कहा कि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से अध्ययन करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने उद्योग मंडल सीआईआई के कार्यक्रम में कहा कि यदि देश 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के निर्यात का लक्ष्य बना रहा है, तो 1.5 लाख करोड़ डॉलर के आयात की संभावना है। ऐसे में 2.5 लाख करोड़ डॉलर के निर्यात और आयात को पूरा करने के लिए क्या हमारे पास पर्याप्त क्षमता है। जो अधिक महत्वपूर्ण है वह यह है कि एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात कहां से आने वाला है, वे कौन से क्षेत्र और संकुल हैं जहां से एक लाख करोड़ डॉलर का निर्यात होने वाला है।

**मजबूत अर्थव्यवस्था, मूल्य स्थिरता से वृद्धि को मिल रहा समर्थनः वित्त मंत्रालय**
**नई दिल्ली।** अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों के बीच मजबूत वृद्धि, मूल्य स्थिरता और बाहरी क्षेत्र के स्थिर दृष्टिकोण से भारत के आशाजनक आर्थिक प्रदर्शन को समर्थन मिलना जारी है। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में यह आकलन किया गया है। मंत्रालय ने मार्च महीने की आर्थिक समीक्षा रिपोर्ट में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक ने भारत के लिए चालू वित्त वर्ष का वृद्धि संबंधी नजरिया सकारात्मक रखा हुआ है और भारत सबसे तेजी से बढ़ रही प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है।



## एक नजर

### पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पति का अपनी पत्नी के स्त्रीधन पर कोई अधिकार नहीं होता और भले ही वह संकट के समय इसका उपयोग कर सकता है, लेकिन उसका नैतिक दायित्व है कि वह इसे लौटाए। कोर्ट ने महिला को उसका 25 लाख मूल्य के जेवर लौटाने के निर्देश भी उसके पति को दिया। महिला ने दावा किया था कि शादी के समय उसके परिवार ने 89 सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। उसके पिता ने पति को दो लाख का चेक भी दिया था। शादी की पहली रात पति ने उसके आभूषण ले लिए और सुरक्षित रखने के बहाने अपनी मां को दे दिए। पति और उसकी मां ने कर्ज चुकाने में उसके सारे जेवर का दुरुपयोग किया। कुटुम्ब अदालत ने 2011 में कहा था कि पति और उसकी मां ने महिला के आभूषण का दुरुपयोग किया और इसलिए वह इसकी भरपाई करें। केरल हाईकोर्ट ने कुटुम्ब अदालत के आदेश को रद करते हुए कहा कि महिला आभूषणों की हेराफेरी को साबित नहीं कर पाई। तब महिला ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने कहा कि स्त्रीधन पत्नी और पति की संयुक्त संपत्ति नहीं है और पति के पास इस पर अधिकार या प्रभुत्व का अधिकार नहीं है।

### धनखड़ ने दिलाई नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी। राज्यसभा सचिवालय ने बताया कि धनखड़ ने नवनिर्वाचित देवेंद्र प्रताप सिंह, तेजवीर सिंह और महेंद्र भट्ट को सदन की सदस्यता की शपथ दिलायी। नवनिर्वाचित सदस्यों को संसद भवन में सभापति के कक्ष में शपथ दिलायी गयी।

### बलिया में कार पलटने से चार की मौत

**बलिया।** उत्तर प्रदेश में बलिया जिले के फेफना क्षेत्र में एसयूवी के पलटने से उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि जिले चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के बढ़वलिया गांव के कमलेश यादव (36), राजू यादव (30), छोटू यादव (30), फेफना थाना क्षेत्र के तीखा निवासी रितेश गोंड (32) और गाजीपुर जिला के सत्येंद्र यादव (40) बुधवार देर रात टाटा सफारी कार लेकर फेफना से चितबड़ागांव जा रहे थे कि तभी फेफना–बक्सर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर निजी ढाबे के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई तथा खेत में पलट गई। वहीं कार सवार सतेन्द्र, राजू और कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों मृतकों व दो घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने घायलों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। मऊ ले जाते समय रास्ते में रीतेश की मौत हो गई। छोटू यादव को वाराणसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### स्कूल को मधुशाला बनाने वाला शिक्षक निलंबित

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में बीते रोज सराज के सोबली में शराब पीकर स्कूल पहुंचे जेबीटी अध्यापक के खिलाफ शिक्षा विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया है। जांच में सामने आया कि यह शिक्षक पहले भी नशे में धुत्त होकर स्कूल आता रहा है। जिस पर एसएमसी ने शिक्षक पर कार्रवाई की। शिक्षक ने इसके लिए माफी भी मांगी थी। प्राम्भिक शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि मामला सामने आने के बाद विभाग ने संबंधित शिक्षा खंड बगस्याड़ से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी थी।

### दुर्घटनावश गोली चलने से जवान की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से सुरक्षाबल के एक जवान की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दंतेवाड़ा–नारायणपुर जिले के सीमावर्ती इलाके में गश्त के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) दंतेवाड़ा के जवान जोगराज कर्मा की मौत हो गई तथा आरक्षक परसूराम अलामी घायल हो गए। दंतेवाड़ा के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हांदावाडा और हितावड़ा क्षेत्र में माओवादियों की सूचना पर बुधवार को दल को गश्त पर रवाना किया गया था।

# आबकारी घोटाले से संबंधित आय की मुख्य लाभार्थी आप : ईडी

## निदेशालय ने कोर्ट से कहा- केजरीवाल के जरिए किया गया धनशोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली की कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित उत्पन्न अपराध की आय की प्रमुख लाभार्थी है और उसने अपने राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन किया है।

ईडी ने दावा किया कि अब तक हुई जांच से पता चला है कि अपराध की आय का एक हिस्सा लगभग 45 करोड़ रुपये नकद का उपयोग 2022 में आप के गोवा विधानसभा चुनाव में किया गया था। कोर्ट में दायर ईडी के हलफनामे पर आप ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी झूठ बोलने वाली मशीन बन गई है। घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर उच्चतम न्यायालय में दायर हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि गोवा में आप के अभियान में शामिल विभिन्न व्यक्तियों के बयानों से पता चला है कि सर्वेक्षण कार्यकर्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक, विधानसभा प्रबंधक आदि के रूप में उनके द्वारा किए गए काम के लिए उन्हें नकद भुगतान किया गया था।

एजेंसी ने कहा कि आप ने अरविंद केजरीवाल के जरिए धनशोधन का अपराध किया है और इस प्रकार के अपराध पीएमएलए 2002 के धारा 70 के तहत आते हैं। धनशोधन रोकथाम कानून, 2002 की धारा 70 कंपनियों द्वारा किए गए अपराधों से संबंधित है। पार्टी जन प्रतिनिधित्व कानून 1951 की धारा 29-ए के तहत पंजीकृत राजनीतिक दल है। आप के राष्ट्रीय संयोजक और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर केजरीवाल चुनाव में इस्तेमाल होने वाले धन के लिए जिम्मेदार थे। न सिर्फ पार्टी के पीछे केजरीवाल का दिमाग है बल्कि प्रमुख गतिविधियों को भी वही नियंत्रित करते हैं।

**आबकारी नीति घोटाला**



**आरोप निर्धारण के विरूद्ध उच्च न्यायालय गए अरूण पिल्लै**
**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाले में आरोपी हैदराबाद के व्यापारी अरूण रामचंद्र पिल्लै ने गुरुवार को एक अधीनस्थ अदालत के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें सीबीआई की जांच पूरी होने तक बहस शुरू नहीं करने की उनकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने इस याचिका पर सीबीआई से उसका रूख जानना चाहा और इसे अगली सुनवाई के वास्ते तीन मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## संदेशखालि मामले में सीबीआई ने दर्ज की पहली प्राथमिकी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध पहला मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह मामला भूमि हड़पने का है जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं को प्रभावशाली लोगों से यौन उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। सीबीआई ने पांच आरोपियों और पीड़ितों की पहचान अब तक उजागर नहीं की है।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था और कहा था कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। सीबीआई ने शिकायत के लिए ईमेल आईडी जारी की थी, जिसमें बड़ी संख्या में शिकायतें मिलीं। एजेंसी ने आरोपों का पता लगाने और उन मामलों को दर्ज करने के लिए संदेशखालि में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके।

# पटना के होटल में लगी आग छह की मौत, दो लोग गंभीर

**पटना, एजेंसी**

बिहार की राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप होटल में गुरुवार को भीषण आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो की हालात गंभीर है।

पुलिस अधीक्षक (पटना सेंट्रल) चंद्र प्रकाश ने बताया कि अब तक छह लोगों की मौत हुई है, जिनमें तीन महिलाएं हैं। दो अन्य व्यक्तियों की हालत है जबकि बाकी घायल खतरे से बाहर हैं। एसपी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच के लिए विशेष टीम बुलाई गई है।

एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित बहुमंजिला इमारत से अग्निशमन कर्मियों द्वारा 20 से अधिक लोगों को बचाया गया है। अग्निशमन दस्ते ने आग पर काबू पा लिया है। अग्निशमन दस्ते का नेतृत्व कर रहे उपमहानिरीक्षक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने रसोई गैस सिलेंडर से आग लगने की बात बताई है पर आग कैसे लगी, इस बारे में पता नहीं लग पाया है। जांच के बाद ही कारण की जानकारी हो सकेगी। पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने पटना मेडिकल कालेज अस्पताल जाकर घायलों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को भर्ती घायलों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि सभी होटल और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में अग्निशमन की तैयारियों का ऑडिट कराने का आदेश दिया गया है।



- मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल
  जांच के लिए बुलाई गई विशेष टीम

# मुसलमानों को आरक्षण पर कर्नाटक के मुख्य सचिव को तलब करेगा एनसीबीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आयोग ने पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने पर सरकार के फैसले की आलोचना की
- इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है : आयोग अध्यक्ष

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को दिए आरक्षण पर राज्य के मुख्य सचिव को तलब करेगा। आयोग अध्यक्ष हंसराज अहीर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एनसीबीसी ने मुस्लिम समुदाय को पिछड़ी जाति की श्रेणी में डालने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह का वर्गीकरण सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को कमजोर करता है।

एनसीबीसी अध्यक्ष अहीर ने कहा कि कर्नाटक में मुस्लिम धर्म की जातियों को सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़ा वर्ग माना जा रहा है और उन्हें पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय (बी) के तहत अलग से सूचीबद्ध किया गया है। यह उन्हें संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के अनुसार शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और राज्य की सेवाओं में पदों और रिक्तियों पर आरक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। एनसीबीसी ने इस पर बल दिया कि वास्तव में मुस्लिम समुदाय में कुछ वर्ग ऐसे हैं जो वंचित हैं और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर हैं, लेकिन पूरे धर्म को पिछड़ा मानने से मुस्लिम समाज के भीतर विविधता और जटिलताओं की अनदेखी होती है। इस मामले पर राज्य सरकार से मिली प्रतिक्रिया संतोषजनक नहीं है और वह इस कदम पर स्पष्टीकरण देने के लिए कर्नाटक के मुख्य सचिव को बुलाएंगे।

कर्नाटक पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार मुस्लिम धर्म के भीतर सभी जातियों को पिछड़े वर्गों की राज्य सूची में श्रेणी द्वितीय(बी) के तहत सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आयोग ने पिछले साल शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ओबीसी के लिए कर्नाटक की आरक्षण नीति की समीक्षा की थी। सरकार स्थानीय निकाय चुनावों में मुस्लिमों सहित पिछड़े वर्गों को 32 प्रतिशत आरक्षण देता है, एनसीबीसी ने ऐसा दृष्टिकोण पर जोर दिया जो इन समुदायों में विविधता को ध्यान में रखे।

# अधिकारी बन एमएनसी की पूर्व निदेशक से 25 करोड़ ठगे

**मुंबई, एजेंसी**

- पीड़िता ने अपनी और अपने मां के शेयर बेचे, म्यूचअल फंड से राशि निकाली और गोल्ड लोन लेकर ठगों के बताए खाते में डाला

महाराष्ट्र में एमएनसी की पूर्व निदेशक से साइबर धोखेबाजों ने 25 करोड़ ठग लिए। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि मुंबई की महिला को धोखेबाजों ने पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर कहा कि धन शोधन के मामले में उसके खिलाफ जांच चल रही है। यह मामला हाल के समय में लोगों को निशाना बनाकर की गई सबसे बड़ी साइबर धोखाधड़ी में से एक है।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने जालसाजों को पैसे चुकाने के लिए अपनी और अपने मां के शेयर बेच दिए, म्यूचअल फंड में निवेश राशि निकाली और गोल्ड लोन भी लिया। यह घटनाक्रम छह फरवरी से शुरू होकर दो महीने के दौरान हुआ। पश्चिम मुंबई की शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताते हुए महिला से कहा कि उसके तीन नंबर बंद कर दिए जाएंगे। पीड़िता ने कारण पूछा तो बताया कि वह पुलिस से उनकी बात करा रहा है। दूसरे व्यक्ति ने पुलिस बनकर कहा उन्हें धन शोधन की शिकायत मिली और पीड़िता का मोबाइल नंबर व आधार कार्ड मामले से संबद्ध है। इसके बाद आरोपी ने दूसरे को कॉल ट्रांसफर की, जिसने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया और कहा कि अगर वह मामले से बाहर निकलना चाहती हैं तो उसे उनके बताये बैंक खाते में पैसे जमा कराने होंगे। जालसाजों ने पीड़िता के नाम पर चालू खाता भी खुलवाया और महिला से उसमें पैसे जमा कराए। पुलिस ने बताया कि महिला ने खाते में 25 करोड़ हस्तांतरित किए। पीड़िता ने मुंबई पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। साइबर थाने ने जांच शुरू की और 31 बैंक खाते फ्रीज कर दिए हैं।

# सट्टेबाजी एप पर आईपीएल प्रसारण में पुलिस ने तमन्ना को किया तलब

**मुंबई, एजेंसी**



महाराष्ट्र पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप्लिकेशन के सहायक एप पर आईपीएल मैच देखने के कथित प्रचार करने के संबंध में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को समन किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिनेत्री तमन्ना को 29 अप्रैल को साइबर प्रकोष्ठ के अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा गया है। फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच को देखने के लिए किए गए प्रचार के संबंध में तमन्ना को तलब किया गया है। अधिकारियों ने इस संबंध में दर्ज कराई गई शिकायत का हवाला देते हुए बताया कि 2023 में फेयरप्ले सट्टेबाजी एप पर कुछ आईपीएल मैचों का अवैध रूप से प्रसारण किया गया था।

## बिहार : पटना में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**पटना।** जिले के पुनपुन इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने जनता दल(यू) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। मसौढ़ी अनुमंडल के पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) कन्हैया सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान सौरव कुमार के रूप में की गई है। उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति मुनमुन कुमार घायल हो गए हैं। यह घटना गुरुवार की रात 12 बज कर 15 मिनट पर हुई जब सौरव, मुनमुन के साथ पुनपुन क्षेत्र के परसा बाजार में शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी हमलावर आये और उनपर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी।



## आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स
समय : शाम 7 : 30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (सीएसके) | 08 | 349 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 09 | 342 |

### पर्पल कैप


| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

# केकेआर के गेंदबाजों पर रहेंगी नजरें

**कोलकाता, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही पंजाब किंग्स के सामने शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों खासकर 30 लाख डॉलर में खरीदे गए मिचेल स्टार्क पर प्रदर्शन में सुधार का दबाव रहेगा। केकेआर दस अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है जबकि राजस्थान रॉयल्स 14 अंकों के साथ शीर्ष पर है। केकेआर को अब तक सफलता उसके शीर्षक्रम के बल्लेबाजों के दम पर मिली है।

पंजाब किंग्स के रूप में उसके सामने अब कमजोर प्रतिद्वंद्वी है जो शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा के बेहतरीन प्रदर्शन के बावजूद अच्छा नहीं खेल सकी है। प्लेआफ की दौड़ से पंजाब लगभग बाहर ही है। केकेआर के लिए शीर्षक्रम पर सुनील नारायण (176.54 की स्ट्राइक रेट से 286 रन) और फिल साल्ट (169.38 की औसत से 249 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया है। आंद्रे रसेल (184.52 की स्ट्राइक रेट से 155 रन) और कप्तान श्रेयस अय्यर (126 की स्ट्राइक रेट से 190 रन) ने भी रन बनाए हैं। रिंकू सिंह ने टूर्नामेंट में सात मैचों में 67 गेंदें ही खेली है और 160 के करीब रन बना लिए हैं।

• खराब फॉर्म से जूझ रही है पंजाब किंग्स, अब तक बल्लेबाजी के दम पर जीत रही है केकेआर की टीम

वहीं, दूसरी ओर स्टार्क 11.48 की इकॉनॉमी रेट से रन लुटा रहे हैं और उन्हें छह ही विकेट मिल सके हैं। उन्हें 24 करोड़ 75 लाख रूपये में खरीदा गया था और अब उन पर इस रकम के साथ न्याय करने का दबाव होगा। स्टार्क का भरोसा अपनी रफ्तार पर रहा है और वह धीमी गेंद डालने को तैयार नहीं है जिससे बल्लेबाज डैथ ओवरों में उन्हें आसानी से खेल पा रहे हैं।

अगर, पंजाब को जीत की राह पर लौटना है तो केकेआर की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाना होगा। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, रिली रोसोयू और बेयरस्टो फॉर्म में नहीं हैं। आशुतोष और शशांक के बल्ले से ही रन निकल रहे हैं। पंजाब खेमा उम्मीद कर रहा होगा कि शिखर धवन कंधे की चोट से उबरकर जल्दी वापसी करें।

# विशी सर नहीं होते तो आज यहां नहीं होता : गुकेश

**चेन्नई, एजेंसी**

• टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास
• साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को देंगे चुनौती

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुए गुरुवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते।

17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद कहा कि बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते। गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफ मुकाबले के बारे में उन्होंने कहा सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है। काफी अपेक्षाएं हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।



स्वदेश लौटने पर परिवार से मिलते डी गुकेश। • एजेंसी

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 7 | 5 | 2 | 10 | +1.206 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.386 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 | -0.227 |
| पंजाब | 8 | 2 | 6 | 4 | -0.292 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

## इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से हरफनमौला की भूमिका खतरे में : अक्षर

**नई दिल्ली।** बायें हाथ के बेहतरीन स्पिनर होने के साथ सक्षम बल्लेबाज अक्षर पटेल का मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ अक्षर ने 43 गेंद में 66 रन बनाए और कप्तान ऋषभ पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स को संकट से निकालकर चार विकेट पर 224 रन तक पहुंचाया। दिल्ली ने यह मैच चार रन से जीता। अक्षर ने कहा एक हरफनमौला होने के नाते मेरा मानना है कि इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम से हरफनमौलाओं की भूमिका खतरे में है। हर टीम इंपैक्ट खिलाड़ी के तौर पर विशुद्ध बल्लेबाज या गेंदबाज चाहती है। हरफनमौलाओं का इस्तेमाल नहीं हो रहा है।



# हैदराबाद के घर में जीती आरसीबी

## स्पिनरों के दम पर 35 रनों से मैच जीतकर बेंगलुरू ने बरकरार रखी प्लेऑफ की उम्मीद

**हैदराबाद, एजेंसी**

विराट (51), रजत पाटीदार (50) और कैमरन ग्रीन (37) की आतिशी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 41वें मैंच में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रनों हरा दिया है। इस जीत के साथ ही आरसीबी ने शीर्ष चार में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है।

207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (1) का विकेट गवां दिया। उसके बाद चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा 13 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। एडन मारक्रम (7), नितीश कुमार रेड्डी (13), हाइनरिक क्लासन (7), अब्दुल समद (10), भुवनेश्वर कुमार (13) रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद के बल्लेबाजों विकेट गिरने के बावजूद 10 रनों की औसत को बनाये रखा। लेकिन लगातार गिरते विकेटों के कारण वे आखिरी ओवरों में 10 रनों की औसत काम कामय नहीं रख सके। कप्तान पैट कमिंस ने 15 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 31 रन बनाए। शाहबाज अहमद 37 गेंदों में 40 रन और जयदेव उनादकट आठ रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और मुकाबला 35 रनों से हार गई। बेंगलुरु की ओर से कैमरन ग्रीन, स्वप्निल सिंह और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। यश दयाल और विल जैक्स ने एक-एक बल्लेबाज को किया आउट।

इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 207 रनों का लक्ष्य दिया था। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। विराट कोहली और फाफ डुप्लेसी की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। थंगारसु नटराजन ने डुप्लेसी को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। डुप्लेसी ने 12 गेंदों में 25 रनों की पारी खेली। सातवें ओवर में मयंक मार्कंडेय ने विल जैक्स (6) पर बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। 13वें ओवर में उनादकट ने रजत पाटीदार को आउट कर दिया। रजत ने 20 गेंदों में 50 रन बनाए। महिपाल लोमरोर (7), दिनेश कार्तिक (11) बनाकर आउट हुए। स्वप्निल सिंह नाबाद 12 रन और कैमरन ग्रीन ने 20 गेंदों में पांच चौकों की मदद से नाबाद 37 रन बनाए।



लीग मैचों में अब तक मिली दूसरी जीत का जश्न मनाते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाड़ी। • एजेंसी

**6** लगातार हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को हासिल हुई जीत, अंकतालिका में अंतिम पायदान पर है बेंगलुरू की टीम

**बेंगलुरु 206/7** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कैच समद बोल्ड उनादकट | 51 | 43 | 4/1 |
| डुप्लेसी कैच मारक्रम बोल्ड नटराजन | 25 | 12 | 3/1 |
| विल जैक्स बोल्ड मार्कंडेय | 6 | 9 | 0/0 |
| पाटीदार कैच समद बोल्ड उनादकट | 50 | 20 | 2/5 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 37 | 20 | 5/0 |
| लोमरोर कैच कमिंस बोल्ड उनादकट | 7 | 4 | 1/0 |
| दिनेश कार्तिक कैच समद बोल्ड कमिंस | 11 | 6 | 2/0 |
| स्वप्निल कैच अभिषेक बोल्ड नटराजन | 12 | 6 | 1/1 |

गेंदबाजी : अभिषेक 1-0-10-0, भुवनेश्वर 1-0-14-0, कमिंस 4-0-55-1, नटराजन 4-0-39-2, शाहबाज 3-0-14-0, मयंक 3-0-42-1, उनादकट 4-0-30-3

**हैदराबाद 171/8** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक कैच कार्तिक बोल्ड दयाल | 31 | 13 | 3/2 |
| ट्रैविस हेड कैच कर्ण बोल्ड जैक्स | 1 | 3 | 0/0 |
| एडन मारक्रम पगबाधा स्वप्निल | 7 | 8 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी बोल्ड कर्ण | 13 | 13 | 0/1 |
| क्लासन कैच ग्रीन बोल्ड स्वप्निल | 7 | 3 | 0/1 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 40 | 37 | 1/1 |
| अब्दुल समद कैच आउट कर्ण | 10 | 6 | 0/1 |
| कमिंस कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 31 | 15 | 1/3 |
| भुवनेश्वर कैच सिराज बोल्ड ग्रीन | 13 | 13 | 3/0 |
| जयदेव उनादकट नाबाद | 8 | 10 | 1/0 |

गेंदबाजी : सिराज 4-0-20-0, यश दयाल 3-0-18-1, स्वप्निल सिंह 3-0-40-2, कर्ण 4-0-29-2 फर्ग्युसन 2-0-28-0, कैमरन ग्रीन 2-0-12-2

## खेल डायरी

### एवर्टन से 2-0 से हार के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग खिताब जीतने की उम्मीद को लगा झटका

**लिवरपूल।** एवर्टन से 2-0 से हारने के बाद लिवरपूल की प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब जीतकर जर्गेन क्लोप को शानदार विदाई देने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। एवर्टन के लिए जाराड ब्रांथवेट और डोमिनिक कालवर्ट लिविन ने गोल दागे। हार के बाद क्लोप ने कहा मैं इस हार के लिए माफी ही मांग सकता हूं। हम बेहतर खेल सकते थे लेकिन नहीं खेले और यही वजह है कि हार गए। इस हार से लिवरपूल अब शीर्ष पर काबिज आर्सनल से तीन अंक पीछे दूसरे स्थान पर है। मौजूदा चैंपियन मैनचेस्टर सिटी उससे एक ही अंक पीछे है। वहीं एक अन्य मैच में मैनचेस्टर युनाइटेड ने शेफील्ड युनाइटेड को 4-2 से हराया। युनाइटेड अब तालिका में छठे स्थान पर है। बोर्नमाउथ ने वोल्व्स को 1-0 से मात दी।

### दिल्ली के गेंदबाज रसिख सलाम को फटकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज रसिख सलाम दर को गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में एक विकेट लेने के बाद आक्रामक जश्न मनाने के लिए फटकार लगाई गई है। बुधवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर खेला गया मैच दिल्ली ने चार रन से जीता। इस दौरान रसिख को आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2 .5 के लेवल एक के अपराध का दोषी पाया गया जो ऐसी भाषा के इस्तेमाल या हरकत या भाव भंगिमा से संबंधित है जिससे दूसरे खिलाड़ी को उकसाया जा सकता है।

### ओसाका मटुआ मैड्रिड ओपन के अगले दौर में

**मैड्रिड।** जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने विजयी वापसी करते हुए बेल्जियम के टेनिस खिलाड़ी ग्रीट मिन्नेन को हराकर मटुआ मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में दूसरे दौर में पहुंच गई है। अरांटेक्सा सांचेज स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मैच में पूर्व विश्व नंबर वन खिलाड़ी ओसाका ने 79 मिनट तक चले मुकाबले में बेल्जियम की ग्रीट को 6-4, 6-1 से हराया। उल्लेखनीय है कि ओसाका बेटी शाई को जन्म देने के कारण पिछले सत्र में नहीं खेल पायी थी।

### बिस्माह मारूफ ने क्रिकेट से लिया संन्यास



**कराची।** पाकिस्तान महिला टीम की पूर्व कप्तान बिस्माह मारूफ ने तत्काल प्रभाव से क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। मारूफ ने कहा मैंने उस खेल से संन्यास लेने का फैसला किया है जो मुझे सबसे अधिक पसंद है। यह चुनौतियों, जीत और अविस्मरणीय यादों से भरी एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। मैं अपने परिवार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं, जिन्होंने शुरू से लेकर अब तक मेरी क्रिकेट यात्रा में मेरा समर्थन किया है। उन्होंने कहा मैं मुझ पर विश्वास करने और मेरी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी धन्यवाद देना चाहती हूं।

### रिजवान और नियाजी टी-20 शृंखला से बाहर

**कराची।** चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और इरफान खान नियाजी न्यूजीलैंड के खिलाफ चल रही टी-20 शृंखला के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। पीसीबी ने कहा है कि उन्हें दोनों की रेडियोलॉजी रिपोर्ट्स मिली हैं और दोनों को टी-20 शृंखला से बाहर करने का फैसला किया है। नियाजी को उस मैच में किसी तरह की तकलीफ में नहीं देखा गया था, लेकिन पता चला है कि उनकी भी मांसपेशियों में खिंचाव है।

### विवाद सुलझाएं या फिर निलंबन झेले पाकिस्तान

**कराची।** अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने पाकिस्तान सरकार और खेल की कमान के लिए लड़ रहे दो महासंघों से गुरुवार तक विवाद सुलझाने या निलंबन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। पीएचएफ अधिकारी ने बताया कि एफआईएच ने साफ तौर पर कहा है विवाद सरकार की मदद से खत्म हो जाना चाहिए वरना पाकिस्तान को निलंबन का सामना करना पड़ सकता है।

## महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के पंजीकरण में बढ़ोतरी : एआईएफएफ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पिछले दो वर्षों में भारतीय फुटबॉल में महिला खिलाड़ियों के पंजीकरण में 138 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है जो इस खेल की लोकप्रियता में वृद्धि का संकेत है, साथ ही इससे पता चलता है कि फुटबॉल को पेशेवर रूप से चुनने वाली युवा महिला खिलाड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की केंद्रीय पंजीकरण प्रणाली (सीआरएस) के आंकड़ों के अनुसार मार्च 2024 तक भारत में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 27,936 हो चुकी है। वहीं जून 2022 में पंजीकृत महिला फुटबॉलरों की संख्या 11,724 थी। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि भारत में यह एक बहुत ही सकारात्मक चीज हुई है। हमारे फुटबॉल तंत्र में 16,212 महिला खिलाड़ियों का बढ़ना बहुत ही उत्साहजनक संकेत है।


# तीरंदाजी विश्व कप : रिकर्व पुरूष टीम फाइनल में

**शंघाई, एजेंसी**

भारत के तरूणदीप राय, धीरज बोम्मादेवरा और प्रवीण जाधव ने तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में पुरूषों के रिकर्व फाइनल में पहुंचकर पदक पक्का कर लिया। फाइनल में उनका सामना ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया से होगा। भारत ने महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम ने इटली को 5.1 से हराया। अब उसका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त दक्षिण कोरिया से होगा।

कोरियाई टीम में तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन, ली वू सियोक और किम जि डियोक हैं। कोरिया ने चीनी ताइपै के तान चिह चुन, लिन जिह सियांग और ताइ यू सुआन को 6.0 से हराया। कंपाउंड वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन प्रियांश और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति सुरेखा वेन्नम व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए। भारतीय पुरूष रिकर्व टीम को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उसने 15वीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया को 5.3 से मात दी। अगले मैच में स्पेन को 5.1 से हराया।

पहले दौर में बाय मिलने के बाद अगले मैच में भारतीयों ने दूसरे सेट में 3.1 की बढत बनाने के बाद मुकाबला गंवा दिया। बाद में विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने हमवतन अवनीत कौर को 143-142 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना एस्तोनिया की मीरी मार्शिया पास से होगा। भारत की मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति स्वामी को मैक्सिको की शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रिया बेसेरा ने 144-142 से हराया। 14वीं वरीयता प्राप्त प्रियांश ने तुर्की के बी अकाओग्लू को शूटआफ में मात दी। अब उनका सामना अमेरिका के निक कैपर्स से होगा।



• महिला कंपाउंड वर्ग में भी पदक पक्का, ज्योति और प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचीं

# राहुल बनाम संजू, हार्दिक का फॉर्म चिंता का सबब

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**टी20 विश्व कप**

जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान इस महीने के आखिर में किया जा सकता है लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब फॉर्म चिंता का सबब बना हुआ है जबकि दूसरे विकेटकीपर की जगह के लिये संजू सैमसन से केएल राहुल आगे चल रहे हैं।

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले विश्व कप के लिए टीम चुनते समय दुविधा अतिरिक्त गेंदबाज की भी होगी। यह देखना होगा कि तेज गेंदबाज आवेश खान को चुना जाता है या वेस्टइंडीज की धीमी पिचों को देखते हुए लेग स्पिनर रवि बिश्नोई या हरफनमौला अक्षर पटेल को। समझा जाता है कि कप्तान रोहित शर्मा चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर से मुलाकात कर सकते हैं। आईसीसी ने टीम चुनने के लिए एक मई की समय सीमा दी है। बीसीसीआई इस सप्ताह के आखिर में या अगले सप्ताह की शुरूआत में टीम का ऐलान कर सकता है।

केटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपनी जगह पक्की कर ली है। दूसरे विकेटकीपर के लिए केएल राहुल और संजू सैमसन के बीच मुकाबला है। गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव की जगह लगभग पक्की है। राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश, दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर अक्षर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर बिश्नोई के बीच मुकाबला है।



## युगांडा के खिलाड़ी सबसे बड़े मौके के लिए तैयार : रमजानी

**मुंबई।** बल्लेबाजी आल राउंडर अल्पेश रमजानी का मानना है कि युगांडा के आत्मविश्वास से भरे क्रिकेटर आगामी टी20 विश्व कप के दौरान जिंदगी के सबसे बड़े मौके का फायदा उठाने के लिये तैयार हैं। पिछले साल नवंबर में युगांडा ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्षेत्र के क्वालीफायर में शानदार प्रदर्शन करके नामीबिया के बाद दूसरे स्थान पर रहकर पहली दफा इस टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया। इस दौरान युगांडा ने मजबूत क्षेत्रीय टीम जिम्बाब्वे को भी पराजित किया।

रमजानी ने गुरुवार को वानखेडे स्टेडियम में मीडिया से कहा यह बहुत ही बड़ा अनुभव होने वाला है। लेकिन साथ ही यह जिंदगी का सबसे बड़ा मौका भी होगा जब आप ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेलोगे जिनकी तरह आप बनने की ख्वाहिश रखते हो। हमारे लिए यह बहुत ही बड़ा मौका है क्योंकि हम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ लीग में खेलने की तमन्ना रखते हैं, साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली और रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अभय शर्मा को राष्ट्रीय टीम का कोच नियुक्त करने से युगांडा के खिलाड़ियों काफी फायदा मिलेगा। टीम के लिए एक एशियाई कोच लाना शानदार होगा। उनका अनुभव हमारे लिए फायदेमंद होगा।



## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा द रूल का प्रोमो गाना रिलीज

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म 'पुष्पा द रूल' का प्रोमो गाना रिलीज हो गया है। फिल्म 'पुष्पा : द राइज' ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। पुष्पा : द रूल का प्रोमो गाना रिलीज कर दिया गया है। यह गाना देवी श्री प्रसाद उर्फ रॉकस्टार डीएसपी द्वारा कंपोज किया गया है। सोशल मीडिया पर निर्माताओं ने कैप्शन दिया, # पुष्पा 2 फर्स्टसिंगल पुष्पा पुष्पा 1 मई को 11 :07 बजे रिलीज होगा।



### मैं कौन हूं में नजर आएंगी काजल

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म मैं कौन हूं में काम करती नजर आएंगी। मृत्युंजय श्रीवास्तव निर्देशित फिल्म मैं कौन हूं की शूटिंग उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर, विंध्याचल और बस्ती में पूरी हो चुकी है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी और संजय पांडेय अहम किरदार में हैं। फिल्म निर्माता हैं देवांश इंटरप्राइज और सिनेमेटोग्राफर नित्यानंद त्रिपाठी (नीरज), वहीं नृत्य निर्देशन संजय कोर्बे और उधारी यादव ने किया है। मारधाड़ आरके श्री का है, वहीं संगीत एस कुमार ने दिया है। मैं कौन हूं में काजल राघवानी, आनंद चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय आदि होंगे।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# भारत से व्यापार शुरू करे पाकिस्तान उद्यमियों की शहबाज सरकार से मांग

## आर्थिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश के कारोबारियों ने कहा- अर्थव्यवस्था उभरेगी

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान पाकिस्तान कारोबारी नेताओं ने व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने के लिए भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने का आग्रह किया। नेताओं ने कहा कि इस कदम से नकदी संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। कराची के व्यापारिक समुदाय ने आर्थिक मुद्दों से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के दृढ़ संकल्प की सराहना की, लेकिन उन्हें अर्थव्यवस्था का कायापलट करने के लिए राजनीतिक स्थिरता लाने पर ध्यान केंद्रित करने की भी सलाह दी।

बता दें, प्रधानमंत्री अर्थव्यवस्था में सुधार के तरीके खोजने के लिए व्यापारिक समुदाय के साथ बैठक कर रहे थे। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ हाथ मिलाए हैं, जिनके अच्छे परिणाम सामने हैं। आइएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। मेरा सुझाव है कि आप कुछ और हाथ मिलाएं। बैठक समाप्त होने के बाद प्रधानमंत्री ने आर्थिक पुनरुद्धार के लिए सहयोगात्मक दृष्टिकोण का संकेत देते हुए, देश भर के हितधारकों के साथ जुड़ने का अपना संकल्प दोहराया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने वादा किया कि वो जल्द ही देश भर के व्यापारियों को इस्लामाबाद में आमंत्रित करेंगे और उनके साथ तब तक बैठेंगे जब तक कि सभी मुद्दे हल नहीं हो जाते। उद्यमी आरिफ हबीब ने कहा कि, मेरा सुझाव है कि आप कुछ और समझौते करें। उनमें से एक भारत के साथ व्यापार को लेकर है, जिससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में रह रहे (पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ के नेता इमरान खान) के साथ भी (हाथ मिलाना) करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें और मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। भारत के पांच अगस्त 2019 को संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध टूट गए। भारत के फैसले पर पाकिस्तान की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया दी गई जिसने राजनयिक संबंधों को कम कर दिया और भारतीय दूत को निष्कासित कर दिया। पाकिस्तान ने भारत के साथ सीधे व्यापार संबंध भी खत्म कर दिए। भारत ने पाकिस्तान को बार-बार कहा है कि जम्मू-कश्मीर देश का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

### अर्थव्यवस्था को फायदा देने के लिए भारत से मिलाओ हाथ



पाकिस्तान के व्यापारियों ने एक बार फिर भारत के साथ व्यापार को लेकर मांग की है, उन्होंने कहा है कि इससे हमारी अर्थव्यवस्था को काफी फायदा होगा। दूसरा आपको अदियाला जेल में बंद पीटीआई नेता इमरान खान के साथ भी संबंध सुधारने का प्रयास करना चाहिए। उस स्तर पर भी चीजों को ठीक करने का प्रयास करें। मुझे विश्वास है कि आप यह कर सकते हैं। पूंजी बाजार की दिग्गज कंपनी आरिफ हबीब समूह के प्रमुख आरिफ हबीब ने कहा, कार्यभार संभालने के बाद आपने कुछ समझौते किए हैं, जिनके अच्छे परिणाम आए हैं और आईएमएफ सौदे पर प्रगति उनमें से एक है। खबर में कहा गया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से भारत के साथ व्यापार वार्ता शुरू करने के लिए भी कहा।



## प्रशिक्षण के दौरान वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर में बड़ा हादसा हुआ है। भारतीय वायुसेना का एक टोही विमान पिथला गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना ने कहा कि किसी भी जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। आईएएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय वायु सेना का एक रिमोट संचालित विमान आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वायुसेना ने आगे कहा कि किसी भी कर्मी या संपत्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का निर्देश दिया गया है।

## यमन की जेल में 11 साल से हत्या के मामले में मौत की सजा काट रही बेटी से मिलने पहुंची भारतीय मां

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** यमन जेल में 11 सालों से बंद अपनी बेटी से मिलने भारत से उनकी मां मिलने पहुंची। दोनों बहुत देर तक एक दूसरे को गले से लगाकर रोते रहे। जेल में उपस्थित अन्य लोग भी उनको देख भावुक हो उठे, अपनी बेटी से मिलने के बाद मां ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उन्हें नहीं लगा था कि वह कभी उसे देख पाएंगी। बेटी हत्या के आरोप में यमन जेल में मौत की सजा काट रही है। बुधवार का दिन यमन जेल में 11 साल बाद एक मां-बेटी के मिलन का गवाह बना। यमन जेल में पिछले 11 साल से निमिषा प्रिया एक यमन नागरिक की हत्या के आरोप में सजा काट रही हैं। उनकी मां जो कि भारत में रहती हैं, वे कई सालों उससे मिलने के लिए प्रयास कर रहीं थी। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यमन जाने की अनुमति मांगी थी, ताकि वे अपनी बेटी की मौत की सजा माफ करवा सकें। अनुमति मिलने के बाद वह भारत से यमन गईं। उन्होंने अपनी बेटी से मिलने की अनुमित मांगी थी। अपनी बेटी से मिलकर जेल से लौटीं निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने एक वीडियो के जरिए अपनी भावना बयां करते हुए भारत और यमन सरकार को शुक्रिया भी कहा है। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी सरकार की दयालुता के कारण ठीक है। उन्होंने बताया कि जब वह जेल में गईं, तो उनकी बेटी उन्हें दूर से देखते ही दौड़ लगाकर आई, और गले लगा लिया। वह रोते-रोते मुझे मम्मी कहकर पुकार रही थी।

## मानवाधिकार उल्लंघन का अमेरिकी आरोप भारत ने किया खारिज

- विदेश मंत्रालय ने खंडन कर कहा- वास्तविकता से कोसों दूर है अमेरिकी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में मानवाधिकार उल्लंघन के कथित मामलों को लेकर अमेरिकी रिपोर्ट पूर्वाग्रह से ग्रसित है। विदेश मंत्रालय ने रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह रिपोर्ट भारत की सही तस्वीर पेश नहीं करती और वास्तविकता से कोसों दूर है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि भारत ऐसी रिपोर्ट को महत्व नहीं देता, जिसमें भारत की सटीक तस्वीर पेश नहीं की गई हो।

उन्होंने कहा कि सरकार की नजर में इसका कोई महत्व नहीं है। उन्होंने मीडिया से भी इस रिपोर्ट को महत्व न देने का आग्रह किया। बता दें कि अमेरिकी रिपोर्ट में मणिपुर में मई, 2023 में हुए जातीय संघर्ष के बाद मणिपुर में कथित मानवाधिकारों के हनन की घटनाओं का जिक्र किया गया है। इससे जुड़े एक सवाल पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा, यह रिपोर्ट बेहद पक्षपातपूर्ण है और भारत के बारे में खराब समझ को दिखाती है। गौरतलब है कि भारतीय समयानुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात जारी एक रिपोर्ट में भारत के प्रति अपने पूर्वाग्रह वाले रवैये को जारी रखते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने अपनी सालाना मानवाधिकार रिपोर्ट जारी की।

इसमें मणिपुर में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाया गया। विदेश विभाग ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मणिपुर की घटनाओं को शर्मनाक बताया है और मामले में कदम उठाने की बात कही है।

## एक नजर

### दिल्ली: पैसे के विवाद में युवक को आठवीं मंजिल से फेंका, मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली में पैसों के विवाद को लेकर एक व्यक्ति का अपहरण कर उसे इमारत की आठवीं मंजिल से फेंककर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी अहमद सलमान और धर्मेश मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त संजय भाटिया ने कहा, हमें पता चला कि पीड़ित चंदन ने मलिक से उच्च ब्याज पर 9 लाख रु. लिए थे, लेकिन वह वापस नहीं कर सका, जिसके कारण मलिक और उसके सहयोगी उस पर दबाव डाल रहे थे। नाराज आरोपियों ने मृतक चंदन को 20 अप्रैल को अगवा कर गुरुवार को बहुमंजिला इमारत से फेंक दिया, जिससे उसकी हत्या हो गई, पुलिस ने मामले दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### नाइजीरिया की एक जेल से 100 से अधिक कैदी फरार, 10 को पकड़ा

**अबुजा।** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा में रात भर हुई भारी बारिश के बाद एक जेल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जिसमें जगह बनाकर 100 से अधिक कैदी फरार हो गए। जेल अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां फरार कैदियों की तलाश में जुटी हुई हैं। जेल के प्रवक्ता एडमू दुजा के अनुसार, बुधवार रात कई घंटों तक हुई भारी बारिश जेल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जिसके परिणामस्वरूप कुल 118 कैदी फरार हो गए। दुजा ने कहा कि 10 कैदियों को फिर पकड़ लिया गया है और शेष कैदियों की तलाश जारी है।

### लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। एजेंसी ने पिछले साल मार्च में लंदन में भारतीय उच्चायोग पर हमले से संबंधित एक मामले में गुरुवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया। जारी बयान में कहा गया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। दरअसल, पिछले साल 22 मार्च लंदन में भारतीय उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। मामले में एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पिछले साल 19 और 22 मार्च को लंदन में हुई घटनाएं भारतीय मिशनों और उसके अधिकारियों पर हमला करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थीं। इसमें कहा गया कि मार्च 2023 में लंदन में हुए हमले खालिस्तानी समर्थक अलगाववादी अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस की गई कार्रवाई का बदला थे।

## हेल्थ सर्जरी के दौरान युवक की मौत, जांच का आदेश

**चेन्नई।** हेल्थ सर्जरी के दौरान पैदा हुई कथित जटिलताओं के कारण पुडुचेरी के एक युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई, जिसके बाद तमिलनाडु के स्वास्थ्य विभाग ने जांच का आदेश दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने गुरुवार को कहा है कि, मुथियालपेट निवासी 26 वर्षीय युवक का वजन 150 किलो था और उसे 21 अप्रैल को पम्माल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। युवक के पिता सेल्वानाथन ने बताया कि बेटे को मेटाबोलिक और बैरियेट्रिक सर्जरी के लिए ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। उन्होंने शिकायत में कहा कि सर्जरी शुरू होने के कुछ मिनट बाद शरीर में जटिलताएं पैदा होने के बाद दूसरे निजी अस्पताल भर्ती किया गया। जहां उकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखकर स्वास्थ्य विभाग ने जांच के आदेश दिए हैं।


## अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती के खिलाफ प्रस्ताव पर रूस का वीटो

- रूस के रवैय से बौखलाया अमेरिका, कहा सैटेलाइट ले जाने वाले हथियार विकसित कर रहा है रूस

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रूस ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में बाहरी अंतरिक्ष संधि के प्रस्ताव को वीटो लगाकर रोक दिया। इससे अमेरिका नाराज हो गया है। अमेरिका ने रूस पर आरोप लगाया है कि रूस सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियार को विकसित कर रहा है और इसी वजह से उन्होंने इस प्रस्ताव को वीटो किया।

बाहरी अंतरिक्ष संधि के तहत अंतरिक्ष में खतरनाक हथियारों जिनमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं, उनकी तैनाती पर रोक लगाने की तैयारी थी। हालांकि रूस के वीटो के कारण अमेरिका की यह मंशा पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने एक बयान में कहा कि 'जैसा कि हमने पहले भी नोटिस किया है, रूस, सैटेलाइट ले जाने वाले परमाणु हथियारों को विकसित कर रहा है। हमने सुना है कि राष्ट्रपति पुतिन ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों को तैनात करने की कोई योजना नहीं है। अगर ऐसा है तो रूस ने इस



प्रस्ताव के खिलाफ वीटो क्यों किया।' सुलिवन ने कहा कि 'अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से लाए गए प्रस्ताव से यह तय हो जाता कि अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती मौलिक दायित्वों के खिलाफ है। प्रस्ताव में सदस्य देशों से पृथ्वी की कक्षा में तैनात किए जा सकने वाले परमाणु हथियार न बनाने की भी मांग की गई थी। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि 'पृथ्वी की कक्षा में परमाणु हथियारों की तैनाती से संचार, वैज्ञानिक, मौसमी, कृषि, व्यवसायिक और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाओं के बाधित होने का खतरा है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को दिए बैलेस्टिक मिसाइल जैसे खतरनाक हथियार

**वाशिंगटन।** यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाकों में पहली बार लंबी दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया है। मंगलवार-बुधवार की रात ये हमले क्रीमिया में स्थित रूसी सेना की हवाई पट्टी और कुछ अन्य इलाकों पर किए गए। यह जानकारी एक अमेरिकी अधिकारी ने दी है। ये मिसाइल अमेरिका ने गुप्त रूप से यूक्रेन भेजी हैं।

इसके अतिरिक्त यूक्रेन ने रूस के लिपेस्क क्षेत्र में स्थित एक बड़ी स्टील फैक्ट्री पर ड्रोन हमला कर उसे नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से ही अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी तक मार करने वाले हथियार देने से परहेज किया है। इन मिसाइलों से रूस के आबादी वाले इलाकों में नुकसान होने और नाटो गठबंधन से सीधे टकराव का खतरा पैदा हो जाएगा।

## इनहेरिटेंस टैक्स... आइए जानें क्या है विरासत कर

*इनहेरिटेंस टैक्स पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान के बाद भाजपा हमलावर है, तो कांग्रेस बैकफुट पर है। आइए जानते हैं कि इनहेरिटेंस टैक्स या विरासत कर क्या है? क्या भारत में इसे लेकर कोई प्रावधान है, दुनिया में इसे लेकर क्या नियम हैं...*




### किन-किन देशों में कानून निरस्त हुआ

भारत के अलावा, मैक्सिको ने 1961, कनाडा ने 1972, ऑस्ट्रेलिया ने 1979, इजराइल ने 1980, न्यूजीलैंड ने 1992, स्लोवाक रिपब्लिक व स्वीडन ने 2004, ऑस्ट्रिया ने 2008 और चेक गणराज्य और नॉर्वे ने 2014 में इस कानून को खत्म किया।

### क्या है इनहेरिटेंस टैक्स

यह विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर लगने वाला कर है। यह टैक्स किसी व्यक्ति के निधन के बाद उसकी संपत्ति के बंटवारे पर लगता है। दुनियाभर के देशों में इसको लेकर अलग-अलग कानून और अलग-अलग टैक्स स्लैब हैं।

### भारत में क्या है इसका प्रावधान-

करीब चार दशक पहले भारत में भी इनहेरिटेंस टैक्स था। इसे संपत्ति शुल्क या 'डेथ टैक्स' के रूप में जाना जाता था।



यह कानून 1953 में राजस्व बढ़ाने और आर्थिक असमानता कम करने के लिए लाया गया था। हालांकि इसके लागू होने के बाद इसकी तीखी आलोचना हुई। परिवार के मुखिया की मौत होने पर कानूनी उत्तराधिकारी को संपत्ति हस्तांतरित होने पर यह टैक्स लगता था। चाहे वे बेटे-बेटियां हों या पोते-पोतियां। संपत्ति शुल्क अधिनियम 1953 के अनुसार विरासत में मिली संपत्ति अगर 20 लाख से ज्यादा होती थी, तब 85% कर देना पड़ता था। इसके तहत 1984 में 20 करोड़ का टैक्स कलेक्ट हुआ था। 1985 में राजीव गांधी ने इस कानून को खत्म कर दिया था।

### अमेरिका में क्या है प्रावधान

अमेरिका के 6 राज्यों न्यू जर्सी, पेन्सिल्वेनिया, आयोवा, केंटकी, मैरीलैंड और नेब्रास्का में इनहेरिटेंस टैक्स लगता है। हर राज्य में टैक्स की दरें और कानून अलग हैं। न्यूजर्सी में 11% से 16% तक टैक्स है। बाकी 5 राज्यों में 1% से 16% तक टैक्स है। हालांकि लगभग सभी जगह पति-पत्नी, बच्चों, माता-पिता, दादा-दादी, पोते-पोतियों को विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर टैक्स में छूट है।

### किन देशों में है यह टैक्स

फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, हंगरी, आइसलैंड, आयरलैंड, इटली, जापान, बेल्जियम (ब्रुसेल्स-राजधानी क्षेत्र), चिली, लिथुआनिया, लक्जम्बर्ग, नीदरलैंड्स, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड और तुर्की में भी इस तरह के टैक्स का प्रावधान है। इन देशों में विरासत के अलावा गिफ्ट में मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगता है।

### देश की सियासी पार्टियों की इस पर क्या है राय

टैक्स वापस लागू करने का विचार दो दशक में कई बार चर्चा में आया। पहली बार 2011 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने इस पर सुझाव दिया था। वर्ष 2014 में भाजपा सरकार में वित्त राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने इसे लागू करने की वकालत की। तब उन्होंने कहा था कि यह कर लगने से वंशवादी व्यवसायियों को मिलने वाले फायदे खत्म हो जाएंगे।

### 5 माह बाद खुला रास्ता




**लेह:** भारी बर्फबारी के बाद 21 नवंबर 2023 को बंद हुआ 428 किमी लंबा लेह-मनाली नेशनल हाईवे खुल गया है। इससे सड़क मार्ग से मनाली होकर लद्दाख जा सकेंगे। बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) ने रास्ता खोल दिया है। हाईवे पर 15 हजार से 17 हजार फीट ऊंचाई वाले बारालाचा, नाकी, लाचुंग, टेंगलेंग जैसे पास आते हैं, जहां बर्फ हटाना बेहद मुश्किल होता है। यहां 40 से 50 फीट तक बर्फ रहती है। अभी इसे सेना के लिए खोला गया है। पूरे मार्ग का निरीक्षण होने के बाद इसे पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। ● एजेंसी

## 19 हजार शिक्षक पात्र, 5 हजार नियुक्तियां संदिग्ध : आयोग

- प. बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने भर्ती रद होने के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट में दी सफाई

**कोलकाता, एजेंसी।**

पश्चिम बंगाल के हजारों स्कूल शिक्षकों के भविष्य पर तलवार लटक रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले के बाद 25,700 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति रद कर दीं हैं। हालांकि, पश्चिम बंगाल स्कूल शिक्षा आयोग ने हाईकोर्ट में कहा है कि केवल 5300 शिक्षकों की नियुक्तियां संदिग्ध हैं। आयोग ने कहा है कि 19,000 शिक्षकों की नियुक्तियां वैध होने की संभावना है। आयोग ने हाईकोर्ट को बताया कि 22 अप्रैल को पारित आदेश के बाद लगभग 19,000 शिक्षकों की भर्ती रद हो सकती है, लेकिन आयोग की तरफ से तय किए गए नियम और शर्तों के मुताबिक इन शिक्षकों की नियुक्तियां वैध हो सकती हैं।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के मुताबिक 2016 में हुई शिक्षकों की भर्तियों को रद्द किया जाना है। अदालत का आदेश बरकरार रहने की सूरत में 25,753 शिक्षकों को नौकरी से हाथ धोना पड़ सकता है। हाईकोर्ट ने अपने सख्त आदेश में कहा है कि अवैध नियुक्ति से लाभ पाने वाले शिक्षकों को अपने वेतन भी लौटाने होंगे। फिलहाल, पश्चिम बंगाल सरकार ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**विज्ञान** स्विट्जरलैंड-बेल्जियम के वैज्ञानिकों ने किया खुलासा, अंटार्कटिक में तीन चौथाई नुकसान की जताई संभावना

## कुछ सालों में सागर में समा जाएंगे लाखों उल्कापिंड

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** अंटार्कटिक की तेजी से पिघलती बर्फ वैज्ञानिकों समेत दुनिया को दोहरा झटका दे रही है। यह जानकारी आ रही है कि बर्फ में जमा उल्कापिंड पिघलती बर्फ में डूब रहे हैं। अगले कुछ वर्षों में लाखों उल्कापिंड बर्फ के साथ सागर में समा जाएंगे।

यह उल्कापिंड खगोलीय अध्ययन में बड़ी भूमिका निभाते आ रहे हैं। पृथ्वी पर लगभग 60 प्रतिशत उल्कापिंड अंटार्कटिका में पाए जाते हैं। ये उल्कापिंड पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और अन्य मूलभूत प्रश्नों के बारे में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। मगर अब अंटार्कटिका गर्म हो रहा है और इसकी बर्फ पिघल रही है।

बड़ी चिंता की बात है कि लगभग 5 हजार उल्कापिंड अब सालाना दर से नष्ट हो रहे हैं। इस सदी के अंत तक अंटार्कटिक उल्कापिंडों के तीन चौथाई संभावित नुकसान की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। अंटार्कटिक उल्कापिंडों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक बर्फ के नीचे गायब होने से पहले अधिक से अधिक उल्कापिंडों को एकत्र करने की योजना बना रहे हैं। इस योजना में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोग की जरूरत होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार सफेद बर्फ की चादर के ऊपर गहरे रंग के उल्काओं को ढूंढना आसान होता है।

स्विट्जरलैंड और बेल्जियम के वैज्ञानिकों के शोध से यह जानकारी सामने आई है। शोध में कहा गया है कि 2050 तक अंटार्कटिका में अनुमानित 300,000 से 800,000 उल्कापिंड नष्ट हो जायेंगे। पृथ्वी पर जीवन कैसे उत्पन्न हुआ और हमारे चंद्रमा का निर्माण कैसे हुआ। इस खोज में अंटार्कटिक के उल्कापिंडों की बड़ी भूमिका रही है।



अंटार्कटिका।

### अध्ययन में अंटार्कटिक की सबसे बड़ी भूमिका

अंटार्कटिक पृथ्वी का एकमात्र स्थान है, जो विभिन्न अध्ययनों में सहयोग करता है। पृथ्वी की प्रदूषण व शुद्धता का मापन अंटार्कटिक से होता हैं। समुद्र के तापमान व जलस्तर का अध्ययन में भी सहायक है। इनके अलावा बर्फ के ऊपर जमा उल्काओं की मदद से ग्रहों की उत्पत्ति का अध्ययन किया जाता है। यदि इस ध्रुव की बर्फ पिघल गई तो कई बड़े नुकसान हमे भुगतने होंगे।

## नौकरी गंवाने वाले शिक्षकों को अप्रैल का वेतन देंगी ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह राज्य सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों के 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को अप्रैल के वेतन का भुगतान करेगी, जिनकी नियुक्तियों को कलकत्ता हाईकोर्ट के एक आदेश में रद कर दिया है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है और फैसला आने तक शिक्षकों वेतन देने का निर्णय लिया गया है। बता दें, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और उससे सहायता प्राप्त विद्यालयों में, राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया के जरिए 25,753 शिक्षकों की नियुक्तियों को रद करने का आदेश दिया था।

## हजारों भारतीयों को रवांडा भेजने का फरमान

- अवैध तरीके से ब्रिटेन पहुंचे थे 5 हजार भारतीय

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन की संसद में रवांडा विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद शरणार्थियों की मुश्किलें बढ़ना शुरू हो गई है। पीएम ऋषि सुनक ने शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए कतार में लगे लगभग 5 हजार अवैध भारतीयों को अफ्रीका भेजने का फरमान जारी किया है।

इन्हें जून से अफ्रीकी देश रवांडा भेजा जाएगा। 5 हजार भारतीयों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो वैध रूप से ब्रिटेन आए थे और फिर शरणार्थी का दर्जा पाने के लिए आवेदन किया था। इनमें ऐसे भारतीय भी हैं जो 1 जनवरी, 2022 के बाद इंग्लिश चैनल पार कर अवैध रूप ब्रिटेन घुसे थे। फिलहाल, यूके के डिटेंशन सेंटरों में रह रहे इन भारतीयों पर अनिश्चित भविष्य का खतरा मंडरा रहा है। सुनक ने इन 5 हजार भारतीयों की शरणार्थी के दर्जे की अर्जी खारिज कर दी है। गौरतलब है कि, ब्रिटेन में शरणार्थी का दर्जा मांगने वाले 5 हजार भारतीयों में से 60 फीसदी की उम्र 18 से 29 साल है।

इनमें से 1200 ने ब्रिटेन में आने के लिए 2023 में जोखिम भरे इंग्लिश चैनल को नावों से पार किया था। इंग्लिश चैनल के मार्ग से अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचने वाले भारतीयों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। इस मार्ग से 2022 में 849 भारतीय अवैध रूप से ब्रिटेन में पहुंचे थे। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय के अनुसार 2024 में लगभग 2 हजार भारतीयों के इंग्लिश चैनल रूट से ब्रिटेन आने की आशंका है। बता दें, रवांडा में कभी भी ब्रिटेन का राज नहीं रहा, लेकिन 2009 में ये राष्ट्रमंडल में शामिल हुआ। रवांडा ब्रिटेन से सालाना 5 हजार करोड़ रुपये का ग्रांट लेता है

### शरणार्थी कभी भी नहीं लौट पाएंगे ब्रिटेन



रवांडा में पांच साल का एग्रीमेंट होगा। किसी आवेदक को शरणार्थी का दर्जा मिलने पर दो विकल्प होंगे। पहला आगे की जिंदगी रवांडा में ही गुजराना, दूसरा- किसी भी दूसरे देश में शरण मांगनी पड़ेगी। सुनक ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में कोई भी शरणार्थी ब्रिटेन लौट नहीं पाएगा। बता दें, हर शरणार्थी के लिए रवांडा को 63 लाख रुपये मिलेंगे। सभी देशों के शरणार्थियों के लिए 18,900 करोड़ मिलेंगे।